रांची एक्सप्रेस

61 साल से लगातार...

। जनपक्षीय पत्रकारिता।

देसी अंदाज नया मिजाज

# रांची एक्सप्रेस

1963 से लगातार आपकी सेवा में

epaper.theranchiexpress.com | वर्ष-02 | अंक-51 | कोलकाता, बुधवार 17 अप्रैल 2024, संवत् 2079 | पृष्ठ-12 | मूल्य 3 रु.

## नौंवा दिवस



### नौंवा स्वरूप सिद्धिदात्री

मां सिद्धिदात्री आपको जीवन में अद्भुत सिद्धि, क्षमता प्रदान करती हैं ताकि आप सब कुछ पूर्णता के साथ कर सकें। सिद्धि का क्या अर्थ है। सिद्धि, सम्पूर्णता का अर्थ है विचार आने से पूर्व ही काम का हो जाना। आपके विचारमात्र, से ही, बिना किसी कार्य किये आपकी इच्छा का पूर्ण हो जाना यही सिद्धि है।

**यूपीएससी का रिजल्ट जारी**

## लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव बने टॉपर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 में उत्तर प्रदेश के आदित्य श्रीवास्तव ने देश भर में टॉप किया है। यह उनका तीसरा प्रयास था। लखनऊ के रहने वाले यूपीएससी टॉपर आदित्य श्रीवास्तव वर्तमान में हैदराबाद में अंडर ट्रेनिंग हैं। यह उनका तीसरा प्रयास था। पहले अटेमप्ट में वे प्रीलिम्स तक नहीं पास कर पाए थे। इसके बाद यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2022 की परीक्षा में उनकी 136वीं रैंक आई थी। उन्हें आईपीएस सर्विसेज मिली थी। आईएएस बनने के लिए उन्होंने पढ़ाई जारी रखी और एक और अटेम्ट दिया। इस बार अपनी कड़ी मेहनत, लगन के दम पर उन्होंने आईएएस के लिए क्वालिफाई किया है। आदित्य के पिता अजय श्रीवास्तव सेंट्रल ऑडिट डिपार्टमेंट में एएओ के पद पर कार्यरत हैं जबकि एक छोटी बहन नई दिल्ली में सिविल परीक्षा की तैयारी कर रही है। आदित्य की मां आभा श्रीवास्तव गृहणि हैं। आदित्य का बचपन लखनऊ के मवैया इलाके में बीता और शुरुआती पढ़ाई सीएमएस अलीगंज में हुई। 12वीं पास करने के बाद आदित्य ने आईआईटी कानपुर से बीटेक किया और कुछ दिनों के लिए निजी कंपनियों में नौकरी भी की। अनिमेष प्रधान दूसरे, दोनुरु अनन्या रेड्डी तीसरे पर रही।



## भारतीय सेना हो रही ताकतवर, अब अमेरिका ने भी कबूला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत विश्व में लगातार अपनी धमक बना रहा है। इस बात को अब अमेरिका ने भी कबूल लिया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के शीर्ष खुफिया अधिकारी ने संसद को बताया कि भारतीय सेना लगातार अपनी ताकत बढ़ा रही है। चीन को पछाड़ने और रूसी उपकरणों पर निर्भरता कम करने के लिए भारत अपनी सेना को लगातार आधुनिक बना रहा है। अमेरिका में रक्षा खुफिया एजेंसी के निदेशक लेफ्टिनेंट



जनरल जेफरी क्रूस चीन का मुकाबला करने को लेकर संसद में चल रही बैठक के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने सदन में सशस्त्र सेवा समिति और खुफिया उपसमिति के सदस्यों को बताया कि पिछले वर्ष भारत ने जी-20 के आर्थिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर खुद को एक वैश्विक अगुआ के रूप में प्रदर्शित किया है और पूरे हिंद प्रशांत क्षेत्र में पीआरसी (पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना) की गतिविधि का मुकाबला करने के लिए खुद को सक्षम साबित किया है। उन्होंने कहा कि भारत ने प्रशिक्षण और रक्षा बिक्री के माध्यम से फिलीपीन जैसे क्षेत्रीय दक्षिण चीन सागर दावेदारों के साथ हिंद प्रशांत क्षेत्र में उन्नत साझेदारी की है। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस व जापान के साथ अपने सहयोग को और मजबूत किया है। क्रूस ने कहा, 2023 में भारत ने चीन से प्रतिस्पर्धा करने और रूसी उपकरणों पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए कई कदम उठाए।

# अयोध्या में आज रहेगी रामनवमी की 'धूम'

**● दोपहर में 12 बजे होगा रामलला का सूर्य तिलक ● स्वर्ण जड़ित पीली-गुलाबी पोशाक पहनेंगे रामलला**

**अयोध्या (एजेंसी)।** कल बुधवार को रामनवमी है। अयोध्या में इस मौके पर दोपहर 12 बजे रामलला का सूर्य तिलक होगा। इस दौरान अभिजीत मुहूर्त रहेगा। वाल्मीकि रामायण के मुताबिक त्रेतायुग में इसी समय श्रीराम का जन्म हुआ था। श्रीराम जन्म पर पूजा और व्रत करने की परंपरा है। पूजा के लिए करीब ढाई घंटे का एक ही मुहूर्त है, जो सुबह 11.05 बजे से दोपहर 1.35 बजे तक रहेगा। 1992 से रामलला के मुख्य पुजारी रहे सत्येंद्र दास और मौजूदा पुजारी पं. संतोष तिवारी से आसान पूजा विधि लिखवाई। इस विधि के मुताबिक आप घर में ही श्रीराम की पूजा कर सकते हैं। दोपहर 12 बजे जब रामलला का सूर्य तिलक होगा, उस समय केदार, गजकेसरी, पारिजात, अमला, शुभ, वाशि, सरल, काहल और रवियोग बनेंगे। इन 9 शुभ योग में रामलला का सूर्य



तिलक होगा। वाल्मीकि रामायण में लिखा है कि राम जन्म के समय सूर्य और शुक्र अपनी उच्च राशि में थे। चंद्रमा खुद की राशि में मौजूद थे। इस साल भी ऐसा ही हो रहा है। वाराणसी के प्रो. रामनारायण द्विवेदी और पुरी के डॉ. गणेश मिश्र के मुताबिक सितारों का ये संयोग देश के लिए शुभ संकेत है। अयोध्या में 17 अप्रैल को दोपहर 12 बजे जहां सूर्य तिलक से भगवान रामलला का जन्मोत्सव शुरू होगा। इस दिन रामलला स्वर्ण आभूषण और रत्न जड़ित पोशाक में अद्भुत दर्शन देंगे। उनकी रत्न जड़ित पोशाक दो रंगों में बनी है- पीली और गुलाबी। वस्त्रों पर स्वर्ण धागों से सिलाई-कढ़ाई की गई है। रामलला को मुकुट, कुंडल, हार, तिलक, बाजूबंद, हाथों के कड़े पहनाए जाएंगे। यानी रामलला के सिर से लेकर पैर के अंगूठे तक सोने और हीरे-पन्ने के आभूषण होंगे। सोने के तार वाला धनुष-बाण भी होगा। उनके मस्तक पर चंदन का लेप होगा, उनमें माणिक्य को पीसकर मिलाया जाएगा, ताकि रोशनी में प्रभु का मस्तक दमकता रहे। रामनवमी पर 20 घंटे तक रामलला के दर्शन होंगे। ब्रह्म मुहूर्त



में मंगला आरती के बाद यानी सुबह 3.30 बजे से रात 11 बजे तक दर्शन होंगे। दर्शन के बीच में ही रामलला का अभिषेक और श्रृंगार होगा।

# आप इतने भी भोले नहीं हैं कि आपको राहत दी जाए

**● बाबा रामदेव को फिर फटकार, सुप्रीम कोर्ट ने दिखाया आईना**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** योग गुरु बाबा रामदेव को सुप्रीम कोर्ट से फिर फटकार लगी। इस बार सहयोगी बालकृष्ण के साथ दोबारा माफी मांगने गए पतंजलि प्रमुख के 'एटीट्यूड' पर अदालत ने सवाल उठाए। शीर्ष न्यायालय का कहना है कि आपने तीन बार निर्देशों का उल्लंघन किया है। रामदेव और बालकृष्ण का कहना है कि वह सार्वजनिक रूप से माफी मांगने के लिए तैयार हैं। मंगलवार को शीर्ष अदालत में पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ जारी अवमानना केस पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई कर रहीं



जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस ए अमानुल्लाह की बेंच ने कहा कि उन्होंने योग के लिए काफी कुछ किया है। बेंच का कहना है, आपने योग के लिए जो किया है, उस पर हम आपका सम्मान करते हैं। इधर, रामदेव बाबा ने भी साफ किया है कि उनका मकसद सुप्रीम कोर्ट की गरिमा को कम करना नहीं था।

**यूपी से बंगाल तक 'लू' की मार**

# पारा पहुंचा '40' पार

## गर्म हवाओं और उमस की वजह से लोगों का हाल बेहाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अप्रैल का आधा महीना बीत चुका है और गर्मी धीरे-धीरे अपना विकराल रूप दिखा रही है। उत्तर भारत के मैदानी राज्यों में दिन में धूप खिली रहने की वजह से मौसम में गर्मी बढ़ने के आसार हैं। भारतीय मौसम विज्ञान (आईएमडी) के मुताबिक, सोमवार को बिहार के नौ जिलों में पारा 40 के पार पहुंच गया है। वहीं तटीय राज्यों जैसे कि पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, माहे और गुजरात में गर्म हवाओं के साथ उमस लोगों का बुरा हाल करने वाली है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार सुबह न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से दो डिग्री अधिक है। दिल्ली में सुबह



8.30 बजे आर्द्रता का स्तर 59 प्रतिशत दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिन के दौरान आंशिक रूप से बादल छाए रहने और हवाएं चलने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के मुताबिक, राजधानी दिल्ली में आज अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। बिहार के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी और लू की स्थिति के कारण सोमवार को राज्य के कम से कम नौ जिलों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस या इससे ऊपर पहुंच गया। बिहार के मुख्य सचिव ने अत्यधिक गर्मी एवं लू की स्थिति की समीक्षा के लिए आपातकालीन प्रबंधन समूह की बैठक आहूत की जिसमें जल संसाधन विभाग आदि के सचिव शामिल हुए।

# टीएमसी ने बंगाल को घुसपैठियों और गुंडों को पट्टे पर दे दिया है

**बालुरघाट रैली में बोले पीएम मोदी, ममता सरकार पर जमकर किए वार**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के बालुरघाट में पीएम मोदी ने ममता बनर्जी और टीएमसी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध से पूरा देश डरा हुआ है, क्योंकि टीएमसी ने पश्चिम बंगाल को घुसपैठियों और गुंडों को पट्टे पर दे दिया है। मोदी ने कहा- टीएमसी को लगता है कि दलित, आदिवासी और गरीबों अपनी मर्जी के मुताबिक घूमने की आजादी नहीं हैं। लेकिन यह चुनाव उन्हें बताएगा कि बाबा साहेब अंबेडकर के लोकतंत्र में दलित, वंचित लोग और आदिवासी टीएमसी के गुलाम नहीं हैं।



टीएमसी, जिसने आदिवासी महिलाओं को घुटनों पर ला दिया है, जल्द ही घुटनों पर आ जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि टीएमसी ने बंगाल में रामनवमी समारोह का फिर विरोध किया था, लेकिन सच्चाई की जीत हुई। कलकत्ता हाईकोर्ट ने हावड़ा में जुलूस निकालने की परमीशन दे दी है। मोदी ने कहा, टीएमसी को अब लग रहा है कि मोदी ने अब योजनाओं को हर गरीब के दरवाजे तक पहुंचाने की गारंटी दे दी है। मोदी की गारंटी से राज्य को लाभ मिलेगा, तो राज्य की जनता का विकास होगा और टीएमसी की दुकान बंद हो जाएगी, इसलिए झूठी खबरें फैला रहे।

**चुनावी बॉन्ड के बहाने राहुल का पीएम पर बड़ा हमला**

# कहा-कल मैंने इंटरव्यू में मोदी का चेहरा देखा, वो पूरी तरह डरा हुआ था

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव को लेकर रैलियों का दौर जारी है। इस क्रम में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और पार्टी सांसद राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड पहुंचे और यहां से उन्होंने बीजेपी और पीएम मोदी पर जमकर हमला बोला। आरएसएस और भारतीय जनता पार्टी संविधान को नष्ट करने और संविधान को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी भारत के केवल 5-6 लोगों पर ध्यान दे रहे हैं। ये सभी देश के अमीर कारोबारी हैं। पीएम मोदी का लक्ष्य असली मुद्दों से ध्यान भटकाने का है। इसलिए कभी-कभी आप उन्हें समुद्र के नीचे पूजा करते देखेंगे तो वे कहने लगते हैं कि वह भारत में ओलंपिक लाएंगे। दूसरी बार वह कहेंगे कि हम एक आदमी को चांद पर भेज रहे हैं। वह कभी भी महंगाई और बेरोजगारी की बात नहीं करते हैं। मुझे नहीं पता कि आपने उनका चेहरा, उनकी आंखें देखी हैं या नहीं, वह देश में सबसे बड़े घोटाले यानी कि इलेक्टोरल बॉन्ड का बचाव करने की कोशिश कर रहे थे।



# अब ऐसे हथियार चलेंगे जो अब तक नहीं चले

**इजरायल की युद्ध की तैयारी पर ईरान की धमकी**

**तेहरान (एजेंसी)।** इजरायल और ईरान के बीच हमलों का एक राउंड खत्म हो गया है। इजरायल पर आरोप है कि उसने सीरिया में ईरानी कौंसुलेट पर हमला किया था, जिसमें ईरान के टॉप जनरल समेत 12 लोग मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने बीते सप्ताह भीषण हमला इजरायल पर किया था। उसने करीब 300 मिसाइलों और ड्रोन्स से हमला किया था, जिसमें पहली बार इजरायल के सैन्य ठिकाने भी निशाने पर आए। अब कयास लग रहे हैं कि इजरायल की ओर से कभी भी ईरान पर अटैक हो सकता है। इस बदले की कार्रवाई के चर्चे हैं और इस बीच ईरान ने धमकी दी है कि यदि ऐसी हिमाकत इजरायल ने की तो फिर जवाब में ऐसे हथियार इस्तेमाल होंगे, जो अब तक नहीं किए गए। ईरान की इस धमकी को परमाणु हथियारों के इस्तेमाल से जोड़ा जा रहा है। ईरान ने कहा कि यदि इजरायल ने अटैक किया तो फिर हमारी कार्रवाई में सेकेंड भर की भी देर नहीं होगी। इजरायल के मिलिट्री चीफ हेरजी हलेवी ने कहा है कि हम बदला लेने के लिए अगले कदम पर विचार कर रहे हैं।



# सलमान के घर की 3 बार की रेकी, 5 राउंड फायरिंग

**● पुलिस ने घटना के बारे में सब कुछ बताया, आरोपी गिरफ्तार**

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉलीवुड ऐक्टर सलमान खान के मुंबई स्थित आवास के बाहर गोलीबारी करने के मामले में 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कच्छ-पश्चिम के उप महानिरीक्षक महेंद्र बागड़िया ने बताया कि ये दोनों बिहार के पश्चिम चंपारण के रहने वाले हैं। इनकी पहचान 24 वर्षीय विक्की गुप्ता और 21 वर्षीय सागर पाल के तौर पर हुई। इन्हें सोमवार देर रात गुजरात के कच्छ जिले के माता नो माध गांव से अरेस्ट किया गया। पुलिस ऑफीसर ने बताया कि इन्होंने तीन बार सलमान खान के घर की रेकी की और फिर घटना वाले दिन 5 गोलियां चलाईं। कच्छ-पश्चिम पुलिस के मुताबिक, मुंबई पुलिस से संदेश मिलने के बाद तुरंत कार्रवाई की।



# राहुल गांधी ही होंगे अमेठी सीट से उम्मीदवार!

**26 अप्रैल को वायनाड में वोटिंग होने के बाद कर सकते हैं नामांकन**

**लखनऊ (एजेंसी)।** सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कांग्रेस पार्टी पूरी दम खम से जुटी हुई है। पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को वोटिंग होनी है। कांग्रेस यूपी की 17 लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रही है। अब तक वाराणसी, सीतापुर, इलाहाबाद समेत कई सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है। अभी तक कांग्रेस का गढ़ मानी जाने वाली अमेठी और रायबरेली सीट पर उम्मीदवार की घोषणा नहीं कर पाई है। इन दोनों ही सीट पर उम्मीदवार कौन होगा, इसको लेकर सबकी निगाहें टिकी हुई है। वहीं कांग्रेस के सूत्रों की माने तो 27 अप्रैल को कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेठी से नामांकन कर सकते हैं। इस सीट पर 26 अप्रैल से 3 मई तक नामांकन होना है। दरअसल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। वायनाड समेत केरल की सभी 20 सीटों पर दूसरे चरण




यानी 26 अप्रैल को वोटिंग होनी है। कांग्रेस कैंडीडेट राहुल गांधी इस से इंडिया गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार होंगे। 2019 लोकसभा चुनाव में भी राहुल गांधी ने अमेठी के साथ साथ केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ा था। हालांकि राहुल गांधी अमेठी सीट से चुनाव हार गए थे, जबकि वायनाड सीट से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे। माना जा रहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस बार भी केरल की वायनाड सीट के साथ ही उत्तर प्रदेश की अमेठी सीट से भी चुनाव लड़ सकते हैं। अमेठी सीट से उम्मीदवारी को लेकर हो रही देरी के पीछे वायनाड सीट पर 26 अप्रैल को होने जा रही वोटिंग को भी माना जा रहा है। कांग्रेस का गढ़ होने के कारण अमेठी और रायबरेली सीट पर गांधी परिवार को ही निर्णय लेना है। सूत्रों की माने तो अमेठी से राहुल गांधी की चुनाव लड़ने जा रहे हैं। पार्टी नेताओं की भी यही मांग है। हालांकि वायनाड चुनाव में व्यस्त होने के कारण राहुल गांधी की सहमति नहीं मिल पा रही है। वायनाड सीट पर इस बार त्रिकोणीय मुकाबला है। वायनाड सीट पर 26 अप्रैल को वोटिंग होने के बाद राहुल गांधी 27 अप्रैल या उसके बाद किसी एक दिन अमेठी से नामांकन कर सकते हैं।

# बॉम्बे हाईकोर्ट का तंज, कहा-नींद का अधिकार बुनियादी मानवीय जरूरत

**● ईडी ने सीनियर सिटीजन से रात से सुबह तक पूछताछ की थी; एजेंसी को नोटिस**

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा है कि सोने का अधिकार एक बुनियादी मानवीय जरूरत है, जिसका उल्लंघन नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में आधी रात के बाद वरिष्ठ नागरिक से ईडी की पूछताछ पर यह टिप्पणी की है। जस्टिस रेवती मोहिते-डेरे और जस्टिस मंजूषा देशपांडे की बेंच ने 15 अप्रैल को कहा, अर्थली अवर्स (दिन में काम करने का वक्त) के दौरान बयान दर्ज किए जाने चाहिए, न कि रात में जब किसी व्यक्ति का मानसिक कौशल कमजोर हो सकता है। दरअसल, कोर्ट की यह टिप्पणी मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ मामले में आई, जिसमें याचिकाकर्ता ने एजेंसी के जरिए खुद की गिरफ्तारी को कोर्ट में चुनौती दी है। मनी लॉन्ड्रिंग के जुड़े मामले में 7 अगस्त 2023 में ईडी ने 64 साल के राम इसरानी को हिरासत में लिया था। रातभर कस्टडी में रखकर उससे पूछताछ की गई थी। इसके बाद 8 अगस्त को राम की गिरफ्तारी की गई थी। बेंच के सामने राम ने दावा किया ति उसकी गिरफ्तारी गलत है। मैंने जांच में एजेंसी का सहयोग किया।



# बंगाल सरकार ओडिशा में बस दुर्घटना के पीड़ितों को सहायता देगी: सीएम ममता बनर्जी

कोलकाता,एजेन्सी। की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को पड़ोसी राज्य ओडिशा में बस दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया और कहा कि उनकी सरकार दुर्घटना में प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने घोषणा की कि दुर्घटना में मारे गए पश्चिम बंगाल के लोगों के



परिजनों और घायलों को नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। सीएम ने यह भी कहा कि राज्य प्रशासन सहायता के लिए ओडिशा में दुर्घटनास्थल पर अधिकारी, सामग्री और एम्बुलेंस भेज रहा है। बनर्जी ने एक्स पर पोस्ट किया, पिछली रात ओडिशा के जाजपुर जिले में एक दुखद बस दुर्घटना में कई यात्रियों की मौत और घायल होने के बारे में जानकर दुख हुआ। ओडिशा के जाजपुर जिले में सोमवार शाम एक बस के पुल से गिर जाने से एक महिला सहित कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और लगभग 35 अन्य घायल हो गए। पश्चिम बंगाल प्रशासन शुरू से ही बचाव और सहायता मोड पर रहा है। बस हमारे राज्य के लिए जा रही थी और मृतकों में से कुछ और घायलों में से कुछ हमारे थे। बचाए गए यात्रियों को वापस लाने के लिए वाहन भेजे गए हैं, उन्होंने कहा, पूर्व मेदिनीपुर के मेरे प्रभावित भाइयों और बहनों के प्रति एकजुटता। बनर्जी ने यह भी कहा, मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज में बेड आरक्षित कर दिए गए हैं। मृतकों के परिजनों और घायलों को नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। बंगाल की मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य प्रशासन, पश्चिम मेदिनीपुर और पूर्व मेदिनीपुर जिले के अधिकारी राहत सहायता में पूरी तरह से शामिल हैं।

# प्रवर्तन निदेशालय ने निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया

कोलकाता,एजेन्सी।प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को कहा कि उसने मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत निलंबित टीएमसी नेता शाजहां शेख के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। एजेंसी ने कहा कि शिब प्रसाद हाजरा, सेख अलोमगीर और दीदार बोक्श मोल्ला को 12 अप्रैल को हिरासत में लिया गया था। संबंधित विकास में,



कोलकाता में एक विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने सोमवार को शेख को एक अन्य धन शोधन मामले में 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। शेख को ईडी ने 30 मार्च को एजेंसी के अधिकारियों पर भीड़ के हमले के मामले में गिरफ्तार किया था, जब वे कथित घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले के संबंध में 5 जनवरी को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना के संदेशखली में उसके परिसर की तलाशी लेने गए थे। राज्य में पीडीएस राशन वितरण में. शेख और उनके कथित सहयोगियों के खिलाफ नवीनतम मनी लॉन्ड्रिंग जांच पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा उनके खिलाफ धमकी देने, हत्या, हत्या के प्रयास, जबरन वसूली, जमीन हड़पने आदि के आरोप में दर्ज कई एफआईआर से उपजी है। शेख आदिवासियों/किसानों से अवैध रूप से हड़पी गई जमीनों पर मछली पालन चला रहा है और उसने अपनी फर्म एसके सबीना फिश सप्लायर के नाम पर हड़पी गई जमीनों से मछली/झींगा की बिक्री करके और साथ ही ईंट सहित कई अन्य व्यवसाय चलाकर अपराध की आय अर्जित की है। भट्टियां), ईडी ने दावा किया। संघीय एजेंसी ने आरोप लगाया कि इन आपराधिक अपराधों से उत्पन्न नकदी को मैग्नम एक्सपोर्ट आदि जैसी फर्मों और कंपनियों के माध्यम से सफेद किया गया है। इसमें कहा गया है कि शेख ने अपराध की उक्त आय से कई चल और अचल संपत्तियां अर्जित कीं। पिछले महीने ईडी ने शेख की 12.78 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी.

# मालदा में टीएमसी ने लक्ष्मीर भंडार भत्ते में बढ़ोतरी का जश्न मनाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए



**मालदा/कोलकाता,एजेन्सी।** तृणमूल कांग्रेस की महिला नेता सोमवार को चार स्थानों पर एकत्र हुई और लक्ष्मीर भंडार योजना के तहत प्रदान की जाने वाली मासिक वित्तीय सहायता में वृद्धि का जश्न मनाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए। जिले में दो लोकसभा सीटें हैं जहां 7 मई को चुनाव होंगे. अप्रैल से, सामान्य श्रेणी की महिलाओं के लिए मासिक सहायता 500 रुपये से बढ़कर 1,000 रुपये और एससी/एसटी महिलाओं के लिए 1,000 रुपये से बढ़कर 1,200 रुपये हो गई है। वह है हमने समारोह आयोजित करने के बारे में क्यों सोचा, की मंत्री सबीना येस्मिन ने कहा राज्य और एक तृणमूल विधायक, जिन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र मोथाबारी में इस तरह का आयोजन किया। महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग-बिरंगे पाउडर लगाए और मिठाइयां बांटीं। मोथाबारी में, लगभग 1,000 महिलाएं समारोह में शामिल हुई और बढ़ी हुई आर्थिक सहायता के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सराहना की। सहायता को दोगुना (500 रुपये से 1,000 रुपये) करने का निर्णय निश्चित रूप से हमें चुनाव में मदद करेगा। हम यहां मुख्यमंत्री को धन्यवाद देने आए हैं, योजना की लाभार्थी सुमिता मंडल ने कहा। उन्होंने कहा, उनके पति दिहाड़ी मजदूर हैं और प्रतिदिन लगभग 300 रुपये कमाते हैं। मोथाबारी की तरह गाजोल, इंग्लिशबाजार और रतुआ में भी जश्न मनाया गया।

# विवादित मुद्दे पर बीजेपी के दार्जिलिंग उम्मीदवार ने खोला मोर्चा

**दार्जीलिंग/कोलकाता,एजेन्सी।** भाजपा के निवर्तमान दार्जिलिंग सांसद राजू बिस्ता ने गोरखाओं की राज्य के दर्जे की लंबे समय से चली आ रही मांग की तुलना अयोध्या राम मंदिर के अभिषेक या जम्मू-कश्मीर में संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने से की है। बिस्ता ने कहा, हर समाधान में समय लगता है और केंद्र की भाजपा सरकार संविधान के दायरे में गोरखाओं की आकांक्षाओं को पूरा करेगी। व्यवसायी से नेता बने बिस्टा ने इंडिया टुडे को बताया कि दार्जिलिंग सीट से उनका दोबारा नामांकन एक सकारात्मक संकेत है, यह संकेत देते हुए कि भाजपा गोरखालैंड मुद्दे का स्थायी राजनीतिक समाधान लाने की इच्छुक है। जबकि भगवा खेमा 2009 से इस सीट पर जीतता आ रहा है, लेकिन उसने 2024 तक कभी भी अपना उम्मीदवार नहीं दोहराया। सरकार ने इस क्षेत्र में कड़ी मेहनत की है और कुछ सकारात्मक चर्चाएँ भी हुई हैं। किसी भी समस्या के समाधान में समय लगता है। राम मंदिर बनाने और अनुच्छेद 370 को हटाने में समय लगा। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि हमारे लोगों को 500 साल तक इंतजार करना होगा, बिस्टा ने कहा। मुझे एक उम्मीदवार के रूप में दोहराना उस दिशा में एक सकारात्मक संकेत है, और मुझे विश्वास है कि हम संविधान के ढांचे के भीतर इस मुद्दे को हल करेंगे। पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग, कर्सियांग और कलिम्पोंग की पहाड़ियों में रहने वाले गोरखा अपनी मूल भाषा के आधार पर एक अलग राज्य की मांग कर रहे हैं। 2019 के लोकसभा चुनावों में, भाजपा के घोषणापत्र में समस्या के %स्थायी राजनीतिक समाधान% का वादा किया गया था। बिस्टा ने अपना पहला चुनाव लड़ते हुए 413,000 से अधिक वोटों से सीट जीत ली। जबकि व्यापक जीत का श्रेय अक्सर 2017 में हिंसक गोरखालैंड आंदोलन की पृष्ठभूमि में गोरखा की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से नाराजगी को दिया जाता है, ऐसा कहा जा रहा है कि 2024 का चुनाव बिस्टा के लिए आसान नहीं होगा। हालाँकि, उन्हें अपनी जीत का



अंतर बढ़ने का भरोसा है। बिस्टा एक सांसद के रूप में अपने काम और %मोदी फैक्टर% दोनों पर भरोसा कर रहे हैं। उनके अनुसार, दार्जिलिंग में 50,000 करोड़ रुपये का बुनियादी ढांचा कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा, मैं दार्जिलिंग से 17वां सांसद हूं और गारंटी दे सकता हूं कि मैंने इस जगह के ऐसे अंदरूनी हिस्सों का दौरा किया है, जहां मुझसे पहले कोई नहीं गया था। गोरखा समुदाय के पूर्व संरक्षक और गोरखा जनमुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष बिमल गुरुंग बिस्टा का समर्थन कर रहे हैं। हालाँकि गुरुंग को अब पहाड़ियों के लोगों पर अपना पुराना प्रभाव पसंद नहीं है, लेकिन वह बिस्टा के पक्ष में वोटों का कुछ एकीकरण सुनिश्चित कर सकते हैं। यह पूछे जाने पर कि जब भाजपा एक दशक तक सत्ता में रहने के बावजूद अपना गोरखालैंड वादा पूरा नहीं कर पाई है तो वह बिस्टा का समर्थन क्यों कर रहे हैं, गुरुंग ने कहा कि बिस्टा अधिक समय के हकदार हैं। 2009 में, जसवंत सिंह [दार्जिलिंग से] चुने गए थे। वह अस्वस्थ थे और ज्यादा कुछ नहीं कर सके। हमने 2014 में एस.एस. अहलूवालिया को चुना और उन्होंने हमें विफल कर दिया; निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुछ नहीं किया. राजू 2019 में चुने गए और उसके बाद कोविड महामारी फैल गई। व्यावहारिक रूप से उन्हें केवल दो साल ही मिले और उसके बाद भी वे संसद में हमारी आवाज बने रहे। वह कुछ और समय का हकदार है, गुरुंग ने इंडिया टुडे को बताया। गुरुंग ने विश्वास जताया कि अगले कुछ वर्षों में, भाजपा दो गोरखा मांगों में से किसी एक को पूरा करेगी-एक अलग गोरखा राज्य या 11 गोरखा समुदायों के लिए अनुसूचित जाति का टैग। मैं इस समय ग्राउंड ज़ीरो पर हूं। मैं उन्हें (राजू को) इनमें से कोई एक मांग पूरी करने के लिए बाध्य करूंगा। बिस्ता के प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार टीएमसी के गोपाल लामा, कांग्रेस के मुनीश तमांग और निर्दलीय बिष्णु प्रसाद शर्मा हैं, जो दिलचस्प बात यह है कि कर्सियांग से भाजपा के विधायक हैं। अपनी ही पार्टी के उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ने के पीछे उनका तर्क यह है कि बिस्टा दार्जिलिंग के मूल निवासी नहीं हैं, बल्कि मणिपुर के रहने वाले हैं।

लोकसभा चुनाव:

# सीधी दिल्ली ट्रेन ने भारतीय जनता पार्टी के प्रचार अभियान में चार चांद लगा दिए



**कोलकाता,एजेन्सी।** बालुरघाट के भाजपा सांसद सुकांत मजूमदार, जिन्हें पार्टी ने दूसरी बार इस सीट से मैदान में उतारा है, सोमवार दोपहर पार्टी समर्थकों के एक समूह के साथ बालुरघाट रेलवे स्टेशन पहुंचे, जब फरक्का एक्सप्रेस पहली बार दिल्ली के रास्ते पंजाब के भटिंडा के लिए रवाना हुई। शाम 5 बजे जैसे ही ट्रेन स्टेशन से बाहर निकली, मजूमदार और उनके सहयोगियों ने यात्रियों पर फूल छिड़के और उनका स्वागत किया। रविवार को, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे अधिकारियों ने घोषणा की थी कि आज से, दक्षिण दिनाजपुर जिले के निवासी राष्ट्रीय राजधानी को जोड़ने वाली सीधी ट्रेन का लाभ उठा सकते हैं। यह जिले की लंबे समय से चली आ रही मांग थी। हम आज उन यात्रियों का स्वागत करने के लिए स्टेशन गए, जिन्होंने दिल्ली के लिए ट्रेन पकड़ी थी। इससे जिले के साथ-साथ पड़ोसी मालदा जिले के लोगों को भी काफी फायदा होगा, मजूमदार ने कहा। अभी तक ट्रेन मालदा टाउन से भटिंडा के बीच चलती थी. चुनावों से पहले, ट्रेन की सेवा का विस्तार - यह एक दैनिक सेवा होगी - भाजपा को बढ़ावा दे सकती है जो लगातार सीट पर ध्यान केंद्रित कर रही है। भाजपा उम्मीदवार ने कहा, ट्रेन आज स्टेशन से रवाना हुई और कल प्रधानमंत्री स्टेशन के बगल वाले मैदान में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करेंगे।

# रेलवे के बीएनआर अस्पताल में लगी आग, दमकल की पांच गाड़ियों ने पाया काबू; कोई हताहत नहीं



**कोलकाता,एजेन्सी।** कोलकाता के गार्डनरीच इलाके में स्थित दक्षिण पूर्व रेलवे के केंद्रीय बीएनआर अस्पताल में मंगलवार सुबह आग लग गई, जिससे वहां मरीजों और स्वजनों में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस घटना में हालांकि कोई घायल नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि आग सुबह करीब 6¬40 बजे अस्पताल के नेत्र विभाग में लगी थी। दमकल की पांच गाड़ियों की मदद से करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारी ने कहा कि आग लगने के बाद विभाग के सभी मरीजों को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया है। कोई भी घायल नहीं हुआ है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, अनुमान है कि आग अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर (ओटी) रूम में एसी मशीन में शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। इसके बाद आग तेजी से फैलने लगी। ड्यूटी पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों और मेडिकल स्टाफ ने तुरंत मरीजों को वहां से हटाकर दूसरी जगह स्थानांतरित किया। सूचना मिलते ही दमकल की की एक-एक कर पांच गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों की जांच के लिए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# पश्चिम बर्दवान में कंप्यूटर सेंटर के मालिक की गोली मारकर हत्या

**कोलकाता,एजेन्सी।** एक कंप्यूटर प्रशिक्षण संस्थान के मालिक, जो पैसे उधार देने का काम भी करते थे, की सोमवार दोपहर पश्चिम बर्दवान के कुल्टी में एक अज्ञात व्यक्ति ने गोली मारकर हत्या कर दी। स्थानीय लोगों ने 35 वर्षीय उमा शंकर चौहान को आसनसोल जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों ने कहा कि दो गोलियां उसके सीने में लगी थीं, जिससे उसकी तुरंत मौत हो गई। हत्या के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि चौहान अपना कंप्यूटर प्रशिक्षण संस्थान चलाने के अलावा धन उधार देने का काम भी करता था। हम जांच कर रहे हैं कि क्या उसने अपने धन उधार व्यवसाय को लेकर कोई दुश्मनी विकसित की है। हमने झारखंड सहित सभी पड़ोसी पुलिस स्टेशनों को सतर्क कर दिया है, क्योंकि सीमा केवल 15 किमी दूर है, कुल्टी में एक जांच अधिकारी ने कहा। चौहान ने कहा, चिनाकुरी बाज़ार, जहां हत्या हुई थी, के लोग चेन्नई के एक अस्पताल में एक महीने तक इलाज के बाद कुल्टी लौटे। वह (चौहान) चिनाकुरी स्थित अपने कार्यालय में बैठे थे, जब एक युवक तौलिया से अपना चेहरा ढंककर अंदर आया और हमें बताया कि राहुल पासवान नाम के व्यक्ति ने उन्हें भुगतान के साथ भेजा है। लेकिन हमने उन्हें बताया कि हम कभी भी राहुल पासवान नाम के किसी व्यक्ति को नहीं जानते थे, जिसने हमसे पैसे उधार लिए थे, चौहान के एक कर्मचारी राजकुमार शर्मा ने कहा। उन्होंने कहा कि जब वे पासवान को पहचानने में असफल रहे और पैसे लेने से इनकार कर दिया, तो युवक बाहर गया और फोन पर किसी से बात करते देखा गया। शर्मा ने याद करते हुए कहा, अचानक, वह वापस लौटा और अपने पास मौजूद बैग से बंदूक निकाली और चौहान पर पांच गोलियां चलाईं। हमलावर मोटरसाइकिल से भाग निकला।

# कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हावड़ा में रामनवमी जुलूस की अनुमति दी

**कोलकाता,एजेन्सी।** उच्च न्यायालय ने सोमवार को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) को हावड़ा शहर में रामनवमी पर जुलूस निकालने की अनुमति दे दी, साथ ही यह सुनिश्चित करने के लिए कुछ शर्तें भी लगाईं कि कार्यक्रम बिना तनाव के संपन्न हो। याचिकाकर्ताओं ने शिबपुर IIEST के पास से हुगली के तट पर रामकृष्णपुर फेरी घाट तक जुलूस की अनुमति देने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने जुलूस की अनुमति देते हुए कहा कि कोई भी उत्तेजक नारे नहीं लगाए जाएंगे और बुधवार को पड़ने वाली रामनवमी के दिन इसे रास्ते में बिना रुके आगे बढ़ना होगा। अदालत ने आदेश दिया कि जुलूस अधिकतम 200 प्रतिभागियों के साथ आयोजित किया जाएगा और पांच स्वयंसेवक निगरानी करेंगे कि संख्या का उल्लंघन न हो। पश्चिम बंगाल



सरकार ने पिछले साल के जुलूस के दौरान अशांति को उजागर किया था, जो घटना की चल रही एनआईए जांच का संकेत देता है। इसके आलोक में, सरकार ने जुलूस के लिए एक वैकल्पिक मार्ग का प्रस्ताव रखा, जिसका आयोजकों ने विरोध किया, जिसके बाद उन्होंने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की।

# पूर्व उपकुलपतियों, वरिष्ठ प्रोफेसरों ने बंगाल विश्वविद्यालयों में व्याप्त समस्याओं को सुलझाने के लिए समिति बनाई

**कोलकाता,एजेन्सी।** पश्चिम बंगाल के राज्य संचालित विश्वविद्यालयों के पूर्व कुलपतियों और वरिष्ठ प्रोफेसरों के एक समूह ने विश्वविद्यालय के कामकाज में चल रहे मुद्दों को हल करने के उद्देश्य से एक नागरिक समिति के गठन की घोषणा की है। नॉर्थ बंगाल यूनिवर्सिटी के पूर्व वीसी ओमप्रकाश मिश्रा ने पीटीआई को बताया कि प्रसिद्ध शिक्षाविदों और कानूनी विशेषज्ञों वाली समिति राज्यपाल और चांसलर की भूमिका, उनकी शक्तियों में भ्रम और ओवरलैप और संवैधानिक और नियामक ढांचे के अनुपालन जैसे मुद्दों को संबोधित करेगी। उन्होंने कहा, सदस्यों में यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव थोराट, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील जोस पी. वर्गीज, एनयूईपीए से सुधांसु भूषण और विद्यासागर विश्वविद्यालय से सिबाजी प्रतिम बसु शामिल हैं। समिति एक व्यापक श्वेत पत्र संकलित करने के लिए छात्रों, शिक्षकों, पूर्व छात्रों और सरकारी अधिकारियों सहित हितधारकों के साथ जुड़ने की योजना बना रही है। अपने संबंधित क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर जाने-माने विशेषज्ञों वाली यह समिति सभी हितधारकों, छात्रों, शिक्षकों और संस्थानों के गैर-शिक्षण कर्मचारियों, प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों, विभिन्न शिक्षक निकायों, शिक्षाविदों और अन्य संवैधानिक विशेषज्ञों, उच्च शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों से मुलाकात करेगी और उनसे मुलाकात भी करेगी। श्वेत पत्र तैयार करने के लिए राज्यपाल, जो पदेन कुलाधिपति हैं, और शिक्षा मंत्री के साथ बैठक करेंगे,%% मिश्रा ने कहा। उन्होंने कहा कि इस दस्तावेज़ को सार्वजनिक किया जाएगा और डेढ़ महीने के बाद उच्च शिक्षा विभाग और राज्यपाल कार्यालय में प्रस्तुत किया जाएगा। फोरम ने टीएमसी के साथ अपने पिछले जुड़ाव के बावजूद, 31 राज्य विश्वविद्यालयों में स्थायी वीसी की साल भर की अनुपस्थिति को समाप्त करने की तात्कालिकता पर जोर दिया, जिससे शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों पर असर पड़ रहा है। मिश्रा ने कहा, हालांकि समिति की सिफारिशें बाध्यकारी नहीं हो सकती हैं, लेकिन उनका लक्ष्य संकट के समाधान के लिए मूल्यवान मार्गदर्शन प्रदान करना है।

# ईसीआई ने सीईओ से अभिषेक हेलिकॉप्टर पर आईटी छापे पर रिपोर्ट मांगी

कोलकाता,एजेन्सी। भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय से तृणमूल कांग्रेस द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे हेलीकॉप्टर में आयकर विभाग द्वारा की गई कथित तलाशी अभियान पर रिपोर्ट मांगी। रविवार को राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी। विकास की पुष्टि करते हुए, अतिरिक्त सीईओ अरिंदम नियोगी ने मीडियाकर्मियों को बताया कि संबंधित जिला चुनाव अधिकारी इस संबंध में ईसीआई को एक विस्तृत रिपोर्ट भेजेंगे। इससे पहले सोमवार को, बनर्जी ने आयकर अधिकारियों पर कथित तलाशी अभियान पूरा होने के बाद भी उनके हेलीकॉप्टर को परीक्षण के लिए जाने की अनुमति नहीं देने का आरोप लगाया था। उन्होंने ट्रायल रन में कथित बाधा डालने के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की भी धमकी दी। बाद में दिन में, ईसीआई द्वारा नामित तीन अधिकारी फ्लाइंग क्लब पहुंचे जहां



हेलिकॉप्टर तैनात है, हालांकि उन्होंने इंतजार कर रहे मीडियाकर्मियों को अपनी यात्रा के उद्देश्य के बारे में बताने से इनकार कर दिया। सोमवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी अपने भतीजे के हेलिकॉप्टर पर कथित तलाशी अभियान की आलोचना की। आईटी अधिकारियों ने यह सोचकर उसके हेलिकॉप्टर की जांच की कि इसमें सोना और नकदी है। मुख्यमंत्री ने कहा, हम भाजपा नेताओं की तरह ऐसी चीजों के साथ नहीं घूमते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सिविल कोर्ट के एडवोकेट के घर 5.40 लाख की चोरी



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया सिविल कोर्ट के सीनियर एडवोकेट बंद घर का ताला तोड़ चोरों ने 5 लाख 40 हजार की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। गृहस्वामी सपरिवार 13 अप्रैल को पोते के मुंडन संस्कार में शरीक होने गांव गए थे। इसी का फायदा उठाकर बेखौफ चोरों ने उनके घर को निशाना बनाया। शातिर चोर घर में रखे 5 लाख के सोने-चांदी के जेवरात और 40 हजार कैश अपने साथ ले गए। वहीं चोरी की इस वारदात को लेकर एडवोकेट ने स्थानीय मधुबनी थाना की पुलिस को जानकारी दी है। पूरा मामला शहर के मधुबनी थाना क्षेत्र के अमला टोला इलाके की है। पीड़ित की पहचान पूर्णिया सिविल कोर्ट के सीनियर एडवोकेट जवाहरलाल सिंह के रूप में हुई है। वहीं पीड़ित के दोनों बेटे फॉरेन में इंजीनियर हैं। घटना की जानकारी देते हुए पीड़िता अधिवक्ता जवाहरलाल सिंह ने बताया कि वे सपरिवार घर बंद कर बीते 13 अप्रैल को पोते के मुंडन समारोह में शरीक होने अपने गांव बड़हरा कोठी थाना के ढिबरा गांव गए हर हुए थे। सोमवार को पड़ोसियों ने घर का ताला टूटा हुआ पाया। जिसके बाद उन्हें घर में चोरी होने की शंका हुई। जिसके बाद पड़ोसियों ने कॉल कर घर में चोरी होने की बात बताई। सूचना के तुरंत बाद वे सपरिवार दौड़े भागे घर को पहुंचे। यहां पहुंचने पर पाया कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ है और कमरे का सारा समान बिखड़ा है। कमरे में मौजूद आलमारी का लॉक टूटा था। लॉकर में रखे गए 5 लाख रुपए के सोने - चांदी के जेवर समेत 40 हजार कैश गायब थे। जिसके बाद स्थानीय मधुबनी थाना की पुलिस को कॉल कर चोरी की घटना की जानकारी दी गई। वहीं घर में हुई चोरी की सूचना मिलते ही मधुबनी थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर घर मामले की छानबीन में जुट गई है। चोरी की वारदात को लेकर मधुबनी थाने में आवेदन दिया जा रहा है।

### खेत में भैंस जाने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में खेत में भैंस जाने का विरोध किया तो युवक को लाठी से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामला सुलतानगंज थाना क्षेत्र के कटहरा पंचायत का है। जहां पर किसान पंकज मंडल ने अपने खेत में भैंस चराने से मना किया तो आरोपियों ने कहासुनी करने लगे। फिर मारपीट में मामला तब्दील हो गया। सोमवार की देर रात आरोपी के घर समझाने गए किसान पंकज को गुलशन कुमार, मंटू यादव, सामान यादव, रोहित यादव बाजू यादव, महतो यादव, उदय यादव मुरारी यादव और उनके सहयोगियों ने मिलकर लाठी डंडे से पीट कर किसान पंकज मंडल को घायल कर दिया। जख्मी अवस्था में पंकज किसी तरह परिजनों के सहयोग से सुल्तानगंज रेफरल अस्पताल पहुंचा। जहां पर उनका इलाज जारी है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घायल पंकज मंडल के सिर पर गंभीर चोट लगी है। मामले को लेकर पीड़ित पंकज मंडल ने बताया कि गेहूं का फसल खेत में लगा हुआ है। जिसमें गुलशन कुमार का भैंस चला गया। जिसका विरोध किए तो पहले कहासुनी किया फिर देर रात जब गुलशन के घर पर समझाने गए तो गुलशन अपने सहयोगियों के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया और धमकी देने लगा कि जो करना है कर लो। अपना सहयोगियों के साथ गुलशन ने लाठी डांटे से जमकर पिटाई कर दी किसी तरह अस्पताल इलाज के लिए परिजनों के सहयोग से पहुंचे जहां पर इलाज जारी है।

### तीन शादियां कर फंसा स्कूल संचालक, दो महिलाओं ने किया केस

**मुजफ्फरपुर/गोरौल, एजेंसी।** गोरौल थाना पर सोमवार को कुछ देर के लिए अजीबोगरीब स्थिति तब उत्पन्न हो गई, जब पुलिस एक शादीशुदा निजी विद्यालय के शिक्षक को पकड़कर ले आयी। शिक्षक के पीछे दो महिलाएं भी थाने पर पहुंच गई। वे शिक्षक को अपना पति बता रहीं थीं। पटना जिले के फुलवारीशरीफ थाने के वृंदावन कॉलोनी का आकाश कुमार अपने पिता के साथ मिलकर गोरौल के रूसुलपुर कोरीगांव गांव में एक निजी विद्यालय का संचालन करता है।

# रामनवमी जुलूस निकालने के लिए थाने से लेना होगा लाइसेंस

**शरारती तत्वों पर प्रसाशन की विशेष नजर, अलर्ट मोड पर पुलिस**



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन ने रामनवमी जुलूस को लेकर सख्त दिशा निर्देश जारी किया है।अब शहर में रामनवी की जुलूस निकालने के लिए जिला प्रशासन से लाइसेंस लेना होगा। बिना लाइसेंस के जुलूस निकालने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।जिसको लेकर जिला प्रशासन ने पत्र जा किया है। रामनवमी को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

### एक्शन में जिला प्रशासन

रामनावी के अवसर पर जुलूस या झांकी निकाली जाती है। इन धार्मिक जुलूसों के अलावा कहीं-कहीं पर महावीरी झंडा आदि भी निकाले जाते हैं एवं मेले भी लगते हैं। जुलूसों में सम्मिलित कट्टरपंथी तत्वों एवं शरारती तत्वों द्वारा प्रायः जुलूस मुस्लिम संप्रदाय के धर्मस्थल के निकट देर तक रोक कर प्रदर्शन या नारेबाजी का प्रयोग किए जाने की प्रवृति देखी जाती है। इन बिन्दुओं पर विशेष सतर्कता जिला प्रशासन बरत रही है।कुछ स्थानों पर जुलूसों को लेकर शांति भंग होने की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है।इसलिए आवश्क पुलिस बल को तैनाती किया जायेगा।जहां-जहां जुलूस निकाला जाता है या मेला लगता है, वहां पूरी सतर्कता बरती जाए और आवश्यक एहतियाती कार्रवाई की जाए। जिन स्थानों पर विगत वर्षो से घटनाएं हुई हैं या तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई और अभी किसी रूप में तनाव व्याप्त है, यहां विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

### असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर

इन सारी चीजों पर विशेष नजर बनाए रखने के लिए पुलिस पदाधिकारी को विशेष दिशा निर्देश दिया गया है। पुलिस असामाजिक तत्वों के लोगो पर विशेष नजर बनाए रखी है। जहां-जहां से रामनवमी की जुलूस निकलेगी वहां पर पुलिस बल की तनाती की जाएगी।



# दो घर, एक ऑटो, स्कॉर्पियो और पिकअप जलकर राख

**बारात में हो रही आतिशबाजी के चिंगारी से फैली आग**

**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा में बारात में चलाए जा रहे पटाखों से दो घरों के सभी सामान सहित एक ऑटो, स्कॉर्पियो और पिकअप पूरी तरह से जलकर राख हो गए। आग की लपटें इतनी तेज थी की सड़क से गुजरने वाले सभी वाहन सड़क पर रुक गए। एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया। लगभग आधे घंटे से अधिक समय तक यातायात व्यवस्था चरमराई रही। घटना सोमवार रात की है। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। मौके पर अंचल अधिकारी सहित पुलिस भी पहुंची। आग की वजह से स॥-56 पर दोनों तरफ से लगभग एक किमी लंबा जाम लग गया। घटना कुशेश्वर स्थान पश्चिमी प्रखंड के औराही गांव के दरभंगा कुशेश्वर स्थान मुख्य मार्ग एसएच-56 के किनारे अवस्थित टोले बेलही की है।

### फूस के घर में लगी आग

पीड़ित मो. कादिर ने बताया कि पड़ोस के ही मौलवी के मंझले बेटे की शादी थी। बारात में पटाखे फोड़े जा रहे थे। तभी चिंगारी फूस के बने घर पर जा गिरी। देखते ही देखते अचानक आग की लपटों ने पूरे घर सहित पड़ोस में स्थित भाई मो. नजीर और मो. तबारक का घर और सब्जी की दुकान भी पूरी तरह जलकर राख हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना फायर बिग्रेड और बिजली विभाग को दी।

### नुकसान का आंकलन किया जा रहा

मो. कादिर ने बताया कि हमलोग लेबर का काम करते हैं। शाम में दुकान के अंदर गाड़ी लगा दी। मेरे पड़ोस में शादी थी, जिससे हमलोग को कोई मतलब नहीं था। मेरा सारा काम का सामान भी गाड़ी में ही था। दुकान में ताला मारकर हम घर चले गए, जब मालूम हुआ कि घर में आग लगी है, तो हमलोग आए। पूरा सामान सहित गाड़ी जलकर राख हो गया था।

# राज्य में 13 विश्वविद्यालयों के 3500 अतिथि शिक्षकों के वेतन पर संकट



**पटना, एजेंसी।** बिहार के 13 सामान्य विश्वविद्यालयों के 3500 अतिथि शिक्षकों के वेतन पर संकट पैदा हो गया है। शिक्षा विभाग की तरफ से वेतन बंद करने के बाद अतिथि शिक्षकों को नियमित वेतन नहीं मिल रहा है। विश्वविद्यालयों का कहना है कि उनके पास हर महीने अतिथि शिक्षकों को वेतन देने के लिए पैसे नहीं हैं। दो महीने पहले उच्च शिक्षा निदेशालय ने सभी विश्वविद्यालयों को पत्र लिखकर कहा था कि अतिथि शिक्षकों को आंतरिक स्त्रोत से ही वेतन देंगे। शिक्षा विभाग अब अतिथि शिक्षकों को वेतन नहीं देगा। इसके बाद वेतन की समस्या खड़ी हो गई है। बीआरएबीयू में 700 शिक्षकों के पद खाली हैं, जिनमें 400 अतिथि शिक्षक पढ़ा रहे हैं। अतिथि शिक्षकों को हर महीने 50 हजार रुपये मानदेय दिये जाते हैं।

### रुकी कला संकाय के शिक्षकों की नियुक्ति

बीआरएबीयू में आर्ट्स विषय में अतिथि शिक्षक की नियुक्ति बीच में ही रुक गई है। विश्वविद्यालय के पास पैसे नहीं होने से यह नियुक्ति प्रक्रिया अटकी हुई है। इससे पहले जनवरी में कॉमर्स और विज्ञान विषय में 222 अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति हुई थी। इन शिक्षकों को भी हर महीने वेतन नहीं मिल रहा है। इनमें से कई ने निजी क्षेत्र की नियमित नौकरी छोड़कर अतिथि शिक्षक के तौर पर ज्वाइन किया था।

### हर महीने दो करोड़ की राशि होगी खर्च

बीआरएबीयू में अतिथि शिक्षकों को आंतरिक स्त्रोत से राशि देने में हर महीने दो करोड़ खर्च होंगे। विश्वविद्यालय से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि इतनी राशि विश्वविद्यालय हर महीने खर्च नहीं कर सकता है। आंतरिक स्त्रोत से इतनी राशि खर्च होने पर कॉलेजों के पास कुछ नहीं बचेगा। दो करोड़ खर्च किया जाये तो विश्वविद्यालय कंगाल होने की स्थिति में पहुंच जायेगा। बीआरएबीयू के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय का कहना है कि विश्वविद्यालय के सामने बड़ा संकट है। विश्वविद्यालय का आंतरिक स्त्रोत छात्रों की फीस का पैसा है, जो विश्वविद्यालय के विकास के लिए खर्च हो सकता है। यह वेतन मद में खर्च नहीं हो सकता। इसका दो निदान है। पहला सरकार विशेष ड्राइव चलाकर शिक्षकों की बहाली करे और दूसरा सरकार कुलपतियों पर भरोसा करे और शिक्षकों की नियुक्ति का अधिकार दे। शिक्षा विभाग पहले की तरह ही अतिथि शिक्षकों को वेतन दे। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी का कहना है कि हमलोग शिक्षकों को वेतन देने के लिए छात्रों से पैसे नहीं लेते हैं। वेतन देना सरकार का काम है। आंतरिक स्त्रोत विकास का स्त्रोत है। आंतरिक स्त्रोत से वेतन देने पर विश्वविद्यालय और कॉलेज का विकास रुक जायेगा। पहले अतिथि शिक्षकों को वेतन मिलता था, अब नहीं मिल रहा है। सरकार को पहले की तरह अतिथि शिक्षकों को वेतन देना चाहिए।

### बीआरएबीयू में 418 अतिथि शिक्षक पढ़ा रहे

बीआरएबीयू में 418 अतिथि शिक्षक पढ़ा रहे हैं। इन शिक्षकों को मार्च और अप्रैल का वेतन नहीं मिला है। बीआरएबीयू के अतिथि शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. ललित किशोर ने बताया कि फरवरी तक का वेतन मिला है। शिक्षा विभाग की तरफ से वेतन नहीं मिलने से असमंजस की स्थिति बनी हुई है। अतिथि शिक्षकों में भी आक्रोश है। शिक्षक आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। इस सरकार को तुरंत विचार करना चाहिए। हमलोग जल्द ही इस बारे में सरकार से मिलकर बात करेंगे।



## अकबरनगर: पुलिस ने चुनाव को लेकर की वाहनों की जांच

**भागलपुर/अकबरनगर, एजेंसी।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर थाना क्षेत्र के शिव मंदिर चौक के समीप स्थानीय पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। सोमवार को पुलिस ने अकबरनगर-शाहकुंड एसएच 85 पर सभी वाहनों की जांच की। दो पहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट को टोका। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर चल रहा है।

## भोजपुर पुलिस ने 25 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**आरा(भोजपुर)।** भोजपुर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार सिंह के आदेश पर कांड में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी एवं शराब बरामदगी को लेकर चलाए गए छापेमारी अभियान में 25 लोगों गिरफ्तार किया है। इसमें हत्या के प्रयास में एक, अवैध खनन में एक, एससी-एसटी एक्ट में एक, वारंट में तीन एवं शराब में पन्द्रह पुलिस के हत्थे चढ़े है। अभियान के दौरान छह अवैध शराब भट्ठियों को तोड़ा गया। करीब 80 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। 450 लीटर शराब विनष्ट कर दिया गया। चरपोखरी थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास एवं आर्म्स एक्ट में एक आरोपित को धर दबोचा। बड़हरा पुलिस ने चोरी में एक को धर दबोचा। टाउन थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास में एक को गिरफ्तार कर लिया। नवादा थाना पुलिस ने मारपीट के मामले में रवि शंकर उर्फ रवि यादव को धर दबोचा। वह अनाईठ मोहल्ला का निवासी है।

**केस उठाने को लेकर फायरिंग कर हत्या का प्रयास :** नगर थाना क्षेत्र के शीतल टोला मोहल्ले में हथियारबंद तत्वों ने घर के बाहर बैठकर शराब पीने एवं कैसे उठाने के लिए दबाव बनाने का विरोध करने पर फायरिंग कर हत्या करने का प्रयास किया। हालांकि फायरिंग की घटना में युवक बाल-बाल बच गया। इसे लेकर विकास कुमार गुप्ता ने संबंधित थाना में दो के विरुद्ध नाम से प्राथमिक की कराई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर एक आरोपित उत्तम कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। घटना स्थल से खोखा बरामद किया गया है। सूचक के अनुसार साल 2023 में उनके बड़े भाई को गोली मारी गई थी।

# बिहार में लू के बीच पहले चरण का मतदान; भीषण गर्मी के चलते येलो अलर्ट



**पटना, एजेंसी।** बिहार में लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण का मतदान 19 अप्रैल को होना है। इस दिन प्रदेश में लू जैसे हालात रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने सूबे में 18 और 19 अप्रैल को गर्म और असुविधाजनक मौसम की स्थिति बने रहने की संभावना को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही गर्म पछुआ हवा भी चलने की संभावना जताई गई है। वहीं मंगलवार से शुक्रवार तक अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने की संभावना है। प्रथम चरण में प्रदेश के जमुई, औरंगाबाद, गया और नवादा लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है। इन लोकसभा क्षेत्र में लू जैसे हालात बनने पर मतदान प्रतिशत में कमी आ सकती है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को प्रदेश के अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हुई, जिस कारण लोगों तपिश भरी गर्मी का एहसास हुआ। अधिकतम तापमान में 2.4 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई। प्रदेश का सबसे गर्म जिला 41.8 डिग्री सेल्सियस के साथ से शेखपुरा रहा। वहीं प्रदेश के 9 शहरों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक रहा। उधर राज्य में अधिक गर्मी और लू के प्रकोप को लेकर राज्य सरकार ने अलर्ट जारी करते हुए सभी विभागों को तैयार रहने को कहा है। मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा ने सोमवार को संभावित स्थिति की समीक्षा की और आपदा प्रबंधन समूह की बैठक की। साथ ही उन्होंने सभी विभागों को भीषण गर्मी और लू से निबटने के लिए तैयार रहने और आवश्यक पूर्व तैयारी कर लेने का आदेश दिया।

बैठक में जल संसाधन विभाग, ऊर्जा विभाग, कृषि विभाग, लघु जल संसाधन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, पशु मत्स्य संसाधन के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव व सचिव शामिल हुए। भारत मौसम विज्ञान विभाग के निदेशक ने अगले 15 दिनों में सामान्य से अधिक तापमान रहने आशंका जताई है। इसके मद्देनजर पशुओं के पेयजल और पर्याप्त चारा को लेकर जानकारी दी गयी है।



# पट्टीदार-पड़ोसी ने पिता: पुत्र को मारी गोली, बेटे की मौत

**पिता की हालत नाजुक, संपत्ति हड़पने को लेकर हत्या का लगाया आरोप**

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के सहार थाना क्षेत्र के पेरहाप गांव में सोमवार की रात बदमाशों ने घर के बाहर दरवाजे पर बैठे पिता-पुत्र को गोलियों से भून डाला, जिसमें बेटे आदित्य कुमार (20) की मौत हो गई। वहीं पिता कमलेश राय (50) गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मृतक को चार गोली (सीने, पेट, बाएं हाथ, कलाई) और जख्मी पिता को दो गोली (पंजरी और सीने) में मारी गई है। इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाने के दौरान आदित्य ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वहीं जख्मी पिता का इलाज आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में ही कराया जा रहा है। घटना को लेकर इलाके में सनसनी मची हुई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही सहार थानाध्यक्ष दीपक कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए।

**पट्टीदार और पड़ोसी पर आरोप :** मृतक आदित्य कुमार इंटर का छात्र था। वहीं जख्मी उसके पिता कमलेश राय प्रॉपर्टी डीलर हैं। वह गांव में खेती भी करते हैं। इधर मृतक आदित्य कुमार के पिता कमलेश राय ने बताया कि सोमवार की रात वह घर के बाहर दरवाजे पर अपने बेटे आदित्य कुमार के साथ बैठे हुए थे। तभी उनके पट्टीदार और पड़ोसी अन्य लोगों के साथ् हथियार से लैस होकर उनके दरवाजे पर आ धमके और फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगते ही दोनों पिता-पुत्र खून से लथपथ होकर जख्मी हालत में जमीन पर गिर पड़े। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी वहां से भाग निकले। इसके बाद परिजन द्वारा दोनों को इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा देख उनके बेटे आदित्य कुमार को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि जख्मी कमलेश राय का इलाज उसी अस्पताल में कराया जा रहा है।

**संपत्ति हड़पने को लेकर फायरिंग का आरोप :** वहीं दूसरी ओर मृतक आदित्य कुमार के पिता जख्मी कमलेश राय ने संपत्ति हड़पने को लेकर अपने पट्टीदार प्रियांशु और उनके साथ रहे पड़ोस के नंदू ,सोनू, विष्णु, छोटक राय सहित अन्य लोगों पर साजिश के तहत बेटे की गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

इसके अलावा उन्होंने आरोपियों से किसी भी विवाद या दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किया है। ग्रामीणों के बीच जमीनी विवाद की बात को लेकर वारदात को अंजाम देने की चर्चा है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। मृतक के परिवार में मां चंदा देवी और बड़ी बहन आरती देवी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## 6 माह मुफ्त शराब पिलाई, उधार न देने पर हत्या



**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** वैशाली में शराब धंधेबाज ने एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। धंधेबाज ने करीब 6 माह तक पहले मुफ्त में शराब पिलाई थी। शराब पीने वाले पर धंधेबाज का 35 हजार रुपया उधारी हो गया। उधारी चुकाने के लिए दबाव बना रहा था। उधारी का पैसा नहीं देने पर धंधेबाज ने जमीन देने की बात कही। जमीन नहीं लिखने पर घर से 700 मीटर दूर बुलाकर व्यक्ति की हत्या कर दी। शव पर कई जगह जख्म के निशान हैं। आरोपी घटना के बाद से फरार है। घटना राघोपुर थाना क्षेत्र के चकसुतान दियारा की है। हत्या कर शव को दियारा में फेंक दिया गया था। खेत में काम करने वाले लोगों ने शव की पहचान की। मृतक की पहचान रामपुर श्यामचंद निवासी योगेन्द्र राय के 55 वर्षीय पुत्र विनोद कुमार के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक के भाई अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि गांव में शराब धंधेबाज नबाव राय है। उसके साथ में रहकर खाने-पीने लगे थे। नबाब राय का विनोद के ऊपर 35 हजार रुपया उधार हो गया था। जिसको लेकर नवाब राय ने पूर्व में ही जमीन लिखने को कहा था।

## सरला बिरला पब्लिक स्कुल में रामनवमी उत्सव




रांची। छात्रों के बीच भारतीय संस्कृति के गुणों और सिद्धांतों को विकसित करने के लिए, सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने रामनवमी उत्सव का आयोजन किया। इस अवसर पर छात्रों ने एक विशेष सभा का आयोजन किया जिसमें छात्रों ने भक्ति गीत प्रस्तुत किया। श्री राम के जीवन पर एक प्रश्नोत्तरी के साथ-साथ एक कथात्मक भाषण भी आयोजित किया गया। छात्रों ने खुद को पारंपरिक रूप से रामायण के पौराणिक पात्रों के रूप में तैयार किया और एक झांकी प्रस्तुत की। पात्रों का अभिनय करते समय छात्र खुशी और उत्साह से भर गए। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों को संबोधित किया और सभी को इस अवसर पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह अवसर नैतिक मूल्यों को बनाए रखने, किसी के कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का सम्मान करने और अन्याय और अत्याचार के खिलाफ खड़े होने के महत्व की याद दिलाता है।

## अमन श्रीवास्तव गिरोह का एक अपराधी गिरफ्तार

रांची। आतंकवाद निरोधी दस्ता( एटीएस )ने कुख्यात अमन श्रीवास्तव गिरोह के नीरज कुमार को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 60 हजार नगद, एक कार, तीन मोबाइल फोन और मेसर्स झारखंड एजेंसी कंपनी से संबंधित कागजात बरामद किया गया है। मंगलवार को पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार एटीएस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव गिरोह का अपराधकर्मी नीरज कुमार रांची आया हुआ है। इस सूचना पर एटीएस टीम ने रांची पुलिस के सहयोग से छापामारी के दौरान जगन्नाथपुर थाना के पुन्दाग ओपी क्षेत्र के लाजपत नगर से अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधी ने पूछताछ के दौरान यह बात प्रकाश में आयी है कि वह अमन श्रीवास्तव गिरोह के रंगदारी के पैसे के प्रबंधन का कार्य करता था। गिरफ्तारी के समय उसके पास से गिरोह के वसूले गये रंगदारी के 60 हजार रुपये बरामद हुए हैं।

## रातू में निकलेगी रामनवमी की भव्य शोभायात्रा

**रातू किला में होगा शोभायात्रा का समापन**

**रातू।** रातू में रामनवमी पर आज भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।शोभायात्रा को लेकर रामनवमी पूजा समिति द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। पुलिस प्रशासन की ओर से भी रामनवमी शोभायात्रा को लेकर पूरी तैयारी की गई है।रातू की शोभायात्रा में आमटांड,बड़काटोली,कुम्बाटोली,जामुन टोली, मेरियाटांड,ब्रजपुर काठीटांड,आनंदमयीनगर,टेंडर, तिलता, पिर्रा ,संडे मार्केट की झंडेधारी व अखाड़ा शामिल होंगे।यह सभी शोभायात्रा का मिलन स्थल रातू बड़काटोली स्थित प्राचीन बजरंगबली मंदिर होगा।यहां से निकलकर शोभायात्रा रातू किला पहुँचेगी।जहां शोभायात्रा का स्वागत राजपरिवार के लोग करेंगे।रातू शोभायात्रा का समापन यही पर होगा।वहीं महादेव टंगरा में लगभग 32 गांवो के झंडेधारी शामिल होंगे।महादेव टंगरा में शोभायात्रा का आगमन दोपहर तीन बजे से ही शुरू हो जाता है।रामनवमी के मौके पर इस जगह पर विशाल मेला भी लगता है।शाम में यहां पर भी विशाल शोभायात्रा का समापन होगा।इसके अलावे झखराटांड और छापरगडढा में भी दर्जनों गांव की शोभायात्रा पहुँचती हैं।रातू चट्टी, काठीटांड मे शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया जायेगा।काठीटांड में शोभायात्रा का विशेष आकर्षण नारी सेना होगी।शोभायात्रा के स्वागत के लिए कई स्वयंसेवी संस्थाओं के द्वारा शिविर लगाकर चना ,गुड़,शर्बत, ठंडे पेयजल की व्यस्था की गई है।

## बिरसा उच्च विद्यालय, कांके रोड में 'सबके राम' विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता



रांची। श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोष्ठ झारखंड कि ओर से रामनवमी महापर्व के शुभ अवसर पर बिरसा उच्च विद्यालय कांके रोड में सबके राम विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अथिति के रूप में श्री शंकर दुबे वरिष्ठ समाजसेवी, सनातन महापंचायत के मुख्य संयोजक ललित ओझा,वरिष्ठ संयोजक सनातन महापंचायत संजय मिनोचा, महानगर संयोजक सनातन महापंचायत युवराज पासवान, शिक्षाविद् डॉ सिद्धार्थ प्रकाश, समाजसेवी राज कुमार पोद्दार, सनातन महापंचायत के कला प्रदेश संयोजक आशुतोष द्विवेदी एव स्कूल कि प्राचार्या सुषमा कुमारी,उप प्राचार्य श्याम सर आदि कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। चित्रांगन प्रतियोगिता के सभी विजेता प्रतिभागियों को सभी अतिथियों ने सयुक्त रूप से मिलकर उचित पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया।

# सीसीएल में सरहुल मिलन समारोह का भव्य आयोजन

सी.सी.एल मुख्यालय रांची के ''कन्वेंशन सेंटर÷ में आज 16 अप्रैल को सरहुल मिलन समारोह का भव्य आयोजन मुख्यालय सरना समिति द्वारा किया गया। अतिथिगणों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इसके पश्चात सरना आदी प्रार्थना प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निदेशक (वित्त), श्री पवन कुमार मिश्रा थे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र एवं राँची विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर, डॉ. किशोर सूरीन उपस्थित थे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि निदेशक (वित्त), श्री पवन कुमार मिश्रा ने प्रकृति को समर्पित सरहुल पर्व की बधाईयां देते हुए कहा कि प्रकृति और जंगल झारखण्ड की पहचान है। निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र ने अपने



सम्बोधन में कहा कि सरहुल हमें पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश देता है और इसके संदेशों को आत्मसात करना चाहिए।सीसीएल भी बेहतर पर्यावरण संरक्षण के लिए सतत कार्य कर रहा है तथा इसी कड़ी में पर्यावरण अनुकूल खनन के साथ-साथ वृहद् स्तर पर वृक्षारोपण किया जा रहा है और 9 इको पार्क को विकसित किया जायेगा। राँची विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर, डॉ. किशोर सूरीन ने सरहुल पर्व की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सरहुल प्राकृतिक पर्व है और आज आदिवासी समाज ही नहीं राज्य के प्रत्येक निवासी हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाते हैं। इस विशेष अवसर पर मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सर्वश्री अध्यक्ष सचिन कुमार, सचिव सुभाष बेदिया, पंचम मुण्डा, दशरथ उरांव, सनोज एक्का, सोहित बेदिया आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जेवीएम, श्यामली में कक्षा दसवीं के अभिभावकों के लिए संवाद-सेतु कार्यक्रम

**रांची।** हर बच्चे के लिए दसवीं कक्षा एक अहम् पड़ाव है। इसे पास करने के लिए सुनिश्चित योजना और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है जिसमें अभिभावक और शिक्षक महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। अच्छी शिक्षा और संस्कारों के बिना बच्चे के सर्वांगीण विकास की कल्पना संभव नहीं है। आपाधापी भरी जिंदगी में लोग गुणात्मक शिक्षा और संस्कारों के प्रति उतने सचेत नहीं हो पा रहे हैं जितना वास्तव में होना चाहिए। ऐसे में जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली में कक्षा दसवीं के छात्रों के अभिभावकों के लिए संवाद-सेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता विद्यालय काउंसेलर श्रीलेखा मेनन थीं जिनके व्याख्यान का मुख्य विषय था - दसवीं के छात्रों का पैरेंटिंग कैसे करें ? इन्होंने ऑडियो-वीडियो क्लिप और स्लाइड के जरिये बच्चों के मनोविज्ञान, उनकी आदतों व स्वभाव से अभिभावकों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बच्चों में छिपी प्रतिभा को पहचान कर, उसे सही दिशा में अग्रसर होने के लिए प्रेरित करें। रहें। प्राचार्य समरजीत जाना ने अपने व्यक्तिगत अनुभव को साझा करते हुए कहा कि बच्चे अपना स्क्रीन टाइम को कम करें और पढ़ने के समय अभिभावक उनके पास बैठें। बच्चों को कोचिंग के भरोसे ना छोड़े और यह




देखें कि बच्चों को सेल्फ स्टडी का कितना समय मिल पा रहा है। पाँच-छः घंटे की सेल्फ स्टडी उनके लिए मील का पत्थर साबित होगी। मौके पर माध्यमिक विभाग के प्रभाग-प्रभारी शीलेश्वर झा %सुशील%, लिपिका कर्मकार सहित शिक्षक गण मौजूद थे।

## हाई कोर्ट में रांची शहर में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना मामले की हुई सुनवाई

रांची ः झारखंड हाई कोर्ट में रांची शहर में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना को पूरा करने का आग्रह करने वाली अरविंदर सिंह देओल की जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट में रांची नगर निगम की ओर से कहा गया कि रांची शहर में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना के फेज वन के लिए एनएचएआई नो ऑब्जेक्शन नहीं दे रहा है। इस पर कोर्ट ने एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर और एडमिनिस्ट्रेटर रांची नगर निगम को अगली सुनवाई 24 अप्रैल को हाजिर होने का दिया निर्देश। नगर निगम की ओर से बताया गया कि फेज वन का 15 प्रतिशत काम शेष बचा है। पिछली सुनवाई में राज्य सरकार ने फेज-टू, फेज थ्री और फेज फोर के निर्माण कार्य के संबंध में बताया था कि इसके डीपीआर के स्क्रूटनी का काम चल रहा है। अभी चुनाव आचार संहिता लगी है, इसलिए टेंडर की प्रक्रिया भी नहीं की जाएगी। पूर्व की सुनवाई में रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन सहदेव ने कोर्ट को बताया था कि जोन-वन का कार्य रांची नगर निगम कर रहा है, जिसका 15 प्रतिशत कार्य बचा है।

## आर्किटेक्ट विनोद सिंह की जमानत पर 18 अप्रैल को होगी सुनवाई

रांची ः जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सहयोगी आर्किटेक्ट विनोद सिंह के जमानत याचिका पर 18 अप्रैल को ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सुनवाई होगी। मामले में विनोद सिंह ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से सोमवार को कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाई अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। ईडी ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद मनी 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था। ईडी ने बड़गाई अंचल के 8.5 एकड़ जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था।

# पूर्व एसपी के रीडर का हॉस्पिटल की लापरवाही से मौत, परिजनों ने लगाया आरोप

**अस्पताल प्रबंधन ने कहा मरीज की गंभीर स्थिति के बारे परिजनों को दिया गया था जानकारी**




**बोकारो।** बोकारो की नया मोड़ स्थित वेलमार्क नामक अस्पताल में सोमवार देर शाम इलाज के दौरान एक मरीज की मौत हो गई ,मौत के बाद परिजनों ने बातचीत के दौरान बहस हुई उसके बाद मार-पीट करने का भी आरोप लगाया. हंगामे के बाद पुलिस पहुंची. मिली जानकारी के अनुसार रविवार शाम में गंभीर अवस्था में शंकर रजक को बोकारो नया मोड़ स्थित वेलमार्क हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था. परिजनों का कहना है कि, हम लोग रेफर करने की मांग करते रहे, लेकिन अस्पताल द्वारा रेफर नहीं किया गया.एवं अस्पताल की लापरवाही के कारण उनकी मृत्यु हो गई. वहीं, अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि, मरीज के परिजन को उनकी गंभीर हालत के बताया गया था. यह भी कहा कि था कि कभी भी कुछ हो सकता है. इस पर उनके परिजनों ने अपनी राजा मंदी जताई थी. इसके बाद ही हमने मरीज को भर्ती लिया था. कहा कि डायलिसिस के दौरान कार्डियक अटैक होने से उनकी मृत्यु हुई है. परिजन जो आरोप लगा रहे है, ऐसी कोई बात नहीं है. बता दें कि मृतक शंकर रजक बोकारो के पूर्व एसपी चंदन झा के कार्यकाल के समय उनके रीडर के रूप में कार्यरत थे. आपको बता दे की पूरे अस्पताल परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है. लेकिन जहां परिजनों के साथ मार- पीट हुई, अस्पताल प्रबंधन के अनुसार उस जगह पर सीसीटीवी कैमरा नहीं है. ऐसे में अस्पताल प्रबंधन पर स्वाभाविक रूप सवालिया निशान खड़ा होता है. वहीं परिजनों के आरोप है कि निष्पक्ष जांच होने पर सच्चाई सबके सामने जा जाएगी।

# अपना घर वृद्धाश्रम की महिलाओं के बीच वस्त्र एवं फल वितरित



**रांची।** राजधानी के हटिया क्षेत्र स्थित सिंह मोड़ (लटमा रोड) पर अवस्थित वृद्धाश्रम ÷अपना घर÷ की वृद्ध महिलाओं के बीच समाजसेवी प्रेम शंकर व उनके पुत्र पीयूष कुमार द्वारा दैनिक उपयोग में आने वाले वस्त्रों का वितरण किया गया। मौके पर प्रेम शंकर ने बताया कि उनकी माता स्व. मनोरमा सिन्हा की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी स्मृति में वृद्धाश्रम में रहने वाली महिलाओं के बीच वस्त्र वितरण किया गया। इस मौके पर शहर के जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता तुषार कांत शीट ने वृद्धाश्रम की महिलाओं को भोजन कराया एवं उनके बीच फल का वितरण किया। वहीं, बिरसा नगर, बिरसा चौक निवासी अरुण सिन्हा ने भी अपनी माता स्व.वीणा दयाल की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को वृद्ध आश्रम में रहने वाली महिलाओं के बीच वस्त्र आदि का वितरण किया। इस अवसर पर 'अपना घर' की व्यवस्थापिका सिस्टर एम्मा, सामाजिक कार्यकर्ता आलोक मजूमदार, तन्मय मुखर्जी सहित अन्य मौजूद थे। वृद्धाश्रम की महिलाओं ने इस पुनीत कार्य के लिए सबों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# रामनवमी को लेकर रांची पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

रांची। रांची पुलिस ने अल्बर्ट एक्का चौक से रामनवमी को लेकर मंगलवार को फ्लैग मार्च किया। सिटी एसपी राजकुमार मेहता और कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया, जो अल्बर्ट एक्का चौक से डेली मार्केट, एकरा मस्जिद, कर्बला चौक, चर्च रोड तक गया। इस दौरान कई थानों के प्रभारी के साथ भारी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद थे। रांची पुलिस ने रामनवमी को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये हैं। त्योहार में कोई गड़बड़ी न हो, इसका खास ध्यान रखा जा रहा है। सुरक्षा को लेकर चार आईपीएस, 10 डीएसपी, 300 दरोगा, 30 इंस्पेक्टर सहित तीन हजार सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है। इसके अलावा रामनवमी जुलूस के दौरान ड्रोन कैमरा और सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की व्यवस्था की गयी है।



रांची पुलिस ने लोगों से शातिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की है। असमाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। अगर कोई माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता पाया गया तो उसपर कड़ी कार्रवाई होगी। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों पर साइबर सेल नजर रख रही है। साथ ही सभी थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है।

## चान्हो प्रखंड अंतर्गत सोंस पंचायत के ग्राम पाटूक एवं लूपुंगा मे ग्रामीणों ने समस्याओं को लेकर बैठक की



चान्हो। चांन्हो प्रखंड के पाटूक एवं लुपुंगा ग्राम मे हुई ग्रामीणों की बैठक मे विधायक शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुई, इस अवसर पर उन्होंने कहा की झारखण्ड सरकार की अत्यंत लाभकारी और महत्वाकांक्षी योजना में किसी भी तरह का भ्रष्टाचार, घोटाला और घपलेबाजी स्वीकार नहीं है। श्रीमती तिर्की ने कहा कि यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता और भ्रष्टाचार की पुष्टि होती है तो सखूत कार्रवाई की जायेगी। श्रीमती तिर्की ने विशेष रूप से अबुआ आवास, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, पेयजल जैसी विभिन्न समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के कारण विकास की अनेक योजनाओं और कार्यों पर कुछ असर पड़ा है, लेकिन चुनाव के बाद सभी लाभकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में गति आयेगी। मौक़े पर इश्तियाक अंसारी, इरशाद खान, निधिया उरांव मीणा देवी जोगिता उरांव महावीर उरांव हफीजुल अंसारी रवि उरांव कमलेश उरांव एवं अन्य लोगों उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### भांजे के मुंडन संस्कार में जा रहे बाइक सवार युवकों को डंपर ने रौंदा, एक की मौत, दो घायल

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर के बिधनू में भांजे के मुंडन संस्कार में शामिल होने घर जा रहे बाइक सवार तीन युवकों को पड़ित रामसनेही मिश्र मार्ग में डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे बाइक सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई।वहीं दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। कानपुर देहात के निरंजनपुर अकबरपुर रनिया निवासी डिलीवरी ब्वाय परशुराम का बेटा नीरज कुरील उर्फ सर्वेश कुमार (25) पड़ोसी अरुण (20) और राजन (25) के साथ एक ही बाइक से बिधनू के हरबसपुर गांव बहनोई पुष्पेंद्र व बहन अनीता के घर भांजे के मुंडन संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। पंडित रामसनेही मिश्र मार्ग पर जामू नहर पुल के पास पीछे आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। इससे तीनों बाइक से उछलकर सड़क के बीचो बीच गिर गए। डंपर का पहिया नीरज के सिर को हेलमेट समेत रौंदता हुआ निकल गया। हादसे में उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं दोनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक मौके पर डंपर छोड़कर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को बिधनू सीएचसी में भर्ती कराया।वहां से डॉक्टर ने अरुण और राजन को हैलट रेफर कर दिया। हादसे की सूचना पर सीएचसी पहुंची बड़ी बहन अनीता भाई का शव देख बेहोश होकर गिर पड़ी। बेटे की मौत की जानकारी मिलते ही नीरज के परिजन दहाड़े मार कर रो पड़े। बिधनू थाना प्रभारी प्रेमचंद्र कनौजिया ने बताया कि डंपर को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर डंपर चालक की तलाश की जा रही है।

### आईपीएल में सट्टा खिलाने वाले गिरोह के तीन और सदस्य गिरफ्तार, 14 लाख रुपये, पांच मोबाइल व स्कूटी बरामद

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में हरबंशमोहाल स्थित होटल में बैठकर आईपीएल में सट्टा लगवाने वाले गिरोह के तीन और सदस्यों को क्राइम ब्रांच की टीम ने टाटमिल के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से 14 लाख रुपये भी बरामद हुए हैं। शनिवार को सरगना समेत तीन को होटल के कमरे से गिरफ्तार किया गया था। एडिशनल डीसीपी क्राइम मनीष सोनकर ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम ने शनिवार को होटल मेफेयर इन के रूम नंबर 103 में बैठकर आईपीएल में सट्टा खिलवा रहे लक्ष्मी विला केशवनगर बर्रा निवासी मास्टरमाइंड आनंद उर्फ सोमू, डब्ल्यू ब्लॉक साकेतनगर निवासी राहुल गुप्ता और हरदेवनगर बर्रा निवासी सुमित गुप्ता को गिरफ्तार किया था। इनके पास से 19.05 लाख रुपये, 12 मोबाइल, रजिस्टर, एक लैपटॉप बरामद हुआ था। साकेतनगर निवासी रोहित गुप्ता और जे ब्लॉक गोविंदनगर निवासी विनोद गुप्ता फरार हो गए थे। मनीष सोनकर ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सर्विलांस प्रभारी अंजनी कुमार पांडेय व एसओजी प्रभारी जनार्दन सिंह यादव को लगाया था। टीम ने रविवार को सर्विलांस की मदद से फरार आरोपी किदवईनगर के लवकुश अपार्टमेंट निवासी रोहित गुप्ता (मूलरूप से कानपुर देहात के मूसानगर गौसगंज निवासी) व उसके दो अन्य साथियों जे ब्लॉक गोविंदनगर निवासी विनोद गुप्ता (मूलरूप से कानपुर देहात के मूसानगर गौसगंज निवासी) व हरबंशमोहाल निवासी बाल किशन गुप्ता को टाटमिल के पास से दबोच लिया। इनके पास से नकदी के अलावा कागजात, पांच मोबाइल व स्कूटी बरामद हुई है। पकड़ा गया रोहित शनिवार को जेल भेजे गए राहुल गुप्ता का भाई है।


### पेट की बीमारी के चलते अमेरिका से लौटे सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने जान दी, कई देशों में कर चुके थे नौकरी

**कानपुर , एजेंसी।** करीब चार साल से पेट की बीमारी से जूझ रहे सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रवीण बाजपेई (40) ने तनाव में आकर नौबस्ता के यशोदानगर स्थित घर में फंदे से लटककर जान दे दी। प्रवीण कई देशों में नौकरी कर चुके हैं। बीमारी के चलते चार साल पहले ही अमेरिका से लौटे थे। मूलरूप से जिला उन्नाव के भगवंतनगर के पतारी गांव निवासी योगेंद्र बाजपेई एक महाविद्यालय के सेवानिवृत कर्मचारी हैं। वे परिवार के साथ यशोदानगर एच ब्लॉक में रहते हैं। उनके बेटे प्रवीण बाजपेई (40) अमेरिका में सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे। परिजनों ने बताया कि इससे पहले प्रवीण अफ्रीका, रंगून आदि देशों में नौकरी कर चुके थे। पेट की बीमारी के चलते शहर लौट आए थे। तब से यहीं माता-पिता और बड़े भाई प्रणय बाजपेई के साथ रहते थे। परिजनों ने बताया कि बीमारी के कारण वह अवसाद में रहने लगे थे।

शनिवार शाम करीब 5:05 पर प्रवीण ने घर में पंखे के सहारे फंदा लगा लिया। परिजनों के अनुसार वह फंदे पर लटकने के बाद नीचे बिस्तर पर गिर गए। चाचा सुरेंद्र बाजपेई अन्य परिजनों के साथ उन्हें कांशीराम हास्पिटल ले गए। यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई है। इसके अलावा परिजनों ने और कुछ बताने से इनकार कर दिया।

# कैराना लोकसभा सीट: कास्ट फैक्टर और त्रिकोणीय मुकाबला

## मुस्लिम-गुर्जर और ठाकुर वोट पाने की कोशिश



**शामली , एजेंसी।** देशभर में हॉट सीट मानी जाने वाली कैराना लोकसभा सीट पर इस बार मुकाबला दिलचस्प होने जा रहा है। सपा, बसपा से लेकर भाजपा और अन्य दल जातीय समीकरण साधने में जुटे हुए हैं। प्रत्याशियों से लेकर राजनीतिक दलों के नेताओं की नजर कुछ खास जातियों के वोटों पर हैं।

भाजपा को सर्वसमाज के वोट मिलने पर पूरा भरोसा है, तो सपा और बसपा भी सर्वसमाज को अपना वोटर बता रहा है। चुनाव मतदान की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है इसी के साथ सभी प्रमुख पार्टियों के नेता अपने-अपने पैंतरे आज़मा रहे हैं। मतदाताओं को साधने के लिए सबके अपने दावे हैं, लेकिन यह दावें कितने सफल होंगे यह चार जून को मतगणना के बाद ही तय हो सकेगा।

मुजफ्फरनगर में हुई रैली में बसपा सुप्रीमो मायावती ने क्षत्रिय समाज को साधते हुए कहा कि पार्टी ने सर्वसमाज को सम्मान दिया है। यही कारण है कि कैराना लोकसभा सीट से क्षत्रिय श्रीपाल राणा को प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारा गया है। पेशे से बिजनेसमैन श्रीपाल राणा क्षत्रिय समाज से हैं। हालांकि, वह करीब छह माह पहले ही बसपा में आए थे।उन्हें बसपा के कोर वोटरों मुस्लिम, दलितों, क्षत्रिय के अलावा कश्यप, जाट और अन्य वोटरों का वोट मिलने का पूरा भरोसा है।गुर्जर वोटरों में भी वह सेंध लगाने का प्रयास कर रहे हैं। दलित, मुस्लिम वोटर बसपा की मजबूती है।

इसी तरह भाजपा ने सांसद प्रदीप चौधरी को चुनाव मैदान में उतारा है।वह गुर्जर हैं और डेढ़ लाख से अधिक गुर्जर वोट, छह ला ख से अधिक मुस्लिम वोट पाने के लिए जी तोड़ मेहनत में लगे हुए हैं। साथ ही भाजपा का कोर वोट भी उनके साथ हैं, जिसके कारण उन्हें मजबूती मिल सकती है। इसी तरह सपा ने इकरा हसन पर दांव खेला है।

इकरा हसन के पास जहां मुस्लिम वोट बैंक हैं, वहीं इकरा दलित, जाट, कश्यप, गुर्जर वोट और अन्य वोट पाने की जुगत में लगी हैं। जिसके लिए दिन रात मेहनत की जा रही है।,दलित, जाट मुस्लिम, गुर्जर, वोटों का ध्रूवीकरण किसी एक के पक्ष में होगा या फिर वोट बटेंगे यह आने वाले कुछ दिनों में ही स्पष्ट हो सकेगा।

**गुर्जर और ठाकुर वोट पाने की भी जी तोड़ कोशिश:** ठाकुर समुदाय प हले से ही भाजपा का कोर वोटर रहा है, लेकिन बसपा ने इस बार ठाकुर समुदाय के श्रीपाल राणा पर दांव खेलते हुए श्रीपाल राणा को प्रत्याशी बनाया है। श्रीपाल राणा को बसपा का कैडर वोट मिलने की पूरी उम्मीद है।इसके अलावा ठाकुर, मुस्लिम वोटों को मिलने का भी भरोसा जताया जा रहा है।

**मुस्लिम, दलित, जाट , गुर्जर और अन्य वोटर होंगे अहम:** कैराना लोकसभा सीट पर फिलहाल भाजपा के प्रदीप चौधरी सांसद हैं। इस सीट पर मुस्लिम, जाट, गुर्जर, दलित, कश्यप वोटर सबसे अहम होंगे। तीनों पाटियां यह प्रयास करेगी कि इनका वोट उन्हें मिले।

**दिग्गज भी जातीय समीकरण से नैया पार लगाने की तैयारी में:** हाल ही में सहारनपुर में हुई जनसभा में पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने कोर वोटरों के अलावा तीन तलाक के कानून को लागू करने की बात कहकर मुस्लिम वोटरों को भी अपने पक्ष में करने का प्रयास किया था। कहा था कि तीन तलाक का कानून बनाकर भाजपा ने एक मुस्लिम बेटी ही नहीं बल्कि कई परिवारों को उजड़ने से बचाया है। कांग्रेस के महासचिव अनिवाश पांडे ने भी मुस्लिम, क्षत्रिय और दलित स मेत सभी को सम्मान देने की बात कहीं थी।

**हर किसी के अपने समीकरण, जीत का दावा...:** भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र सिंह निर्वाल का कहना है कि उन्हें इस बार मुस्लिमों के साथ-साथ सभी वर्ग का वोट मिल रहा है जिसके कारण भाजपा भारी मतों से जीत दर्ज करेगी। विपक्षी अभी दूर-दूर तक भी नजर नहीं आ रहे हैं।मुस्लिम दलित भी इस बार भाजपा के साथ हैं। बसपा के जिला प्रभारी सुनील जाटव का कहना है कि बहनजी के कार्यकाल को हर कोई याद कर रहा है। हर वर्ग का वोट बसपा के पास है, जिसके कारण बसपा भारी मतों से इस बार जीत दर्ज करेगी। सपा जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी का कहना है कि किसानों से लेकर मजदूर और अन्य तबके के लोगों का वोट सपा के पास है। सपा कैराना ही नहीं सभी सीटों पर भारी मतों से जीत दर्ज करेगी। मुस्लिम, जाट और दलित वोट तो पहले से ही सपा के पास था। अब स वर्व समाज का समर्थन मिल रहा है। रालोद जिलाध्यक्ष वाजिद अली का कहना है कि जाट-मुस्लिमों के अलावा गठबंधन के बाद अन्य सभी जातियों का वोट भाजपा प्रत्याशी को मिलेगा । रालोद का अपना वोटर अलग है।

# मां विंध्यवासिनी के दरबार में हजारों भक्तों ने टेका मत्था, जयकारों से गूंजा धाम





**मिर्जापुर, एजेंसी।** विंध्याचल चैत्र नवरात्र की सप्तमी तिथि पर सोमवार के चलते मां विंध्यवासिनी के जयकारे से धाम का कोना- कोना गुंजायमान रहा। अष्टभुजा पहाड़ पर विराजमान महाकाली, मां अष्टभुजी देवी के मंदिर में भी दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। मंदिर की तरफ जाने वाली प्रमुख गलियां श्रद्धालुओं से पटी रहीं। दूरदराज से आए भक्त मां के दिव्य स्वरूप का दर्शन कर भाव-विह्वल हो रहे थे।

चैत्र नवरात्र की सप्तमी के होने के नाते प्रमुख देवी मंदिरों में भक्तों का रेला लगा रहा। भोर मंगला आरती के उपरांत जैसे ही मंदिर का कपाट खुला पहाड़ा वाली के जयकारे से संपूर्ण मंदिर परिसर गूंज उठा। घंटों लंबी कतार में खड़े रहने के बाद देवी दरबार पहुंचे श्रद्धालुओं ने बड़े ही श्रद्धा भाव से मां विंध्यवासिनी की चौखट पर मत्था टेक समृद्धि की कामना की।

माता के दर्शन को धाम पहुंची महिलाओं ने हलवा- पूड़ी का भोग लगाकर विधिवत पूजन अर्चन किया। वहीं पुरुष भक्तों ने भी नारियल, चुनरी और प्रसाद चढ़ाकर माता का दर्शन पूजन किया।

देवी मंदिर के सामने, गंगा घाटों पर शहनाई और नगाड़े की मधुर धुन पर मुंडन संस्कार का दौर दिनभर चलता रहा। सुरक्षा की दृष्टि से जिला प्रशासन पंडा समाज पुलिस प्रशासन के साथ स्काउट गाइड के बच्चे एवं पीएसी के जवान मुस्तैद रहें।

### काशी विश्वनाथ मंदिर में पहली बार नौ कन्याओं ने किया दुर्गा सप्तशती का पाठ, शक्तिमय हुआ धाम

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास की ओर से मंदिर चौक पर श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ कराया गया। माता आनंदमयी बालिका विद्यालय की नौ कन्याओं ने एक स्वर में दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। इस दौरान धाम में पधारे सभी श्रद्धालु भी शिव के धाम में शक्ति पूजन के इस अनूठे अनुष्ठान के साक्षी बनकर कृतार्थ हुए। बालिकाओं ने सस्वर श्री दुर्गासप्तशती का पाठ करके पूरे धाम का वातावरण शक्तिमय कर दिया। अभूतपूर्व शक्ति तरंगों के प्रवाह से ज्योतिर्लिंग परिसर अनुगुंजित हो रहा था। सप्तशती पाठ के पश्चात कन्याओं का पूजन मंदिर न्यास के अधिकारियों ने किया। बालिकाओं को शक्तिपीठ माता विशालाक्षी एवं ज्योतिर्लिंग धाम श्री काशी विश्वनाथ महादेव का दर्शन करवाया गया। इसके बाद पुन: धाम में पधारने का आमंत्रण देकर ससम्मान विदा किया गया। इस दौरान मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र, चंद्रांशु महाराज, राजनाथ तिवारी मौजूद रहे। सार्थक सेवा फाउंडेशन की ओर से रविवार को नौ कन्या पूजन का कार्यक्रम भारत माता मंदिर पर आयोजित हुआ। इस दौरान संस्था की ओर से 25 कन्याओं का पूजन किया गया। कन्याओं का पांव पखारने के बाद उनका पूजन किया गया। इसके बाद उनको उपहार देकर रवाना किया गया। इस दौरान संस्था की अध्यक्ष पूजा गिरी, प्रिया सिंह, अमिता सिंह, सुनीता गुप्ता मौजूद रहीं।

### पीसीएस अफसर ने घर में फंदे से लटककर दी जान, पत्नी की मौत के बाद से डिप्रेशन में चल रहे थे अधिकारी

**आजमगढ़ , एजेंसी।** आजमगढ़ जिले के अतरौलिया थाना क्षेत्र के बूढ़नपुर कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने रविवार की रात घर में ही फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। देर रात परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक गाजीपुर जिले में बतौर एसडीएम तैनात थे और नगर पालिका गाजीपुर के प्रभारी ईओ का काम देख रहे थे। बीते 15 दिनों से वो अवकाश पर थे।

**यह है पूरा मामला:** बूढ़नपुर कस्बा निवासी आलोक कुमार सिंह (43) कृपाशंकर सिंह 2003 बैच के पीसीएस थे। वर्तमान में उनकी तैनाती गाजीपुर जिले में थी और वहां वह प्रभारी ईओ नगर पालिका परिषद गाजीपुर का काम देख रहे थे। लगभग 15 दिनों से आलोक कुमार अवकाश पर थे। ऐसे में वे अपने गांव आए हुए थे।

एक साल पूर्व आलोक कुमार की पत्नी का निधन हो गया था। उसके बाद से ही वे डिप्रेशन में चल रहे थे। रविवार को आलोक कुमार घर पर अकेले थे और इसी दौरान उन्होंने घर में ही फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। देर रात पट्टीदारों व पड़ोसियों को इसकी जानकारी हुई तो सूचना पुलिस को दी गई।

### बंद फ्लैट में लगी आग, बुजुर्ग महिला की मौत

**साहिबाबाद।** टीला मोड़ की इंद्रप्रस्थ आवासीय योजना के एक फ्लैट में रविवार दोपहर आग लग गई। आग में झुलसने और दम घुटने से भगवती (75) की मौत हो गई। बुजुर्ग का बेटा अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ फ्लैट का ताला लगाकर दवाई लेने दिल्ली गए थे। पड़ोसियों ने कमरे से धुआं निकलने पर आग की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। तेजी से धुआं निकलने पर पड़ोसी ने ताला तोड़कर फ्लैट खोला। कमरे में महिला का शव देख कर पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस पुलिस हत्या समेत अन्य एंगल पर जांच कर रही है। दिल्ली के त्रिलोकपुरी में निवासी सोमदत्त अपनी पत्नी सरला, दो बच्चों और मां भगवती के साथ इंद्रप्रस्थ आवासीय योजना के डी-ब्लॉक के फ्लैट में रहते हैं। वह कैब चालक हैं जबकि सरला गृहणी हैं। परिवार के लोग एक महीने पहले ही किराये पर रहने आए हैं। रविवार सुबह करीब 11:30 बजे सोमदत्त और सरला दोनों बच्चों के साथ मां को कमरे में छोड़कर बाहर से फ्लैट का ताला लगाकर नंदनगरी, दिल्ली में डॉक्टर से दवाई लेने चले गए। इस बीच पड़ोसियों ने फ्लैट से धुआं निकलता देखा तो शोर मचा दिया। तुरंत सोमदत्त और सरला से फोन पर संपर्क करके आग लगने के बारे में बताया। दोनों कुछ देर में घर पहुंचे।

### 1700 उद्यमियों को पांच माह बाद मिलेगी प्लांट से पानी सप्लाई

**साहिबाबाद।** साइट चार औद्योगिक क्षेत्र की 1700 इकाइयों को 320 करोड़ रुपये की लागत के एसटीपी से शोधित पानी की आपूर्ति के लिए पांच माह और इंतजार करना होगा। जलकल के महाप्रबंधक ने उद्यमियों को अप्रैल महीने के बजाय सितंबर से पानी की आपूर्ति देने की बात कही है। वहीं, कई उद्यमियों ने तय दामों पर आवेदन करने से इन्कार कर दिया है। इकाइयों को शोधित पानी देने के लिए करीब 46 रुपये में प्रति हजार लीटर का रेट तय किया है। एसोसिएशन के साथ उद्यमियों ने इस पर आपत्ति उठाई है।

नगर निगम ने सीवर के पानी को शोधित कर फैक्टरियों में देने के लिए 320 करोड़ की परियोजना बनाई थी। इसमें इंदिरापुरम एसीपी से साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र की करीब 1700 इकाइयों को पानी आपूर्ति देने के लिए 95 किलोमीटर की लाइन बिछाने का काम हो गया है। झंडापुर के पास 40 एमएलडी का प्लांट भी बनाया गया है। निर्माण कार्य लगभग अंतिम चरण में है। जलकल अधिकारियों की योजना है कि करीब डेढ़ हजार इकाइयों को 36 एमएलडी शोधित पानी सप्लाई होगा। यह पीने के योग्य भी होगा। अधिकारियों ने एसटीपी से शोधित पानी की आपूर्ति देने के लिए पूर्व में एक अप्रैल 2024 की तारीख निर्धारित की थी। लिहाजा तमाम कंपनियों को बोरवेल की उपयोगिता को बंद कराने का काम किया गया लेकिन अब आपूर्ति करने में आ रही दिक्कतों को दूर करने का काम हो रहा है। वहीं,आपूर्ति देने के लिए उद्यमियों को आवेदन करने के लिए लगातार अपील की जा रही है, लेकिन उद्यमी दाम कम करने को लेकर अड़े हैं। साइट-4 औद्योगिक एसोसिएशन के सचिव मुकेश गुप्ता का कहना है कि इकाइयों को पानी देने का रेट 45-46 रुपये प्रति हजार लीटर तय किया है जोकि कंपनी के बजट से ज्यादा है।

#### कनेक्शन लेने के लिए देना होगा पांच हजार शुल्क

उद्यमी प्रवीन जैन ने बताया कि एसटीपी का पानी लेने के लिए इकाइयों को पूर्व में आवेदन करना होगा। उसके बाद करीब पांच हजार रुपये का शुल्क देकर आपूर्ति मिलनी शुरू होगी। सिर्फ इतना ही नहीं, कंपनियों से रोजाना उपयोग होने वाले पानी की कितनी जरूरत है। अब चिंता इस बात है कि यदि छुट्टी के दिन और फिर आपातकाल स्थिति के लिए भी पानी की जरूरत नहीं होने पर भी उसका खर्चा देना होगा। यूपी फेडरेशन के चेयरमैन अशोक चौधरी का कहना है कि एसटीपी से पानी मिलने पर डाइंग और कपड़े के लिए बोरवेल के पानी जैसी मात्रा मिल पाएगी या नहीं। उसकी अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई है। औद्योगिक क्षेत्र में करीब 40 से 50 इकाइयां हैं जिन्हें कपड़े धोने और अन्य जरूरतों के लिए पानी की आवश्यकता है। जलकल के महाप्रबंधक केपी आनंद का कहना है कि एसटीपी के पानी की आपूर्ति के रेट तय हुए है। उद्यमियों से लगातार कनेक्शन के लिए अपील कर रहे हैं। अभी तक 300 इकाइयों ने कनेक्शन लिया है।

### ट्रेन की चपेट में आकर किसान की मौत

**मुरादाबाद, एजेंसी।** रेलवे लाइन से होकर गुजर रहे किसान सोमपाल (48) की ट्रेन में चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों ने बिना कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। यह घटना रविवार शाम गांव चांदनगर के पास काफूरपुर रेलवे लाइन के पास हुई। गांव चांद नगर निवासी किसान सोमपाल पुत्र लेखराज शाम के समय घर से किसी काम के लिए गए थे। वह रेलवे लाइन पार कर रहे थे कि तभी ट्रेन आ गई और व उसकी चपेट में आ गए। उनकी मौके पर मौत हो गई। कुछ देर बाद ग्रामीण वहां पहुंचे और उनकी पहचान की। बाद में परिजनों को जानकारी दी। हादसे से परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। बाद में परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक किसान अपने पीछे पत्नी के अलावा एक बेटा, एक बेटी को छोड़ गए हैं।

# पूर्वांचल में कुशवाहा, राजभर-पासी वोट पर सपा की नजर, बसपा का वाराणसी में मुस्लिम




**वाराणसी , एजेंसी।** सपा ने पूर्वांचल में पीडीए का दांव चलते हुए शुक्रवार को जारी अपनी नई सूची में कुशवाहा, राजभर और पासी वोट बैंक को साधने की भरसक कोशिश की है। पार्टी ने जौनपुर से बाबू सिंह कुशवाहा को चुनाव मैदान में उतारकर सबको चौंका दिया। कुशवाहा बसपा सरकार में मंत्री रह चुके हैं। उनके खिलाफ कई तरह की जांच भी चल रही हैं।

मछलीशहर से प्रिया सरोज को टिकट मिला है। प्रिया केराकत से सपा विधायक तूफानी सरोज की बेटी हैं। सलेमपुर से रमाशंकर राजभर चुनाव लड़ेंगे। वहीं, बसपा ने वाराणसी से अतहर जमाल लारी और गाजीपुर से डॉ. उमेश सिंह को टिकट दिया है।

**वाराणसी : अतहर जमाल लारी तीसरी बार लड़ेंगे लोकसभा चुनाव:** बहुजन समाज पार्टी ने वाराणसी लोकसभा सीट से अतहर जमाल लारी को प्रत्याशी बनाया है। छात्र राजनीति से कॅरिअर शुरू करने वाले लारी पहले भी दो बार वाराणसी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ चुके हैं। 1984 में जनता दल के टिकट पर चुनाव लड़े और तीसरे नंबर पर रहे। 2004 में अपना दल से चुनाव लड़े और तीसरे स्थान पर रहे। अब तीसरी बार चुनाव मैदान में उतरे हैं।

वाराणसी लोकसभा सीट की चुनावी तस्वीर साफ हो गई है। भाजपा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस-सपा गठबंधन से अजय राय चुनाव लड़ रहे हैं। इसी बीच रविवार को जोनल कोआर्डिनेटर घनश्याम चंद्र खरवार ने बसपा प्रत्याशी के नाम का एलान कर दिया।

अतहर ने 1971 में डीएवी कॉलेज गोरखपुर में कला संकाय के अध्यक्ष का चुनाव जीता था। 1977 में जनता पार्टी से जुड़े, फिर 1989 में जनता दल में आ गए। 1994 के बाद सपा में शामिल हो गए। 1998 में अपना दल ज्वाइन कर लिया। 2011 में कौमी एकता दल में आए, फिर सपा में रहे। कुछ दिन पहले ही बसपा ज्वाइन किया है। अब टिकट मिल गया।

**गाजीपुर : बीएचयू के पूर्व महामंत्री डॉ. उमेश सिंह को मिला टिकट:** बसपा ने गाजीपुर लोकसभा सीट से डॉ. उमेश सिंह को अपना प्रत्याशी बनाया है। वह मूलतः सैदपुर के मुड़ियार गांव के रहने वाले हैं। वे छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय रहे हैं। 1991-92 में वह काशी हिंदू विश्वविद्यालय के छात्र संघ महामंत्री निर्वाचित हुए थे।

लखनऊ विश्वविद्यालय से विधि विषय में नेट की परीक्षा पास कर पीएचडी किया। छात्र जीवन के बाद वह उच्चतम न्यायालय, दिल्ली में अधिवक्ता रहे फिर। इसी दौरान वह पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के साथ जनमोर्चा में भी लगे रहे। उमेश सिंह अन्ना हजारे के जन आंदोलन की कोर टीम में भी शामिल रहे। आम आदमी पार्टी ने बिहार प्रांत का चुनाव प्रभारी बनाया था, लेकिन उन्होंने कुछ दिनों बाद ही इस जिम्मेदारी से खुद को अलग कर लिया और फिर आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया।

बसपा ने उन्हें गाजीपुर सीट से अपना प्रत्याशी बनाया है। इस सीट पर उनका मुकाबला सपा के अफजाल अंसारी और भाजपा के पारसनाथ राय से है। मालूम हो कि अफजाल ने पिछला चुनाव बसपा के टिकट पर ही जीता था।

**जौनपुर: कभी मायावती के रहे खास, अब अखिलेश ने दिया टिकट:** जौनपुर। जौनपुर लोकसभा सीट पर रविवार को इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के नाम का एलान हो गया। सपा ने इस सीट पर जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू सिंह कुशवाहा को अपना उम्मीदवार बनाया है। यह सपा के सिंबल पर चुनाव लड़ेंगे। यह प्रदेश की पूर्व बसपा सरकार में सबसे ताकतवर नेताओं में शुमार थे।

मालूम हो कि बाबू सिंह कुशवाहा बांदा जिले के पखरौली के रहने वाले हैं। वे 2007 में मायावती की सरकार में परिवार कल्याण मंत्री रहे। बाद में इनका नाम एनआरएचएम घोटाले में आने के बाद ये विवादों में घिरते चले गए। इनके ऊपर दो सीएमओ की हत्या कराने का भी आरोप लगा था। इनके 2014 में भाजपा में शामिल होने के कयास थे।

पार्टी नेताओं के विरोध चलते यह शामिल नहीं हो सके। अंततः इन्होंने जन अधिकार पार्टी बनाई। प्रदेश में 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा से गठबंधन की बात चल रही थी लेकिन गठबंधन अंतिम मुकाम तक नहीं पहुंच सका। वर्तमान समय में यह जन अधिकार यात्रा प्रदेश के सभी जिलों में लेकर जा रहे हैं। जौनपुर संसदीय सीट पर कुशवाहा का सामना भाजपा के कृपाशंकर सिंह से होगा। हालांकि बसपा ने यहां अपने पत्ते अभी नहीं खोले हैं।

## संपादकीय

### नक्सली नासूर पर नियंत्रण, निकालना होगा व्यवहारिक उपाय

तमाम प्रयासों के बावजूद छत्तीसगढ़ में नक्सली समस्या से निपटना चुनौती बना हुआ है। थोड़े-थोड़े समय पर वहां नक्सली सक्रिय हो उठते और सुरक्षाबलों को चुनौती देते रहते हैं। अब तक वे बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों, राजनेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों की हत्या कर चुके हैं। अभियान चला कर सुरक्षाबलों ने भी अनेक नक्सलियों को मौत के घाट उतारा है। लगातार उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। उसी का नतीजा है कि बीजापुर में मुठभेड़ के दौरान दस नक्सली मारे गए। यह निस्संदेह सुरक्षाबलों की बड़ी कामयाबी कही जा सकती है कि नक्सलियों को योजनाएं अंजाम देने से पहले ही मार गिराया गया। मगर वहां किस तरह नक्सली नासूर को पूरी तरह समाप्त किया जा सकेगा, इसका दावा करना मुश्किल बना हुआ है। केंद्र और राज्य सरकार छत्तीसगढ़ में नक्सलियों से पार पाने के लिए कठोर से कठोर दमन का रास्ता आजमा चुकी हैं, पर उनका मनोबल तोड़ पाने में विफल ही रही हैं। दरअसल, छत्तीसगढ़ में आदिवासी समूहों को लगता रहा है कि सरकारें उनके संसाधनों पर पूंजीपतियों को कब्जा दिलाने का प्रयास करती हैं। जबकि सरकार का तर्क रहा है कि विकास कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने और आदिवासी समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए औद्योगिक इकाइयों का विस्तार जरूरी है। इसे लेकर शुरू में सरकार और नक्सली नेताओं के साथ बातचीत के प्रयास भी हुए, पर उनका कोई ठोस नतीजा नहीं निकल पाया। फिर सरकार ने आदिवासियों के भीतर से ही नक्सलियों के खिलाफ विद्रोह और दमन की रणनीति बनाई, पर वह भी कामयाब नहीं रही। उससे खून-खराबा जरूर कुछ अधिक बढ़ गया था। लंबे समय से अत्याधुनिक सूचना प्रणाली, हेलीकाप्टर आदि के जरिए उन पर नकेल कसने की कोशिश की जा रही है। नक्सली समूहों को मिलने वाली वित्तीय मदद, साजो-सामान आदि की पहुंच रोकने और स्थानीय लोगों से उनकी दूरी बढ़ाने के भी प्रयास होते रहे हैं, पर इस दिशा में कोई उल्लेखनीय कामयाबी नहीं मिल पाई है। जब तक इसका कोई व्यावहारिक उपाय नहीं निकाला जाता, इस समस्या पर काबू पाना कठिन बना रहेगा।

### राष्ट्र की संप्रभुता का सम्मान, टिप्पणियां अनुचित

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिका, जर्मनी और संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों की टिप्पणियों पर भारत सरकार ने सख्त एतराज जताया था। अब विदेशमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आगाह किया है कि उन्हें भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप से परहेज करना चाहिए, नहीं तो इसका बहुत कड़ा जवाब मिलेगा। आमतौर पर अपेक्षा की जाती है कि हर राष्ट्र दूसरे राष्ट्र की संप्रभुता का सम्मान करे और उनके आंतरिक मामलों में दखल देने से परहेज करे, मगर अक्सर देखा जाता है कि कमजोर देशों के मामलों में ताकतवर देश हस्तक्षेप करने का प्रयास करते हैं। इसी आदत के चलते जर्मनी, अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने भारत सरकार को लोकतांत्रिक मूल्यों का पाठ पढ़ाने की कोशिश की थी। ऐसा नहीं माना जा सकता कि उन राजनयिकों को इस बात की जानकारी नहीं थी कि भारत किस कदर भ्रष्टाचार और धनशोधन संबंधी मामलों को लेकर गंभीर है। ऐसे मामलों के आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाता है। फिर भी उन्होंने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर टिप्पणी की तो उससे यही जाहिर हुआ कि वे भारत के विपक्षी दलों के सुर में सुर मिला रहे हैं। उनकी टिप्पणियों से विपक्षी दलों को सरकार की आलोचना करने का आधार मिल गया था। यह ठीक है कि यह पहला मौका था जब किसी मुख्यमंत्री को पद पर रहते हुए गिरफ्तार किया गया। उस गिरफ्तारी में समय के चुनाव को लेकर भी सवाल उठे, क्योंकि तब तक आम चुनाव की तारीखों की घोषणा हो चुकी थी। इस तरह चुनाव में सभी राजनीतिक दलों को समान सुविधाएं और अवसर उपलब्ध कराने का सैद्धांतिक पक्ष बाधित नजर आने लगा। मगर इस पर नजर रखने और कार्रवाई करने का अधिकार भारत के निर्वाचन आयोग और अदालतों को है, न कि संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका या जर्मनी के किसी राजनयिक को। यह भी ठीक है कि हर देश अपने राजनयिकों के जरिए दूसरे देशों की राजनीतिक गतिविधियों पर नजर रखता, वहां के चुनावों की खोज-खबर लेता रहता है, मगर वह चुनाव प्रक्रिया या वहां के राजनीतिक विवादों में पक्षकार की तरह शामिल नहीं हो सकता।

# भारत को पुनः विश्व गुरु बनाना ही संघ का मुख्य लक्ष्य

**(प्रह्लाद सबनानी)**

*अत: आज विश्व के 53 देशों में 'हिंदू स्वयंसेवक संघ' की स्थापना की जा चुकी है एवं इन देशों में 1480 शाखाएं एवं 112 मिलन चलाए जा रहे हैं। हाल ही में आस्ट्रेलिया एवं अमेरिका के कई नगरों में संघ शिक्षा वर्ग आयोजित किए गए थे तथा इसी प्रकार विश्व के अन्य देशों को मिलाकर कुल 17 हिंदू हेरिटेज कैम्प भी आयोजित किए गए थे। अमेरिका में सेवा दीवाली बहुत धूमधाम से मनाई जाती है।*

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक नागपुर में दिनांक 15 से 17 मार्च 2024 को सम्पन्न हुई है। इस बैठक में पूरे देश से 1500 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया और 'श्रीराम मंदिर से राष्ट्रीय पुनरुत्थान की ओर' विषय पर एक प्रस्ताव भी पास किया गया। जैसा कि सर्वविदित ही है कि गौरवशाली हिन्दू सनातन संस्कृति विश्व में सबसे पुरानी संस्कृति मानी जाती है और इसी हिंदू सनातन संस्कृति का अनुपालन करते हुए भारत का इतिहास वैभवशाली रह पाया है तथा हिंदू सनातन संस्कृति का विस्तार इंडोनेशिया तक एवं सुदूर अमेरिका तक रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में अक्सर यह कहा जाता है कि संघ एवं इसके स्वयंसेवक करते क्या हैंगुरुवार 04 अप्रैल 2024 इसके उत्तर में अक्सर यह जवाब दिया जाता है कि संघ को यदि समझना है तो आपको संघ की शाखा में आना होगा। संघ, मां भारती को एक बार पुनः विश्व में गौरवशाली स्थान दिलाने के पवित्र लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गम्भीर प्रयास कर रहा है। इस पवित्र लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लाखों की संख्या में स्वयंसेवक आज संघ के साथ जुड़ चुके हैं। आज भारत के 45,600 स्थानों पर संघ की 73,117 शाखाएं, 27,717 साप्ताहिक मिलन एवं 10,567 संघ मंडली लगाई जा रही हैं। इन शाखाओं, साप्ताहिक मिलनों एवं संघ मंडलियों में स्वयंसेवकों में राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव (राष्ट्र प्रथम) जागृत किया जाता है ताकि वे समाज में जाकर समाज की सज्जन शक्ति को साथ लेकर भारत में समाज परिवर्तन का कार्य दक्षतापूर्वक कर सकें। संघ की शाखा सामान्यतः 60 मिनट की लगती है एवं इसमें शारीरिक व्यायाम, योग, प्राणायाम, खेल, बौद्धिक एवं प्रार्थना शामिल रहती है। बौद्धिक में सनातन संस्कृति एवं भारत के गौरवशाली इतिहास की जानकारी के साथ साथ भारतीय संतो, महात्माओं एवं महापुरुषों की जानकारी प्रदान की जाती है। समय के साथ साथ संघ ने अपनी कार्यप्रणाली में परिवर्तन भी किया है एवं कई नए आयाम एवं कार्य अपने साथ जोड़े हैं। जैसे समाज के किन किन क्षेत्रों में क्या क्या काम करना है यह संघ के स्वयंसेवकों को बहुत स्पष्ट रूप से सिखाया जाता है। संगठन श्रेणी के साथ ही संघ में जागरण श्रेणी भी कार्यरत है। संगठन श्रेणी में शाखाओं के विस्तार, इसे सुचारू रूप से चलाने सम्बंधी कार्य, स्वयसेवकों का प्रशिक्षण एवं गुणवत्ता विकास आदि कार्य शामिल रहते हैं जबकि जागरण श्रेणी में समाज में जाकर किन क्षेत्रों में जागरण करना है, का निर्धारण किया जाकर इस क्षेत्र में स्वयसेवकों द्वारा कार्य किया जाता है। जैसे वर्तमान में जागरण श्रेणी में शामिल कार्य हैं - सेवा, सम्पर्क एवं प्रचार सम्बंधी कार्य। इसके अलावा 6 गतिविधियां भी हैं जो स्वयसेवकों द्वारा समाज के सहयोग से चलाई जाती हैं। इनमे शामिल हैं - धर्म जागरण समन्वय, गौ सेवा, ग्राम विकास, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता एवं पर्यावरण संरक्षण। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में श्रीराम लला के श्रीविग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व दिनांक 1 से 15 जनवरी 2024 तक श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र के आह्वान पर संघ के स्वयंसेवकों एवं समाज के विविध संस्थानों तथा संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा चलाया गया गृह सम्पर्क अभियान अभूतपूर्व सफल रहा था। देश के समस्त प्रांतों के 578,778 गांवों एवं 4727 नगरों के कुल 19.38 करोड़ से अधिक परिवारों से स्वयंसेवकों सहित 44.98 लाख से अधिक व्यक्तियों ने सम्पर्क किया था। यह भारतीय समाज में संघ की गहरी पहुंच और समाज में उसकी स्वीकार्यता को दर्शाता है। संघ के 40 से अधिक अनुशांगिक संगठन भी भारत में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं, जो हिंदू सनातन संस्कृति एवं भारतीय परम्पराओं के आधार पर समाज में अपने कार्य को आगे बढ़ाते हैं। विश्व में वामपंथी विचारधारा के आधार पर चल रहे विभिन्न मजदूर संगठन अपने श्रमिक सदस्यों को संस्थान के केवल लाभ में हिस्सा लेने की प्रेरणा देते हैं और अपनी मजदूरी में वृद्धि के लिए अक्सर हड़ताल आदि का सहारा लेते हैं। उद्योग संस्थान में हड़ताल होने से न केवल उस विशेष उद्योग संस्थान का बल्कि देश की अर्थव्यवस्था का भी नुक्सान होता है।जबकि, भारतीय मजदूर संघ, जो कि संघ का ही एक अनुशांगिक संगठन है, अपने श्रमिक सदस्यों को हड़ताल करने के लिए निरुत्साहित करता है और उसका नारा है कि 'संस्थान के लिए करेंगे पूरा काम और काम के लेंगे पूरे दाम'। यह अंतर है वामपंथी विचारधारा और राष्ट्रीय विचारधारा के संगठनों में। इसी प्रकार संघ के अन्य अनुशांगिक संगठनों में शामिल हैं - (1) सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले संगठन - आरोग्य भारती, राष्ट्रीय सेवा भारती, भारत विकास परिषद, राष्ट्रीय चिकित्सा संस्थान, आरोग्य भारती, सक्षम (दिव्यांग नागरिकों के लिए), दीन दयाल शोध संस्थान। (2) सामाजिक संगठन - विश्व हिंदू परिषद, वनवासी कल्याण आश्रम, जनजाति सुरक्षा मंच, क्रीड़ा भारती, राष्ट्रीय सेविका समिति। (3) शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले संगठन - विद्या भारती, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारतीय शिक्षण मंडल, अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ, संस्कृत भारती, शिक्षा संस्कृत उत्थान न्यास। (4) आर्थिक क्षेत्र में कार्य करने वाले संगठन - भारतीय किसान संघ, लघु उद्योग भारती, भारतीय मजदूर संघ, स्वदेशी जागरण मंच, सहकार भारती, ग्राहक पंचायत। (5) वैचारिक समूह में कार्य करने वाले संगठन - प्रज्ञा प्रवाह, विज्ञान भारती, संस्कार भारती, इतिहास संकलन, साहित्य परिषद, अधिवक्ता परिषद। (6) सुरक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले संगठन - सीमा जागरण मंच, हिंदू जागरण मंच, अखिल भारतीय रक्षा परिषद। उक्त समस्त संगठनों को पूर्ण स्वायत्तता प्रदत्त है एवं संघ की ओर से किसी भी प्रकार का बंधन इन संगठनों पर नहीं रहता है। अपने आचरण, आचार विचार एवं कार्य पद्धति के आधार पर भारतीय मूल के नागरिक हिंदू सनातन संस्कृति के संवाहक के रूप में अन्य कई देशों में कार्यरत हैं एवं वहां निवास कर रहे हैं और इन देशों की अर्थव्यवस्था में अपने योगदान को दिनोदिन मजबूती प्रदान कर रहे हैं। इन देशों के विभिन्न क्षेत्रों यथा सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक आदि में भारतवंशियों के योगदान को इन देशों मूल नागरिकों ने पहचाना एवं स्वीकारा है। इसके चलते लाखों की संख्या में विदेशी मूल के नागरिक हिंदू सनातन संस्कृति की ओर आकर्षित हुए हैं एवं अब ऐसा माना जाने लगा है कि हिंदू सनातन संस्कृति पूरे विश्व में भविष्य का विश्व धर्म होने जा रही है।

## चुनाव की घोषणा के बाद काफी कुछ खो चुके हैं अखिलेश यादव

**(अजय कुमार)**

दरअसल जब से अखिलेश यादव के हाथों में समाजवादी पार्टी की कमान आई है, तब से सपा लगातार चुनाव हार रही है। 2014, 2017, 2019, 2022 के साथ ही नगर निगम चुनाव में भी सपा अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाई है। आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा सीट पर सपा उपचुनाव हार गई। राजनीति में एक पुरानी कहावत है कि कोई गठबंधन या नेता किसी का स्थायी दोस्त या दुश्मन नहीं होता है। कल तक जो नेता सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ मिलकर मोदी-योगी के खिलाफ पानी पी-पीकर जहर उगल रहे थे, आज वो मोदी-योगी सरकार में शामिल हो चुके हैं। माना जा रहा है कि इसके पीछे काफी हद तक सपा मुखिया अखिलेश यादव जिम्मेदार रहे हैं। अब जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव की तारीखें पास आ रही है, वैसे-वैसे एक के बाद एक सहयोगी दलों के नेता समाजवादी पार्टी का साथ छोड़कर जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब अपना दल कमेरावादी पार्टी का नाम भी शामिल हो सकता है। दोनों दलों के बीच नाराजगी के चलते दूरियां भी बढ़ने लगी है। वहीं भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद के साथ भी खेला हो गया है, जिसके बाद से सियासी गलियारों का पारा भी बढ़ गया है। चर्चाओं का दौर जारी है। चर्चा ये भी है कि अपना दल कमेरावादी पार्टी सपा से अलग हो गया है, बस औपचारिक घोषणा होना बाकी है। अखिलेश से दूर गठबंधन के सहयोगी तो जा ही रहे हैं पार्टी के कई नेताओं ने भी समाजवादी पार्टी छोड़ दी है और अभी भी यह सिलसिला जारी है। चुनाव की घोषणा होने के समय जो अखिलेश काफी मजबूत स्थिति में दिख रहे थे अब उनकी स्थिति काफी कमजोर हो गई है। कई मौकों पर तो वह स्वयं भी अपने आप को असहाय बताते नजर आ जाते हैं। दरअसल जब से अखिलेश यादव के हाथों में समाजवादी पार्टी की कमान आई है, तब से सपा लगातार चुनाव हार रही है। 2014, 2017, 2019, 2022 के साथ ही नगर निगम चुनाव में भी सपा अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाई है। आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा सीट पर सपा उपचुनाव हार गई। हालांकि मैनपुरी लोकसभा और घोसी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के रिजल्ट जरूर अखिलेश के पक्ष में रह चुके हैं। इसी तरह चुनाव दर चुनाव में अखिलेश ने अन्य दलों के साथ गठबंधन किया लेकिन चुनाव बाद उस गठबंधन की गांठे खुलती गई। 2017 में कांग्रेस, 2019 में बसपा और 2022 में सुभासपा और जयन्त के साथ किए गए गठबंधन का हश्र एक ही हुआ। चुनाव से पहले गठबंधन हुआ और चुनाव बाद रास्ते अलग हो गए। हालांकि 2024 चुनाव के चलते राहुल और अखिलेश फिर से साथ आ गए हैं।अब इस लिस्ट में कई और भी नाम जुड़ने की ओर अग्रसर हैं। हालात यही रहे तो सपा मुखिया अखिलेश यादव को अपना दल कमेरावादी और एएसपी चीफ चंद्रशेखर आजाद से भी हाथ धोना पड़ जाएगा। इन दोनों दलों के नेताओं से बढ़ी दूरी का कारण भी अखिलेश यादव बताए जा रहे हैं। अपना दल क. की नेता पल्लवी पटेल सपा से विधायक हैं। उन्होंने 2022 विधान सभा चुनाव में सिराथू सीट पर केशव प्रसाद मौर्य को हराकर जीत दर्ज की थी। तब से पल्लवी और अखिलेश के राजनीतिक रिश्ते बढ़ गए थे। पल्लवी को उम्मीद थी कि सपा अपना दल क. अध्यक्ष कृष्णा पटेल को स्रष्ट या राज्यसभा के लिए भेजेगा। हालांकि विधान परिषद चुनाव और राज्यसभा चुनाव हो गए, लेकिन सपा ने कृष्णा पटेल के नाम पर सपा ने विचार भी नहीं किया, जिसके बाद पल्लवी की पार्टी ने भी अखिलेश से दूरी बना ली है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन संतान से जुड़ी समस्याएं दूर करने में बीतेगा। किसी प्रतियोगिता में आपकी जीत हो सकती है। किसी खास उपलब्धि से भी आपका मन प्रसन्न रहेगा, किन्तु मौसम परिवर्तन का स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। सेहत पर ध्यान दें और बाहर के खाने से बचें। मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### वृष
आज हर काम काफी सोचकर करने की जरूरत है। आप यदि व्यापारी हैं तो आज अनावश्यक अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। सरकारी नौकरी करने वालों को वरिष्ठ अधिकारी का क्रोध झेलना पड़ सकता है। शाम के वक्त सामाजिक संबंधों से आपको लाभ होगा। नई योजना की तरफ ध्यान दें, अचानक लाभ हो सकता है।

### कर्क
आज आपको छुटपुट लाभ की संभावना है। नौकरी व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे। आज आपको कारोबार में लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होगी। कोई भी काम करें तो सोचविचारकर करें। रात्रि का समय मित्रों और परिजनों के साथ खुशी में बीतेगा।

### सिंह
आज आपको कारोबार में मनचाही सफलता मिलेगी। सर्वार्थ सिद्धि योग के प्रभाव से आपको रुके हुए पैसे की प्राप्ति होगी और धन सम्मान में वृद्धि होगी। आपको करियर और व्यापार में जबर्दस्त लाभ होगा। और आपके लिए स्थान परिवर्तन के सुखद संयोग भी बन रहे हैं।

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए धन सम्मान से भरा होगा। दाम्पत्य जीवन में सरसता बनी रहेगी। पराक्रम में वृद्धि से शत्रुओं का मनोबल टूटेगा। दिन के उत्तरार्ध में अचानक अतिथियों के आगमन से व्यय भार बढ़ेगा और आपको घर का काम अधिक करना पड़ेगा। अच्छे काम करने से आपको लाभ होगा।

### कन्या
आज आर्थिक लाभ होगा और गोचर के शुभ प्रभाव से सफलता मिलेगी। आपको वाहन और भूमि खरीदने के मामले में लाभ होगा सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और घर की जरूरत का कोई सामान खरीदने में खर्च हो सकता है।

### तुला
आज आर्थिक लाभ होगा और आज आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपके धन में वृद्धि होगी और परिवार में एकता का माहौल रहेगा। सफलता आपके कदम चूमेगी और आपका दिन प्रसन्नता में बीतेगा। आप अपने सामाजिक क्षेत्र में मेल-जोल बढ़ाने में कामयाब होंगे और आपकी योजनाएं सफल होंगी।

### वृश्चिक
आज लाभ का दिन है। आज आपको अच्छे काम करने का फल अच्छा मिलेगा। स्वजनों से सुख मिलेगा और परिवार में सभी लोग प्रसन्न होंगे। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें। घर गृहस्थ की समस्या सुलझ जाएगी। राजकीय मदद भी मिलेगी। सूर्यास्त के समय अचानक लाभ होने के योग हैं।

### मकर
आज आपका दिन सम्मान से भरा होगा। आज आपके पद, अधिकार की महत्वाकांक्षा पूर्ण होगी। समस्याओं के समायोचित समाधान न मिलने से मानसिक अशांति रहेगी। दूर-समीप का यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित हो सकता है। व्यवसायिक मामलों में लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होगी।

### कुंभ
आज आर्थिक लाभ से जुड़ा होगा और आज आपको धन प्राप्ति के मामले में लाभ होगा। आपका विश्वास धर्म और आध्यात्म में बढ़ेगा और आपको कारोबार में मनचाहा लाभ होगा। रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें, अतीत के संदर्भ में अनुसंधान का लाभ मिलेगा। नए संपर्क से आपके कुछ रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### धनु
आज भाग्य साथ देगा और आज आपको धन की बचत करने में सफलता मिलेगी। अनावश्यक चिंताओं से आपका मन परेशान होगा। नई उपलब्धियां आपको कड़ी मेहनत से मिलेंगी और आप अपनी जिम्मेदारियां पूरी कर पाएंगे। सामाजिक उत्तरदायित्व भी बढ़ेगा। किसी अनजान व्यक्ति से आज लेनदेन न करें। वरना आपको धोखा मिल सकता है।

### मीन
आज लाभ का दिन है और आज आपका मन कुछ कर दिखाने का करेगा। अधिकारियों के साथ आपके संबंध अच्छे रहेंगे और आपको दूरगामी लाभ होगा। निराशाजनक विचारों से बचें और बेहतर होगा कि आप अपने काम पर फोकस करें। सायंकाल संतान पक्ष से अचानक शुभ समाचार मिल सकता है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5342

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 6 | | 4 | | | 3 | |
| | 5 | 7 | 8 | 2 | | | | |
| 1 | | | 9 | | | 5 | | |
| | | 9 | | 1 | | | | 8 |
| 5 | | | | | | | | 2 |
| 4 | | | | 9 | | 6 | | |
| | | 4 | | | 3 | | | 1 |
| | | | | 7 | 9 | 2 | 6 | |
| | 2 | | | 5 | | 9 | 8 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5341

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 5 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 9 | 5 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 |
| 7 | 4 | 6 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 6 | 4 | 5 | 1 | 8 |
| 6 | 9 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 1 | 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 5 | 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 | 3 | 9 |

## वर्ग पहेली 5342



**संकेत: बाएं से दाएं**
1. यह अलाउद्दीन खिलजी का दरबारी कवि था और सितार ओर तबले के आविष्कार का श्रेय इन्हें दिया जाता है, इन्हें तोता-ए-हिंद भी कहा जाता है (6)
6. भाड़ में भूंजा गया अन्न, अन्न कण (2)
7. वर दक्षिणा को यह कहा जाता है (3)
9. मर्जी, इच्छा अनुमति (2)
11. किशोर कुमार की अभिनेत्री पत्नी (सिर्फ आरंभिक नाम)(2)
12. पृथ्वी, जमीन, धरती (1)
13. मेरा या मेरी (संस्कृत) (2)
15. मां का वह दुलार जो उसकी संतान पर होता है (3)
17. सामंत शब्द का अपभ्रंश (3)
18. रफ्तार, गति (2)
20. इच्छा, मांग, जरूरत (3)
22. एक देवता जो कुबेर के सेवक और उनकी निधि के रक्षक कहे गए है (2)
23. प्रतीक्षा करने का भाव (अंग्रेजी)(2)
25. मध्यप्रदेश का एक जिला जो विदिशा सांची जैसे स्थानों के पास स्थित है (2)
26. मनुष्यों का वर्ग, भूखंड (3)
27. नगर का रहने वाला (4)

**ऊपर से नीचे**
1. बेबाक, चुकता किया हुआ (2)
2. लाट, धौलहरा, प्रशस्ति स्तंभ (3)
3. स्वयं, आप (2)
4. सखी, सहचरी (3)
5. वह डायरी जिसमें प्रतिदिन की कार्यवाही विवरण लिखा जाता है (5)
8. अवाम, पब्लिक (3)
10. एक रीछ जो सुग्रीव का मंत्री था (4)
14. स्वार्थी, मतलब परस्त, खुदगर्ज (4)
16. कर्नाटक के दक्षिण तथा ट्रावंकर के पश्चिम वाला पहाड़ी हिस्सा जो पश्चिमी घाट में है (5)
19. पश्चिमी एशिया में स्थित एक संप्रभु अरब अमीरात है जिसकी सीमा उत्तर में सऊदी अरब और उत्तर और पश्चिम में इराक से मिलती है (3)
21. निर्मित करना, काय के योग्य होना (3)
24. पानी भरने का नांद के आकार का बर्तन (2)

### वर्ग पहेली 5341 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | ज | रा | त | | गु | ला | ब |
| ट | न | | ज | टि | ल | | घा |
| नि | क | ल | ना | | ब | हा | र |
| र | | त | | आ | द | मी | |
| पे | प | र | | त | न | | ब |
| क्ष | ति | | का | शी | | सा | ल |
| | व्र | त | | | सौ | र | भ |
| बे | ता | ब | | भो | र | | द्र |



# 17 अप्रैल को राम नवमी, जानिए पूजा का शुभ मुहूर्त, विधि और महत्व

इस वर्ष राम नवमी पर प्रभु श्रीराम की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त का समय 17 अप्रैल को सुबह 11 बजकर 03 मिनट से लेकर दोपहर 01 बजकर 38 मिनट तक रहेगा।

हिंदू धर्म में राम नवमी के त्योहार का विशेष महत्व होता है। वैदिक पंचांग के अनुसार हर वर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को राम नवमी का त्योहार बड़े ही धूमधाम उत्साह के साथ मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी तिथि पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्म हुआ है। राम नवमी का पर्व चैत्र नवरात्रि का आखिरी दिन होता है। राम नवमी के साथ ही चैत्र नवरात्रि का समापन हो जाता है। राम नवमी पर भगवान राम की विशेष पूजा पूजा और आराधना की जाती है। इस दिन भगवान राम संग माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की पूजा की जाती है। आइए जानते हैं राम नवमी की पूजा विधि, शुभ मुहूर्त और कथा।

वैदिक पंचांग की गणना के अनुसार, चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि की शुरुआत 16 अप्रैल को दोपहर 01 बजकर 23 मिनट से शुरू हो जाएगी। नवमी तिथि का समापन 17 अप्रैल को दोपहर 03 बजकर 15 मिनट पर होगा। ऐसे में उदयातिथि के आधार पर राम नवमी का त्योहार 17 अप्रैल 2024 को मनाया जा जाएगा।

## राम नवमी शुभ मुहूर्त

इस वर्ष राम नवमी पर प्रभु श्रीराम की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त का समय 17 अप्रैल को सुबह 11 बजकर 03 मिनट से लेकर दोपहर 01 बजकर 38 मिनट तक रहेगा। इस तरह से राम नवमी पर पूजा के लिए कुल 2 घंटे और 35 मिनट का समय मिलेगा।

राम नवमी मध्याह्न का समय- 12. 20

विजय मुहूर्त - दोपहर 02 बजकर 34 मिनट से लेकर 03 बजकर 24 मिनट तक।

गोधूलि मुहूर्त- शाम 06 बजकर 47 मिनट से 07 बजकर 09 मिनट तक।

## राम नवमी पूजा विधि

राम नवमी का त्योहार हिंदुओं का एक प्रमुख त्योहार होता है, जिसे देश-दुनिया में बहुत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाता है। राम नवमी के दिन सबसे पहले सुबह जल्दी उठकर स्नान करके पवित्र होकर और साफ-सुथरे कपड़े धारण करें। फिर इसके बाद पूजा स्थल की सफाई करें। हाथ में अक्षत लेकर व्रत करने का संपल्प लें फिर भगवान राम की पूजा-अर्चना पूजन सामग्री के साथ आरंभ करें। सबसे पहले भगवान राम, माता सीता, भाई लक्ष्मण और भगवान हनुमान की प्रतिमा को स्थापित करें और सबको रोली, चंदन, धूप, फूल, माला, इत्र आदि से षोडशोपचार पूजन करें। फिर इसके बाद भगवान राम की पूजा में कई तरह फल, मिष्ठान, फूल और गंगाजल का इस्तेमाल करें। भगवान राम की पूजा में तुलसी के पत्तों और कमल के फूल का प्रयोग अवश्य करें। इसके बाद अपनी इच्छा के अनुसार रामचरितमानस, रामायण और रामरक्षास्तोत्र का पाठ करें। अंत में भगवान राम, माता सीता और हनुमान जी की आरती करते हुए पूजा संपन्न करें। पूजा के बाद सभी प्रसाद वितरित करें।

## राम नवमी का महत्व

राम नवमी का त्योहार हर साल बड़े ही उत्साह और भक्तिभाव के साथ पूरे देश में मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान राम विष्णु के सातवें अवतार के रूप में जन्म लिया था। वैदिक पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को भगवान राम का जन्म अयोध्या के राजा दशरथ के यहां बड़े पुत्र के रूप में लिया था। धार्मिक मान्यता के अनुसार राम का जन्म रावण के वध के लिए हुआ था। इस कारण से हर साल राम नवमी का पर्व भगवान राम के जन्म दिवस के रूप में बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है।

वैदिक पंचांग के अनुसार राम नवमी का त्योहार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को पड़ता है और यह चैत्र नवरात्रि का आखिरी दिन भी होता है। पूरे देश में इस दिन शक्ति की आराधना के साथ राम नवमी का त्योहार बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जा जाता है। देशभर इस दिन जगह-जगह धार्मिक जुलूस भी निकाले जाते हैं। राम नवमी के दिन मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं। इस पूरे दिन उपवास रखकर मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन से सीख लिया जाता है। सूर्यास्त के बाद व्रत का पारण करते हुए समापन किया जाता है।




# राम से भी बड़ा राम का नाम

**'राम' सिर्फ एक नाम नहीं हैं और न ही सिर्फ एक मानव। राम परम शक्ति हैं। प्रभु श्रीराम के द्रोहियों को शायद ही यह मालूम है कि वे अपने आसपास नर्क का निर्माण कर रहे हैं। इसीलिए यह चिंता छोड़ दो कि कौन प्रभु श्रीराम का अपमान करता है और कौन सुनता है। कौन जपता है और कौन नहीं जपता है।**

कहते हैं कि प्रभु श्रीरा राम का नाम राम से भी बड़ा है। राम राम जपने से कई लोगों को मोक्ष प्राप्त हो गया। राम एक महामंत्र है, जिसे हनुमान ही नहीं भगवान शिव भी जपते हैं। राम से पहले भी राम का नाम था। प्राचीन काल में राम ईश्वर के लिए संबोधित होता था।

### राम या मार

राम का उल्टा होता है म, अ, र अर्थात मार। मार बौद्ध धर्म का शब्द है। मार का अर्थ है- इंद्रियों के सुख में ही रत रहने वाला और दूसरा आंधी या तूफान। राम को छोड़कर जो व्यक्ति अन्य विषयों में मन को रमाता है, मार उसे वैसे ही गिरा देती है, जैसे सूखे वृक्षों को आंधियां।

### राम नाम कहने का अर्थ

- एक बार राम कहा तो संबोधन हुआ। राजस्थान में कहते हैं राम सा। आपके सारे दु:ख हरने वाला सिर्फ एकमात्र नाम है- 'हे राम।'
- दो बार राम कहा तो अभिवादन हुआ। उत्तर भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में कहते हैं राम राम।
- तीन बार राम कहा तो संवेदना हुई। जैसे 'ये क्या हुआ राम राम राम।'
- चार बार राम कहा तो भजन हुआ।

### तारणहार राम का नाम

राम का नाम जपने वाले कई संत और कवि हुए हैं। जैसे कबीरदास, तुलसीदास, रामानंद, नाभादास, स्वामी अग्रदास, प्राणचंद चौहान, केशवदास, रैदास या रविदास, दादूदयाल, सुंदरदास, मलूकदास, समर्थ रामदास आदि। श्रीराम-श्रीराम जपते हुए असंख्य साधु-संत मुक्ति को प्राप्त हो गए हैं।

### जीवन रक्षक नाम

प्रभु श्रीराम नाम के उच्चारण से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जो लोग ध्वनि विज्ञान से परिचित हैं वे जानते हैं कि 'राम' शब्द की महिमा अपरम्पार है। जब हम 'राम' कहते हैं तो हवा या रेत पर एक विशेष आकृति का निर्माण होता है। उसी तरह चित्त में भी विशेष लय आने लगती है। जब व्यक्ति लगातार 'राम' जप करता रहता है तो रोम-रोम में प्रभु श्रीराम बस जाते हैं। उसके आसपास सुरक्षा का एक मंडल बनना तय समझो। प्रभु श्रीराम के नाम का असर जबरदस्त होता है।

### चौपाई

*हरि अनंत हरि कथा अनंता। कहहिं सुनहिं बहुबिधि सब संता?*
*रामचंद्र के चरित सुहाए। कलप कोटि लगि जाहिं न गाए?*

### भावार्थ

हरि अनंत हैं (उनका कोई पार नहीं पा सकता) और उनकी कथा भी अनंत है। सब संत लोग उसे बहुत प्रकार से कहते-सुनते हैं। रामचंद्र के सुंदर चरित्र करोड़ों कल्पों में भी गाए नहीं जा सकते।

## भगवान राम के बारे में 10 बातें

संसार के पालनहार भगवान श्री विष्णु जी ने धर्म की स्थापना और अधर्म के समूल नाश के लिए त्रेतायुग में धरती पर मनुष्य रूप में अवतार लिया था। भगवान विष्णु के अनेक अवतारों में से एक अवतार त्रेता युग में सरयू नदी के तट पर बसी अयोध्या नगरी में सूर्यवंश कुल के राजा दशरथ की महारानी कौशल्या के गर्भ से चैत्र मास की नवमी तिथि अभिजीत मुहूर्त में राम जी ने जन्म लिया था। तब से लेकर आज तक युगों-युगों से चैत्र मास की नवमी तिथि को रामनवमी पर्व मनाया जाता है।

- भगवान श्री राम को मर्यादा का प्रतीक माना जाता है।
- उन्हें पुरुषोत्तम यानि श्रेष्ठ पुरुष की संज्ञा दी जाती है।
- राम जी स्त्री पुरुष में भेद नहीं करते। अनेक उदाहरण है जहां वे अपनी पत्नी सीता के प्रति समर्पित व उनका सम्मान करते नजर आते हैं।
- भगवान राम समाज में व्याप्त ऊंच नीच के भेदभाव को भी नहीं मानते। शबरी के झूठे बेर खाने का उदाहरण इसे समझने के लिये सर्वोत्तम है।
- राम जी वेद शास्त्रों के ज्ञाता और समस्त लोकों पर अपने पराक्रम का परचम लहराने वाले हैं।
- भगवान श्री राम विभिन्न कलाओं में निपुण लंकापति रावण के अंहकार के किले को ध्वस्त करने वाले परम पराक्रमी है।
- रामनवमी के दिन धूमधाम के साथ राम जन्मोत्सव मनाते हुए श्रीरामचरित मानस ग्रंथ का पाठ करना चाहिए।
- श्रीराम लला को मावा एवं पंजरी का भोग अति प्रिय है।
- श्रीरामनवमी के दिन उपवास रखने से जीवन में सुख समृद्धि आती है और ज्ञात-अज्ञात सभी तरह के पापों का नाश हो जाता है।





# रामनवमी पर बने हैं शुभ योग

चैत्र माह की नवमी तिथि को बेहद खास माना जाता है। इस दिन राम नवमी का पर्व मनाया जाता है। इसके साथ ही सिद्धदात्री माता की पूजा के साथ ही नवरात्रि का समापन भी इसी दिन होता है। वाल्मीकि रामायण के अनुसार, भगवान राम का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ था। यही वजह है कि, चैत्र माह की नवमी तिथि को राम नवमी के नाम से भी जाना जाता है। हर साल इस दिन पूरे भारत वर्ष में राम जन्मोत्सव बहुत धूमधाम से माना जाता है।

### भगवान राम की पूजा से मिलते हैं ये लाभ

राम नवमी के दिन विधि-विधान से भगवान राम की पूजा करने से भक्तों के संकट कट जाते हैं। भगवान राम की पूजा से आपकी रचनात्मक क्षमता का विकास होता है और बौद्धिक रूप से भी आप मजबूत होते हैं। घर परिवार में सुख-समृद्धि रखने वालों को भी राम जी की पूजा अवश्य करनी चाहिए। राम नवमी पर श्रीराम की पूजा करके आपके घर में सकारात्मकता आती है, इसके साथ ही राम जी की पूजा करने से माता पार्वती, हनुमान जी और भोलेनाथ का आशीर्वाद भी आपको प्राप्त होता है।

# जीवन को खुशियों से भर देंगे राम नवमी के अचूक उपाय

इस वर्ष रामनवमी पर्व 17 अप्रैल को मनाया जा रहा है। इस दिन निम्न उपाय आजमाने से जीवन में खुशियां आती है।

- इस दिन 1 कटोरी में पानी लेकर रामरक्षा मंत्र ऊँ श्रीं ह्रीं क्लीं रामचन्द्राय श्रीं नम: का 108 बार जाप करें। फिर घर के सभी कोने में उस जल का छिड़काव कर दें। इससे वास्तुदोष दूर होने के साथ ही घर की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त हो जाएगी।
- दांपत्य जीवन में दूरियां कम करके प्रेम बढ़ाने के लिए महिला इस दिन खीर बनाकर उसे रात्रि में चन्द्रमा की रोशनी में एक घंटे तक रखने के बाद वह खीर दोनों मिलकर खा लें।
- राम नवमी के दिन भगवान श्रीराम के मंदिर में या उनके चित्र के सामने 3 बार अलग अलग समय पर श्रीरामचन्द्र कृपालु भजु मन..., का पाठ करें। ऐसा करने से व्यक्ति के दुख और कष्ट दूर होते हैं।
- रामनवमी पर प्रभु श्री राम के भक्त हनुमान जी की गुणगान करें और हनुमान चालीसा का संपूर्ण पाठ करें। इससे जातक पर श्रीराम और हनुमान जी की कृपा बनी रहती है।
- राम नवमी के दिन राम रक्षा स्तोत्र का पाठ करें। इससे सभी तरह के सकंट दूर होकर आपकी रक्षा होगी।
- राम नवमी के दिन भगवान श्रीराम के पूजन के समय राम नाम का जप जरूर करें। इससे जीवन में सुख एवं खुशहाली आएगी।
- राम नवमी के दिन रामायण या रामचरितमानस का पाठ करना या कराना अत्यंत ही शुभ माना गया है। इससे अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और सारे दुःख दूर हो जाते हैं।
- रामनवमी के दिन सुंदरकांड का पाठ करने या कराने से जीवन में मंगल ही मंगल होता है। या सिर्फ 卐मंगल भवन अमंगल हारी द्रवहुसु दसरथ अजिर बिहारी चौपाई का सम्पुट लगाकर पाठ करें। (चौपाई का अरद्धांश रामचरित मानस के पाठ के हर दोहे के पहले और बाद में पाठ किया जाता है तो उस अर्द्ध अंश को सम्पुट कहते हैं)




# राम जन्म की रोचक घटनाएं

**भगवान प्रभु श्रीराम का जन्म वाल्मीकि कृत रामायण के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी को हुआ था। आओ जानते हैं जन्म की रोचक घटनाएं।**

- **राजा दशरथ ने किया था पुत्रेष्टि यज्ञ :**
  रामचरितमानस के बालकंाड के अनुसार राजा दशरथ ने पुत्र की कामना से पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। वशिष्ठजी ने श्रृंगी ऋषि को बुलवाया और उनसे शुभ पुत्रकामेष्टि यज्ञ कराया। इस यज्ञ के बाद कौसल्या आदि प्रिय रानियों को पुत्र प्राप्त हुए।
- **शुभ योग में हुआ जन्म :**
  योग, लग्न, ग्रह, वार और तिथि सभी अनुकूल हो गए तब श्रीराम का जन्म हुआ। पवित्र चैत्र का महीना था, नवमी तिथि थी। शुक्ल पक्ष और भगवान का प्रिय अभिजित मुहूर्त था। दोपहर का समय था। न बहुत सर्दी थी, न धूप (गरमी) थी।
- **चारों और मौसम खुशनुमा हो गया :**
  वह पवित्र समय सब लोकों को शांति देने वाला था। जन्म होते ही जड़ और चेतन सब हर्ष से भर गए। शीतल, मंद और सुगंधित पवन बह रहा था। देवता हर्षित थे और संतों के मन में (बड़ा) चाव था। वन फूले हुए थे, पर्वतों के समूह मणियों से जगमगा रहे थे और सारी नदियां अमृत की धारा बहा रही थीं।
- **देवता उपस्थित हुए :**
  जन्म लेते ही ब्रह्माजी समेत सारे देवता विमान सजा-सजाकर पहुंचे। निर्मल आकाश देवताओं के समूहों से भर गया। गंधर्वों के दल गुणों का गान करने लगे। सभी देवाता राम लला को देखने पहुंचे।
- **नगर में हुआ हर्ष व्याप्त :**
  राजा दशरथ ने नांदीमुख श्राद्ध करके सब जातकर्म-संस्कार आदि किए और द्वीजों को सोना, गो, वस्त्र और मणियों का दान दिया। संपूर्ण नगर में हर्ष व्याप्त हो गया। ध्वजा, पताका और तोरणों से नगर छा गया। जिस प्रकार से वह सजाया गया। चारों और खुशियां ही खुशियां थीं। घर-घर मंगलमय बधावा बजने लगा। नगर के स्त्री-पुरुषों के झुंड के झुंड जहां-तहां आनंदमग्न हो रहे हैं।





# कंगुवा से जारी हुआ सूर्या का फर्स्ट लुक, दोहरी भूमिका में नजर आएंगे

सूर्या ने अपने ऑफीशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर फैंस को अपनी अपकमिंग फिल्म कंगुवा के पहले पोस्टर के साथ सर्प्राइज दिया है। इस पोस्टर में एक्टर डबल रोल में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में एक्टर डबल रोल में आमने सामने खड़े दिखा रहे हैं। फिल्म निर्माताओं द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक एक्टर का इस फिल्म में एक रोल आज से 500 साल पुराना होगा, वहीं उनका दूसरा रोल आज के समय का होगा। एक्टर के शेयर किए गए इस पोस्टर को अब तक लाखों फैंस ने लाइक किया है। इसके साथ ही फैंस उन्हें इस फिल्म के लिए बधाई भी दे रहे हैं। वहीं एक यूजर ने कमेंट में एक्टर से इस फिल्म की रिलीज डेट को लेकर भी सवाल किया है।

## दस भाषाओं मे रिलीज होगी फिल्म

बता दें कंगुवा एक पीरियड ड्रामा फिल्म होने वाली है। सिरुथाई शिवा के निर्देशन में बनी इस फिल्म का बजट 300 करोड़ बताया जा रहा है। इस फिल्म में 500 साल पुरानी कहानी को आज के समय से जोड़ा जाएगा। बात करें फिल्म की कास्ट की तो फिल्म में सूर्या के साथ साथ बॉबी देओल भी नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में एक्टर निगेटिव रोल प्ले कर रहे हैं। इससे पहले बॉबी देओल ने रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल में निगेटिव रोल प्ले किया था। उनके इस अवतार को फैंस ने खूब पसंद किया था। फिल्म 10 भाषाओं में रिलीज होगी। हालांकि अब तक इस फिल्म की रिलीज डेट को लेकर किसी तरह का खुलासा नहीं किया गया है।



# खतरों के खिलाड़ी 14 के लिए मेकर्स ने शिल्पा शिंदे को किया अप्रोच

रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी जल्द ही 14वें सीजन के साथ लौट रहा है। इस बार शो यूरोप के रूमानिया शहर में शूट किया जाएगा। बता दें, फिल्ममेकर रोहित शेट्टी इस सीजन में भी बतौर होस्ट नजर आएंगे। माना जा रहा है कि इस सीजन से एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे टेलीविजन पर अपना कमबैक कर सकती हैं। सूत्रों की मानें तो अभिनेत्री ने शो में बतौर कंटेस्टेंट पार्टिसिपेट करने की हामी भर दी है। हालांकि, अब तक उन्होंने कोई ऑफिशियल कॉन्ट्रैक्ट साइन नहीं किया है। शिल्पा शिंदे टीवी शो भाभीजी घर पर हैं में अंगूरी भाभी का किरदार निभाकर पॉपुलर हुई थीं, हालांकि 2016 में उन्हें शो से रिप्लेस कर दिया गया था। वे आखिरी बार शो मैडम सर में एक कैमियो रोल में नजर आई थी। शिल्पा के अलावा, मेकर्स ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से जुड़ी कई जानी-मानी पर्सनालिटीज को भी एप्रोच किया है। डालते हैं संभावित लिस्ट पर एक नजर –

### विवेक दहिया



टीवी एक्टर विवेक दहिया को झलक दिखला जा 11 में भी देखा गया था। ख्ख्ख 14 के मेकर्स ने उनसे शो में बतौर कंटेस्टेंट पार्टिसिपेट करने के संपर्क किया है। बता दे, विवेक की पत्नी दिव्यांका त्रिपाठी भी खतरों के खिलाड़ी 11 की प्रतियोगी थीं।

### अभिषेक कुमार

अभिषेक कुमार ने बिग बॉस 17 में अपनी उपस्थिति से कई दिल जीते थे। वह बिग बॉस 17 के पहले रनर अप थे। वह खतरों के खिलाड़ी 14 में भी नजर आ सकते हैं क्योंकि उन्हें रोहित शेट्टी ने सबसे पहले अपने शो के लिए चुना था। हालांकि, अभी तक एक्टर की तरफ से कोई पुष्टि नहीं की गई है।

### मनारा चोपड़ा



एक्ट्रेस और मॉडल मन्नारा चोपड़ा सलमान खान के बिग बॉस 17 की दूसरी रनर-अप थीं। अब वे रोहित शेट्टी की खतरों के खिलाड़ी 14 में नजर आ सकती हैं।

### मनीषा रानी



बिग बॉस ओटीटी 2 और झलक दिखला जा 11 की प्रतियोगी मनीषा रानी के ख्ख्ख 14 में नजर आने की सबसे अधिक संभावना है।

### हेली शाह



पॉपुलर टीवी एक्ट्रेस हेली शाह भी KKK14 के संभावित प्रतियोगियों की लिस्ट में हैं। आखिरी बार वे सीरियल इश्क में मरजावां ने नजर आई थीं।

### नील भट्ट

KKK14 में एक्टर-डांसर नील भट्ट भी नजर आ सकते हैं। नील की पत्नी ऐश्वर्या शर्मा भी खतरों के खिलाड़ी 13 का हिस्सा रह चुकी हैं।

### जिया शंकर

शो में भाग लेने के लिए बिग बॉस ओटीटी 2 फेम जिया शंकर से भी मेकर्स ने संपर्क किया है।

### शोएब इब्राहिम

एक्टर और दीपिका कक्कड़ के पति शोएब इब्राहिम झलक दिखला जा 11 के बाद KKK14 में नजर आ सकते हैं।

### राधिका मुथुकुमार

सीरियल दो चुटकी सिन्दूर की एक्ट्रेस राधिका मुथुकुमार खतरों के खिलाड़ी के नए सीजन में नजर आ सकती हैं।





# फिल्मी पर्दे पर अपनी कहानी दिखाना चाहती हैं नोरा

**नोरा फतेही ने 'क्रैक' के अच्छा प्रदर्शन ना कर पाने पर खुलकर अपने विचार साझा किए। इस दौरान उन्होंने अपनी कहानी को फिल्मी पर्दे पर दिखाने की इच्छा भी जाहिर की।**

नोरा फतेही बॉलीवुड का एक ऐसा नाम बन चुकी हैं, जो किसी पहचान की मोहताज नहीं। अभिनेत्री और डांसर नोरा फतेही ने भारतीय सिनेमा में एक डांसर के तौर पर अपने करियर की शुरुआत की। अभिनेत्री अपने डांस के लिए तो मशहूर हैं ही, लेकिन अब उनकी अदाकारी को भी दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। हाल ही में उनकी दो फिल्में 'मडगांव एक्सप्रेस' और 'क्रैक' रिलीज हुई हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बहुमुखी प्रतिभा की धनी अभिनेत्री नोरा फतेही ने अपनी कहानी को फिल्मी पर्दे पर दिखाने की इच्छा जाहिर की है।

## बॉक्स ऑफिस अंक नहीं रखता मायने

नोरा फतेही ने एक साक्षात्कार में अपनी फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' और 'क्रैक' के प्रदर्शन को लेकर बातचीत की। अभिनेत्री की दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर औसत रहीं। इसी बातचीत के दौरान उन्होंने अपने जीवन की कहानी को फिल्मी पर्दे पर दिखाने की इच्छा भी जाहिर की। फिल्मों के प्रदर्शन को लेकर नोरा ने कहा कि बॉक्स ऑफिस अंक उनके लिए उतना मायने नहीं रखता। वह इस समय अपना ध्यान अपनी लाइफ जर्नी पर केंद्रित कर रही हैं। उन्होंने कहा, 'मेरी कहानी में बॉक्स ऑफिस की कोई चर्चा नहीं होगी, वह किसी और की कहानी होगी। जब फिल्में अच्छा प्रदर्शन नहीं करती, मैं खुद से कहती हूं ठीक है कोई बात नहीं। कम से कम मुझे फिल्म करने का मौका तो मिला'। नोरा अपने करियर को लेकर विशेष दृष्टिकोण रखती हैं। वह इस बात पर जोर देती हैं कि बॉक्स ऑफिस सफलता उनका मुख्य उद्देश्य नहीं है। अभिनेत्री प्राप्त अवसरों को अपने कलात्मकता को बढ़ाने के लिए उपयोग करती हैं।

## फिल्म की असफलता पर अच्छा महसूस करती हैं नोरा

बातचीत के दौरान नोरा ने खुलकर कहा, 'कई बार लोग 'क्रैक' के अच्छा प्रदर्शन ना करने के बारे में मुझसे पूछते हैं कि मैं कैसा महसूस करती हूं? मैं उनसे कहती हूं 'मैं बहुत अच्छा महसूस करती हूं'। मैं इंडस्ट्री में बड़े नंबर्स के लिए नहीं आई हूं। मैं बॉक्स ऑफिस अदाकारा नहीं हूं।' अभिनेत्री ने 'बाटला हाउस' और 'स्ट्रीट डांसर थ्रीडी' में डांस नंबर से शुरुआत की और अब अदाकारी में भी अपना हाथ आजमा रही हैं।



# आर्टिकल 370 के लिए यामी गौतम ने जताया दर्शकों का आभार


बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम स्टारर आर्टिकल 370 को दर्शकों की खूब सराहना मिली। इसके साथ ही फिल्म में यामी के अभिनय प्रदर्शन की भी खूब तारीफ हुई है। यह फिल्म कश्मीर में आतंकवाद के बढ़ने और इसके खिलाफ सरकार की लड़ाई पर आधारित है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी जबर्दस्त कलेक्शन किया है। अभी भी ये फिल्म सिनेमाघरों में लगी हुई है। फिल्म को दर्शकों की तरफ से मिले प्यार के लिए यामी ने दर्शकों को आभा व्यक्त किया है। यामी गौतम ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया है। उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए दर्शकों के लिए एक धन्यवाद नोट लिखा है।

अभिनेत्री ने लिखा, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में अभी भी सफलतापूर्वक चल रही फिल्म के 50 गौरवशाली दिनों का समय बीत चुका है। मुझे यह खास अवसर देने के लिए मैं आदित्य धर फिल्म्स की बेहद आभारी हूं। एक शानदार निर्माता होने के लिए लोकेश धर का विशेष धन्यवाद। उन्होंने आगे लिखा, फिल्म में जान डालने के लिए निर्देशक, लेखकों, अभिनेताओं और एडिटिंग समेत पूरी टीम को धन्यवाद। यामी ने लिखा, मैं अपने दर्शकों का इस विश्वास को बहाल करने के लिए आभारी हूं कि वे हमेशा ऐसे सिनेमा को अपनाएंगे और उसका जश्न मनाएंगे।

# मिस्टर एंड मिसेज माही की रिलीज के लिए उत्साहित हैं आलिया



जान्हवी कपूर और राजकुमार राव की अगली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही 31 मई 2024 को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। रिलीज से पहले निर्माताओं ने एक नया पोस्टर साझा किया जिसमें मुख्य कलाकार क्रिकेट वर्दी में नजर आ रहे हैं। फिल्म की रिलीज के लिए जान्हवी और राजकुमार राव ही नहीं, बल्कि बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट भी उत्साहित हैं। आलिया ने फिल्म के पोस्टर पर प्यार लुटाते हुए बताया कि वे फिल्म देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकतीं। आलिया ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कैन्ट वेट शैरी कैप्शन के साथ पोस्टर शेयर किया, जान्हवी ने भी अपनी प्रतिक्रिया साझा की राजकुमार महेंद्र सिंह धोनी का किरदार निभाएंगे, जबकि जान्हवी महिमा नामक किरदार की भूमिका निभाएंगी।



# सलमान के घर के बाहर हुई फायरिंग पर बोले अरबाज

**14 अप्रैल को सुबह करीब पांच बजे मुंबई के बांद्रा में सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों ने चार राउंड फायरिंग की, जिसके बाद से कई तरह की जानकारियां सामने आईं। पुलिस की जांच जारी है। कई सितारे और राजनेता सलमान खान का हाल-चाल जानने गैलेक्सी अपार्टमेंट भी पहुंचे। वहीं कई यूजर्स ने इसे सलमान खान द्वारा किया गया पब्लिसिटी स्टंट भी बताया। वहीं कई खबरें आईं, जिनमें कहा गया कि फायरिंग मामले में सलमान के परिवार और उनके पिता सलीम खान ने प्रतिक्रिया दी है। हालांकि, अब फायरिंग के बाद पहली बार खान परिवार की ओर से आधिकारिक बयान जारी किया गया है।**

अभिनेता और निर्माता अरबाज खान ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा किया। सलमान खान के भाई अरबाज खान ने बॉलीवुड अभिनेता के मुंबई आवास के बाहर हुई गोलीबारी की घटना पर प्रतिक्रिया दी है। अरबाज ने कहा कि परिवार को पुलिस पर भरोसा है और वह जांच में उनका सहयोग कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने इस घटना को परेशान करने वाला बताया। पोस्ट में अरबाज ने लिखा, हाल ही में सलीम खान परिवार के निवास स्थान गैलेक्सी अपार्टमेंट में मोटरसाइकिल पर दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गोलीबारी की घटना बहुत परेशान करने वाली और परेशान करने वाली है। इस चौंकाने वाली घटना से हमारा परिवार स्तब्ध है। अभिनेता ने आगे लिखा, दुर्भाग्य से कुछ लोग हमारे परिवार के करीबी होने का दावा करने वाले और प्रवक्ता होने का दिखावा करने वाले मीडिया में अनाप-शनाप बयान दे रहे हैं और कह रहे हैं कि यह सब एक प्रचार स्टंट है और परिवार अप्रभावित रहेगा, जो सच नहीं है और सलीम के किसी भी सदस्य को इन विचारों को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए, खान परिवार ने इस घटना को लेकर मीडिया में कोई बयान दिया है।

अरबाज खान ने आगे लिखा, इस समय परिवार इस अप्रिय घटना की जांच में पुलिस की मदद और सहयोग कर रहा है। हमें मुंबई पुलिस पर भरोसा है और हमें आश्वासन दिया गया है कि वे हमारे परिवार की सुरक्षा और सुरक्षा के लिए अपनी क्षमता में सब कुछ करेंगे। आप सभी को धन्यवाद आपके प्यार और समर्थन के लिए।

इस बीच सलमान के घर के बाहर हुई फायरिंग के कुछ घंटे बाद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई ने घटना की जिम्मेदारी ली। सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए कहा गया कि यह केवल ट्रेलर था। घटना के बाद अभिनेता की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। मुंबई पुलिस ने कहा कि जब गोलीबारी हुई, तब सलमान घर में ही थे। इससे पहले लॉरेंस बिश्नोई और वांटेड गैंगस्टर गोल्डी बरार ने कई बार घोषणा की थी कि वे सलमान खान को मारने की योजना बना रहे हैं। पिछले साल मार्च और नवंबर में सलमान खान को कथित तौर पर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से ऑनलाइन धमकियां मिली थीं।

## संक्षिप्त समाचार

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने नई इनोवा हाईक्रॉस पेट्रोल जीएक्स (ओ) ग्रेड पेश की

**बेंगलुरु, एजेंसी।** ग्राहक-सबसे पहले की अपनी संस्कृति और उनकी आवश्यकताओं का ख्याल रखते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज इनोवा हाईक्रॉस जीएक्स (ओ) पेट्रोल संस्करण में एक नए ग्रेड की शुरुआत की घोषणा की। इनोवा हाइक्रॉस लाइन-अप का नवीनतम संयोजन, 10 से अधिक उन्नत आराम और प्रौद्योगिकी सुविधाओं का दावा करता है, जिससे उन ग्राहकों के लिए मूल्य प्रस्ताव का स्तर बढ़ जाता है जो अधिक की तलाश में हैं। इनोवा हाईक्रॉस जीएक्स (ओ) ग्रेड की बुकिंग खुली हुई है और डिलीवरी 15 अप्रैल 2024 से शुरू होने की उम्मीद है। जीएक्स (ओ) ग्रेड 7 और 8 सीट वाले विकल्पों में पेश किया गया है। यह सात गतिशील रंगों में उपलब्ध है - ब्लैकिश एजहा



ग्लास फ्लेक, प्लैटिनम व्हाइट पर्ल, एटीट्यूड ब्लैक मीका, स्पार्कलिंग ब्लैक पर्ल क्रिस्टल शाइन, सिल्वर मेटालिक, सुपर व्हाइट और अवंत गार्डे ब्रोन्ज मेटैलिक। नई पेशकश पर टिप्पणी करते हुए, सबरी मनोहर वाइस प्रेसिडेंट, बिक्री-सेवा-प्रयुक्त कार व्यवसाय, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा, टीकेएम में, हम लगातार बाजार की जरूरतों को सुन रहे हैं और इस प्रकार यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हम जो भी वाहन पेश करते हैं वह हमारे ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप हो। नई इनोवा हाईक्रॉस पेट्रोल जीएक्स (ओ) ग्रेड इस दर्शन का एक प्रमाण है जो विलासिता और दक्षता की भावना को सावधानीपूर्वक मिश्रित करते हुए बेहतर आराम और उन्नत तकनीक प्रदान करता है। जबकि प्रदर्शन शीर्ष श्रेणी का बना हुआ है, 10+ फीचर्स उन ग्राहकों के साथ दृढ़ता से प्रतिध्वनित होने की उम्मीद है जो अपनी विकसित जीवनशैली आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से एक आकर्षक प्रस्ताव के साथ पूरी तरह से लोडेड पेट्रोल रूपांतर की तलाश में हैं।

### रैपिडो और मध्य प्रदेश चुनाव आयोग की पहल मतदाताओं को प्रदान करेगी परिवहन सेवाएं

**भोपाल।** देश के लोकतांत्रिक ढांचे को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता के साथ भारत के प्रमुख कम्यूट ऐप रैपिडो ने राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हुए 'सवारी जिम्मेदारी की' पहल का लॉन्च किया है। मध्य प्रदेश राज्य चुनाव आयोग के सहयोग से रैपिडो भारतीय आम चुनाव 2024 के दौरान नागरिक भागीदारी में भूमिका निभाने जा रही है। अपनी इस ऐतिहासिक पहल के तहत रैपिडो मध्य प्रदेश के मुख्य शहरों जैसे जबलपुर, भोपाल, ग्वालियर, इंदौर और उज्जैन में मतदाताओं को मुफ्त बाईक टैक्सी राईड उपलब्ध कराएगी। नागरिकों के मतदान के अधिकार को बढ़ावा देना तथा चुनाव प्रक्रिया को अधिक समावेशी बनाना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। ये प्रयास रैपिडो के राष्ट्रव्यापी अभियान के अनुरूप हैं, जिसके तहत 100 से अधिक शहरों में चुनाव के दिन मुफ्त राईड उपलब्ध कराने के लिए 10 लाख से अधिक कैप्टन्स को लगाया गया है। मध्य प्रदेश राज्य चुनाव आयोग के साथ रैपिडो की साझेदारी ऐसा ब्राण्ड बनने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो बेहतर समाज के निर्माण में सकारात्मक योगदान दे सके। रैपिडो के सह-संस्थापक पवन गुंटुपल्ली ने कहा, ''हम इस पहल के द्वारा सुनिश्चित करना चाहते हैं कि जबलपुर, भोपाल, ग्वालियर, इंदौर और उज्जैन में हर मतदाता भारतीय आम चुनाव 2024 के दौरान अपने मतदान के कर्तव्य को सफलतापूर्वक निभाएं। ये मुफ्त राईड्स उपलब्ध कराकर हम लोकतंत्र को बढ़ावा दे रहे हैं।

#### हायर इंडिया ने पेश की एस800क्यूटी क्यूएलईडी सीरीज

# इमर्सिव व्यूइंग के लिए नया बेंचमार्क किया स्थापित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लगातार 15 सालों से नंबर 1 वैश्विक प्रमुख उपकरण ब्रांड, हायर अप्लायंसेज इंडिया ने अपनी नवीनतम स्मार्ट क्यूएलईडी सीरीज एस800क्यूटी के लॉन्च की घोषणा की है। होम एंटरटेनमेंट एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन की गई इस सीरीज में 4के क्यूएलईडी डिस्प्ले है और यह 4 साइज 75, 65, 55 और 43 में आती है, जो सभी चैनलों पर 38,990 रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध होगी। ऑल-न्यू क्यूएलईडी सीरीज एक अद्वितीय मनोरंजन अनुभव प्रदान करने, उन्नत सुविधाओं की पेशकश करने और मंत्रमुग्ध करने वाले डिजाइन तत्वों की हायर इंडिया की व्यापक प्रशंसा पर आधारित है। अपने मूल में क्वांटम डॉट तकनीक के साथ, एस800क्यूटी सीरीज रंगों का एक असाधारण स्पेक्ट्रम, अविश्वसनीय रूप से शानदार विज़ुअल्स और 4य डिस्प्ले के साथ बेजोड़ स्पष्टता प्रदान करती है। यह रेवोल्यूशनरी सीरीज दृश्यात्मक रूप से आकर्षक लुक के साथ अत्याधुनिक तकनीक को एकीकृत करती है, जिसका लक्ष्य उपभोक्ताओं को अपने घर के आराम से एक अद्वितीय सिनेमाई यात्रा में डुबो देना है।

#### डॉल्बी विज़न एटमॉस

डॉल्बी विज़न एटमॉस के साथ, आप वास्तव में फिल्म, शो, म्यूजिक, स्पोर्ट्स या कोई अपना पसंदीदा गेम देखने, सुनने और खेलते वक्त उनसे जुड़ाव का एक गहन अनुभव महसूस कर सकते हैं। एक अद्वितीय इमर्सिव एक्सपीरियंस के साथ तैयार रहें, जो आपको और अधिक ललचाने पर मजबूर कर देगा।

नई सीरीज होम इंटरटेनमेंट में एक नया मानदंड स्थापित करने के लिए तैयार है, जो उपभोक्ताओं को उन्नत प्रौद्योगिकी और बेहतर डिजाइन की प्रतिभा का आनंद लेने के लिए आमंत्रित करती है। इस नवीनतम पेशकश के साथ, हायर इंडिया ने उद्योग में अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि की है, जो अपने समझदार ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने और उससे आगे बढ़ने के लिए लगातार इनोवेशन कर रहा है।

# क्या डेयरी ऋण योजना के तहत नाबार्ड सीधे लोन देता है अफवाहों पर बैंक ने बयान जारी कर साफ की स्थिति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने नाबार्ड डेयरी ऋण योजना के बारे में फैलाए जा रहे अफवाहों पर एक बयान जारी कर स्थिति साफ की है। नाबार्ड ने स्पष्ट रूप से उन झूठे दावों का खंडन किया है जिनमें कहा गया है कि, वह डेयरी उद्यमिता विकास योजना के तहत किसानों को डेयरी व्यवसायों के लिए सीधे ऋण प्रदान करता है। नाबार्ड ने स्पष्ट किया है कि उक्त दावों में दी गई जानकारी पूरी तरह से गलत है। नाबार्ड ने कहा है कि वह एक शीर्ष विकास वित्त संस्थान के रुप में, ग्रामीण विकास से जुड़ी विभिन्न वित्तीय संस्थाओं और सहकारी संस्थाओं को वित्तीय सहायता और सहयोग प्रदान करने के लिए काम करता है। नाबार्ड कभी भी अलग-अलग किसानों को सीधे ऋण वितरित नहीं करता है। नाबार्ड ने अपने सभी हितधारकों, विशेषकर किसानों और ग्रामीण उद्यमियों को ऐसी गलत सूचनाओं के संबंध में सावधानी बरतने और उनमें विश्वास करने तथा उनका प्रचार-प्रसार करने से बचने के लिए आग्रह किया है। नाबार्ड ने कहा है कि असत्यापित जानकारी से किसी को भी वित्तीय जोखिम और गलतफहमी हो सकती है। नाबार्ड ने कहा है कि विभिन्न योजनाओं की सटीक जानकारी नाबार्ड की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। नाबार्ड ने कहा है कि संधारणीय आजीविका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यान्वित की जा रही विभिन्न पहलों और योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण विकास और कृषि को बढ़ावा देने के प्रतिबद्ध है। नाबार्ड ने हितधारकों से अपील की है कि, वे सटीक जानकारी का प्रसार सुनिश्चित करने और गलत जानकारी के प्रसार को रोकने में सहायता करें। नाबार्ड ने कहा है कि अधिक स्पष्टीकरण के लिए या पूछताछ के लिए, कृपया सीधे नाबार्ड या उसके निकटतम कार्यालय से संपर्क करें।

#### रियलमी ने रियलमी पी सीरीज 5जी लॉन्च की

# रियलमी पैड 2, वाई-फाई वैरिएंट और रियलमी टी110 बड्स पेश किए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने अपनी लेटेस्ट रियलमी पी सीरीज में 5जी स्मार्टफोन रियलमी पी1 प्रो 5जी और रियलमी पी1 5जी लॉन्च किए हैं। ये दोनों अत्याधुनिक डिवाइस अपनी शानदार परफॉर्मेंस और असाधारण यूजर अनुभव के साथ मिड-रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट में हलचल मचा देंगी। ये भारतीय ग्राहकों को फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होंगी। नई पी सीरीज के साथ रियलमी अपना रियलमी पैड 2, वाई-फाई वैरिएंट और रियलमी टी110 बड्स भी लॉन्च करेगा।



इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा हमें रियलमी पी सीरीज 5जी पेश करने की खुशी है यह स्मार्टफोन उद्योग में परफॉर्मेंस के नए मानक स्थापित कर देगा। रियलमी पी सीरीज 5जी के साथ हमने अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और आधुनिक फीचर्स पेश किए हैं जो मिड-रेंज सेगमेंट की परिभाषा बदल देंगे। साथ ही हमने नई पी सीरीज के साथ रियलमी पैड 2, वाई-फाई वैरिएंट और रियलमी टी110 बड्स भी लॉन्च किए हैं। हमारा मानना है कि ये स्मार्टफोन और एआईओटी उत्पाद इनोवेटिव और ट्रेंडसेटिंग स्मार्टफोन पेश करने वाले ब्रांड के रूप में हमारी प्रतिष्ठा को बढ़ाएंगे। हम इस साल नई पी सीरीज के लॉन्च के साथ फ्लिपकार्ट पर 50 मिलियन बिक्री का आंकड़ा छूना चाहते हैं। नई रियलमी पी सीरीज 5जी परफॉर्मेंस और डिस्प्ले के मामले में सर्वश्रेष्ठ होने के साथ शक्ति का प्रतिनिधित्व करती है इन स्मार्टफोन्स का डिजाइन रियलमी के डीएनए के अनुरूप बोल्ड और बाजार में नया है जो यूजर्स को मोहित कर देगा। रियलमी पी1 5जी में शक्तिशाली मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7050 5जी चिपसेट, 120हर्ट्ज एमोलेड डिस्प्ले, 45वॉट सुपरवूक चार्जिंग और 5000एमएएच की शक्तिशाली बैटरी दी गई है। जबकि रियलमी पी1 प्रो 5जी में ओआईएस के साथ 50 मेगापिक्सल का सोनी लाइट-600 कैमरा, 120हर्ट्ज कर्व्ड विजन डिस्प्ले, 45वॉट सुपरवूक चार्ज के साथ 5000एमएएच की शक्तिशाली बैटरी और क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 6 जेन 1 5जी चिपसेट है।

रियलमी पैड 2 - वाई-फाई वैरिएंट अपनी अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ टैबलेट के अनुभव में क्रांतिकारी परिवर्तन ला देगा। इसमें सबसे अच्छे विजुअल अनुभव के लिए एक बड़ा 120हर्ट्ज 2के डिस्प्ले दिया गया है। इसके अलावा, इसमें उत्पादकता बढ़ाने के लिए अनेक फीचर्स दिए गए हैं, जैसे इसमें 33वॉट का सुपरवूक चार्जिंग सिस्टम और 8360एमएएच की शक्तिशाली बैटरी है, जो पूरे दिन लगातार उपयोग की जा सकती है।

### जीई एयरोस्पेस जीई वर्नोवा स्पिन-ऑफ के समापन के बाद एक स्वतंत्र और निवेश-श्रेणी की सार्वजनिक कंपनी के तौर पर लॉन्च हुई

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** जीई एयरोस्पेस ने जीई वर्नोवा स्पिन-ऑफ के पूरा होने के बाद एक स्वतंत्र सार्वजनिक कंपनी के तौर पर अपने आधिकारिक लॉन्च की घोषणा कर दी है। यह फ्लाइट के भविष्य को परिभाषित करेगी। जीई एयरोस्पेस त्नश्च टिकर के तहत न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज पर ट्रेड करेगी। आज 2 अप्रैल, 2024 को सुबह 9:30 बजे इटी पर जीई एयरोस्पेस और जीई वर्नोवा एनवायएसइ में साथ मिलकर ओपनिंग बेल को बजायेंगे। जीई एयरोस्पेस के चेयरमैन एवं सीईओ एच. लॉरेन्स कल्प जूनियर ने कहा, ''तीन स्वतंत्र सार्वजनिक कंपनियों का सफल लॉन्च पूरा होने पर,आज जीई के कई वर्षों से चल रहे कायाकल्प के ऐतिहासिक अंतिम चरण का समापन हुआ है। मुझे हमारी टीम, उनकी दृढ़ता और समर्पण पर बड़ा गर्व है, जिनके कारण यह निर्णायक पल आया है।'' कल्प ने आगे कहा, ''नवाचार के लिये जीई की विरासत से एक शताब्दी तक सीखते और उसे आगे बढ़ाते हुए, जीई एयरोस्पेस एक मजबूत बैलेंस शीट के साथ आगे बढ़ी है। हम फ्लाइट के भविष्य को जन्म देने, लोगों का उत्थान करने और उन्हें सुरक्षित तरीके से घर पहुँचाने पर ज्यादा केन्द्रित हैं। अपने प्रोप्राइटरी लीन ऑपरेटिंग मॉडल 'फ्लाइट डेक' को आधार बनाकर मुझे विश्वास है कि हम ग्राहकों, कर्मचारियों तथा शेयरधारकों की सेवा अपनी पूर्ण क्षमता से करेंगे।'' जीई एयरोस्पेस के पास दुनियाभर में लगभग 44,000 कमर्शियल इंजन और करीब 26000 मिलिटरी तथा डिफेंस इंजन का इंस्टाल्ड बेस है। इसके साथ जीई एयरोस्पेस को प्रपल्शन, सर्विसेस और सिस्टम्स के एक स्थापित वैश्विक अग्रणी के तौर पर लॉन्च किया गया है। कंपनी ने 2023 में एडजस्टेड रेवेन्यू में लगभग 32 बिलियन डॉलर बनाये थे। इसका 70 प्रतिशत धन इंजन आफ्टरमार्केट में सेवाओं तथा मजबूत अर्थव्यवस्था के कारण संभव हुआ था।

## ब्रिक्स सीसीआई वी 2024 रिपोर्ट में प्रौद्योगिकी एवं उद्यमशीलता में महिला सशक्तिकरण को रेखांकित किया गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महिला सशक्तिकरण इकाई ब्रिक्स सीसीआई वी ने न्यू एरा ऑफ ब्रिक्स-होरिजन्स इन टेक एंड बिजनेस फॉर वुमेन एंपावरमेंट शीर्षक से एक विशेष रिपोर्ट पेश की है। यह रिपोर्ट सभी ब्रिक्स देशों में महिलाओं के लिए प्रौद्योगिकी एवं उद्यमशीलता परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए प्रगति एवं मौजूदा चुनौतियों दोनों को ही रेखांकित करती है। वर्ष 2023 में ब्रिक्स के विस्तार के साथ जिसमें नए सदस्यों को शामिल करना और वैश्विक आबादी एवं अर्थव्यवस्था के एक बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व शामिल है, यह रिपोर्ट प्रौद्योगिकी एवं कारोबार क्षेत्रों में लिंग समानता की पहल के महत्व को रेखांकित करती है। यह रिपोर्ट शीएटवर्क और नॉलेज पार्टनर के तौर पर टेकआर्क के सहयोग से विकसित की गई है और इसका अनावरण पूर्व ब्रिक्स शेरपा और भारत सरकार के सचिव रहे एएमबी संजय भट्टाचार्य (सेवानिवृत्त) द्वारा किया गया। ब्रिक्स सीसीआई वी की अध्यक्ष एवं शीटवर्कडाट काम की संस्थापक रूबी सिन्हा ने कहा, जैसा कि सभी ब्रिक्स देशों में महिलाओं द्वारा टेक्नोलॉजी एवं उद्यमशीलता में की गई प्रगति का जश्न हम मना रहे हैं, यह रिपोर्ट प्रगति का एक प्रमाण होने के साथ ही कार्रवाई का आह्वान भी करती है। ब्रिक्स गठबंधन में नए सदस्यों के शामिल होने और वैश्विक आबादी एवं अर्थव्यवस्था के एक महत्वपूर्ण हिस्से का प्रतिनिधित्व होने के साथ यह अनिवार्य हो जाता है कि हम टेक्नोलॉजी और कारोबार के क्षेत्रों में लिंग समानता की पहल को प्राथमिकता दें। विश्वभर में महिलाओं के लिए उज्ज्वल, अधिक न्यायसंगत भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने के लिए आइये हम नवप्रवर्तन एवं उद्यमशीलता की ताकत का दोहन करें।

# एमेजॉन पर मीडियाटेक डेज़ में हर किसी के लिए अद्भुत उत्पाद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रति वर्षदो अरब से अधिक कनेक्टेड एज डिवाईस को ताकत प्रदान कर रही विश्व की अग्रणी फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी मीडियाटेक ने 16 अप्रैल से 20 अप्रैल, 2024 तक एमेजॉन पर 'मीडियाटेक डेज़' अभियान की घोषणा की है। एमेजॉन पर 5 दिनों तक चलने वाले इस अभियान के दौरान मीडियाटेक प्रौद्योगिकी को लोकतांत्रिक बनाने और उपभोक्ता को अगली पीढ़ी के प्रौद्योगिकी समाधान उपलब्ध कराने पर ध्यान देगी। इस अभियान का लक्ष्य कनेक्टेड डिवाइसेज़ के नए युग में मीडियाटेक की ताकत वाले अद्भुत प्रौद्योगिकियों, उत्पादों और समाधानों को लेकर जागरूकता पैदा करना है जिससे उपभोक्ताओं को जानकारी के आधार पर खरीदारी का निर्णय करने में मदद मिल सके। एमेजॉन पर मीडियाटेक स्टोर, महान प्रौद्योगिकी तक सभी की पहुंच सुलभ बनाकर हर किसी का जीवन तेज और बेहतर करने के लिए संभावनाओं की दुनिया के द्वार खोलता है। मीडियाटेक विश्व के सबसे बड़े ब्रांडों के स्मार्ट डिवाइस को ताकत प्रदान करती है जिनमें स्मार्ट स्पीकर्स, स्मार्ट टीवी, क्रोमबुक्स, टैबलेट्स, वियरेबल्स, वाईफाई राउडर्स, फिटनेस उपकरण आदि शामिल हैं। मीडियाकेटक के उप निदेशक (मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशंस) अनुज सिद्धार्थ ने कहा, मीडियाटेक निरंतर एक ऐसे भविष्य की दिशा में काम कर रही है जहां प्रौद्योगिकी लोकतांत्रिक ढंग से उपलब्ध हो।




# वोडाफोन आइडिया लिमिटेड का 18,000 करोड़ का फ़र्दर पब्लिक

#### ऑफरिंग 18 अप्रैल को खुलेगा





**मुंबई, एजेंसी।** वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआई या द कंपनी), गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024 को इक्विटी शेयरों की अपनी फ़र्दर पब्लिक ऑफरिंग (एफपीओ) के संबंध में अपनी बोली/प्रस्ताव खोलेगी। कुल ऑफर साइज़ में 1,80,000 मिलियन [ 18,000 करोड़] तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू शामिल है। (फ्रेश इश्यू) (कुल इश्यू साइज़) ऑफर का प्राइस बैंड 10 से 11 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 1,298 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 1,298 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है (मूल्य बैंड)। एंकर निवेशक बोली की तारीख मंगलवार, 16 अप्रैल, 2024 होगी। बोली/प्रस्ताव सदस्यता के लिए गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024 को खुलेंगे और सोमवार, 22 अप्रैल, 2024 को बंद होंगे (बोली/प्रस्ताव अवधि)। कंपनी इक्विटी शेयरों के नए निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग इन कार्यों की फंडिंग के लिए करने का प्रस्ताव करती है - अपने नेटवर्क बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए 1,27,500 मिलियन [12,750 करोड़] से उपकरणों की खरीद, जिसमें (ए) नई 4जी साइटें स्थापित करना शामिल है।

#### ऑफर के प्रयोजनों के लिए, एनएसई को नामित स्टॉक एक्सचेंज रखा गया है।

यह पेशकश सेबी आईसीडीआर विनियमों के विनियम 155 के संदर्भ में फास्ट ट्रैक रूट के माध्यम से की जा रही है। यह ऑफर सेबी आईसीडीआर विनियमों के विनियम 129(1) के अनुसार और बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी और ऐसा भाग, क्यूआईबी भाग) को आनुपातिक आधार पर 50 प्रतिशत से अधिक ऑफर आवंटित नहीं किया जाएगा। हमारी कंपनी बुक रनिंग लीड मैनेजरों के परामर्श से, सेबी आईसीडीआर विनियम (एंकर निवेशक भाग) के अनुसार विवेकाधीन आधार पर एंकर निवेशकों को क्यूआईबी हिस्से का 60 प्रतिशत तक आवंटित कर सकती है, जिसमें से कम से कम एक- तिहाई केवल घरेलू म्यूचुअल फंड के आवंटन के लिए आरक्षित होगा, बशर्ते कि सेबी

# कोविड के बाद हेल्थकेयर में भारी निवेश के चलते प्लेसमेंट पैकेज में हुई वृद्धि : डॉ. पीआर सोडानी

#### आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी ने अपने पिछले प्लेसमेंट रिकॉर्ड के मुकाबले दोगुने से अधिक उच्चतम पैकेज के साथ इस वर्ष बनाया नया रिकॉर्ड




**जयपुर एजेंसी।** भारत के अग्रणी स्वास्थ्य प्रबंधन अनुसंधान विश्वविद्यालय, आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी ने 35.62 एलपीए के उच्चतम पैकेज के साथ इस सीजन में अब तक का अभूतपूर्व प्लेसमेंट दर्ज किया है। वर्ष 2022 में आईआईएचएमआर के 17.22 एलपीए के उच्चतम पैकेज को पीछे छोड़ते हुए यह अब तक का उच्चतम प्लेसमेंट पैकेज है। संस्थान में चल रहे प्लेसमेंट में 75 प्रतिशत छात्रों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न संगठनों में उल्लेखनीय पैकेज पर विभिन्न भूमिकाओं पर रखा गया है। आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष, डॉ. पीआर सोडानी ने प्लेसमेंट के बारे में बताया कि, इस साल कैंपस में भर्तीकर्ताओं से उत्कृष्ट प्लेसमेंट प्राप्त होने की हमें बेहद खुशी है। स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के वैश्विक प्रोत्साहन को देखते हुए हेल्थकेयर इंडस्ट्री के पैकेज में बढ़ोतरी देखी जा रही है। मैं छात्रों को उल्लेखनीय प्लेसमेंट पाने पर हार्दिक बधाई और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं, वे अपनी सफलता की कहानियां इसी प्रकार लिखते रहेंगे।'' उल्लेखनीय है कि प्रिस्टिन केयर और इनडीड की एक कोलेबोरेटिव स्टडी के अनुसार, जनवरी 2021 और जनवरी 2023 के बीच हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स के लिए की गई जॉब पोस्टिंग में 22.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो भारत में इन पेशेवरों की बढ़ती मांग की ओर संकेत करता है। आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के प्लेसमेंट अधिकारियों के अनुसार, एचजे हॉस्पिटल, आईपीई ग्लोबल, नुवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड, टाटा एआईजी, ल्यूपिन, डेलॉइट, पीडब्ल्यूसी, ईएंडवाई, इंफोसिस, फोर्टिस, आदि अस्पताल की एक लंबी सूची में से कुछ नाम है, इनके साथ रिक्रूटर्स की कुल संख्या 60 से अधिक हो गई है। सेक्टर-वार प्लेसमेंट डेटा से पता चला है कि 30 प्रतिशत के साथ हॉस्पिटल सेक्टर रिक्रूटर्स में प्रथम स्थान पर है, इसके बाद कंसल्टेंसी, फार्मास्युटिकल और हेल्थ आईटी सेक्टर की क्रमशः 15 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 11 प्रतिशत और 11 प्रतिशत भागीदारी है।

संक्षिप्त समाचार

## मुस्तफ़िज़ुर रहमान 1 मई तक चेन्नई के लिए उपलब्ध रहेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने अपने तेज़ गेंदबाज़ मुस्तफ़िज़ुर रहमान के चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अनापत्ति पत्र को एक दिन के लिए बढ़ा दिया है। इसका मतलब है कि अब मुस्तफ़िज़ुर 30 अप्रैल को वापस लौटने की जगह 1 मई को पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। बांग्लादेश क्रिकेट ऑपरेशन के उप प्रबंधक शहरयार नफ़ीस ने कहा, हमने 30 अप्रैल तक मुस्तफ़िज़ुर को आईपीएल में खेलने की छूट दी थी, लेकिन 1 मई को ही चेन्नई का एक मैच है। टीम और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के द्वारा अनुरोध प्राप्त होने के बाद हमने मुस्तफ़िज़ुर की छुट्टी एक दिन के लिए बढ़ा दी



है। मुस्तफ़िज़ुर ने पांच मैचों में 18.30 की औसत से 10 विकेट चटकाए हैं जिसमें पहली बार आईपीएल में उनके द्वारा एक मैच में लिए गए चार विकेट भी शामिल हैं। 2021 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने के बाद यह उनका आईपीएल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हो गया है। आग़ामी टी20 विश्व कप के वीज़ा संबंधित काम के चलते मुस्तफ़िज़ुर पिछले सप्ताह ढाका में थे।

## पूर्व क्रिकेटर माइकल स्लेटर को पुलिस ने हिरासत में लिया

**पर्थ, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर माइकल स्लेटर को एक दर्जन से अधिक अपराधों के आरोप लगने के बाद पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। 54 साल के स्लेटर ने सोमवार को मारूचिडोर मजिस्ट्रेट कोर्ट में अपने मामले का उल्लेख किया था। वह 5 दिसंबर, 2023 से 12 अप्रैल, 2024 के बीच अलग-अलग तारीखों पर क्वींसलैंड के सनशाइन कोस्ट पर किए गए कथित अपराधों



से संबंधित 19 आरोपों का सामना कर रहे हैं। आरोपों में गैरकानूनी तरीके से पीछा करना, डराना-धमकाना, रात में घर में घुसना, शारीरिक नुकसान पहुंचाने वाले हमले और घरेलू हिंसा के अपराध शामिल हैं।

कोर्ट ने भी दस आरोप लगाए

पूर्व सलामी बल्लेबाज और टीवी कमेंटेटर पर जमानत का उल्लंघन करने और घरेलू हिंसा के आदेश का उल्लंघन करने के दस आरोप भी लगाए गए थे। पुलिस ने पुष्टि की है कि उन्होंने कई दिनों तक घरेलू हिंसा की घटनाओं के बाद शुक्रवार को उन्हें उनके घर से गिरफ्तार किया गया। मंगलवार को अदालत के आदेश पर स्लेटर को पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया। स्लेटर ने संन्यास के बाद बतौर टीवी कमेंट्रेटर अपना करियर बनाया।

आईपीएल 2024



# हैदराबाद ने रचा इतिहास

## 287 रनों की पारी से टूटे कई रिकॉर्ड

बेंगलुरू, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है. मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के इतिहास में सबसे बड़ा स्कोर बनाने के बाद टीम ने सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ अपने उस रिकॉर्ड को तोड़ दिया. सनराइजर्स ने बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में, सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में 287/3 रन बनाए. यह टी20 फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है. इस आईपीएल सीजन में अब तक तीन बार 250 से अधिक का स्कोर बन चुका है, जो अपने आप में एक और रिकॉर्ड है.

### आईपीएल 2024: ट्रेविस हेड की विस्फोटक बल्लेबाजी

यश दयाल ने अपने ओवर में 20 रन लुटाकर पावर-प्ले को समाप्त किया. हेड ने 20 गेंदों में तीन चौकों और पांच छक्कों की मदद से अर्धशतक पूरा किया. छह ओवर के पावर प्ले के बाद सनराइजर्स बिना किसी नुकसान के 76 रन के स्कोर पर था. हेड ने 39 गेंदों में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए सबसे तेज शतक लगाया और डेविड वॉर्नर के 43 गेंद पर शतक के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया. हेड पूरी तरह आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे थे और अपनी शतकीय पारी में 9 चौकों और 8 छक्के लगाए.

### पहले विकेट के लिए 8 ओवर शतकीय साझेदारी

सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने धमाकेदार प्रदर्शन किया और केवल 39 गेंदों में अपना पहला आईपीएल शतक बनाया. यह इस टूर्नामेंट के इतिहास का चौथा सबसे तेज शतक है. एम चिन्नास्वामी को बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग कहा जाता है, इसे सच बनाया सनराइजर्स ने. पावर-प्ले का दूसरा ओवर लेकर आए रीस टॉपले ने 20 रन लुटाए. हेड ने चौके के साथ शुरुआत की और फिर अभिषेक ने ओवर को छक्के के साथ समाप्त किया. दोनों के बीच पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी हुई, वह भी केवल 8 ओवर में.

## आईपीएल 2024 के बीच मैक्सवेल ने मांगा आरसीबी से ब्रेक

**बेंगलुरु, एजेंसी।** एक हाई स्कोरिंग मुकाबले में सोमवार को एसआरएच के खिलाफ आरसीबी को हार झेलनी पड़ी। इस मैच के दौरान क्रिकेट फैंस को एक बड़ा सवाल परेशान कर रहा था कि आखिर ग्लेन मैक्सवेल को प्लेइंग 11 से क्यों ड्रॉप किया गया। आरसीबी के स्टार ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल मौजूदा सीजन में खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। जब ग्लेन मैक्सवेल का नाम एसआरएच के खिलाफ प्लेइंग-11 में नहीं था, तो सबको लगा शायद उन्हें ड्रॉप किया गया है, या फिर वो चोटिल हैं। हालांकि बाद में पता चला कि मामला ही कुछ और है। ग्लेन मैक्सवेल ने मानसिक और शारीरिक थकान के चलते आईपीएल 2024 से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने का फैसला किया है। मैक्सवेल ने हैदराबाद के खिलाफ मैच के बाद खुलासा किया कि उन्होंने खुद को प्लेइंग 11 से ड्रॉप करने का कप्तान से आग्रह किया था।

ग्लेन मैक्सवेल ने कहा, मेरे लिए निजी रूप से यह आसान फैसला था। पिछले मैच के बाद मैं कोच और कप्तान फाफ डू प्लेसी के पास गया और कहा कि मुझे महसूस हो रहा है कि किसी और को आजमाएं। मैं ऐसी परिस्थितियों में पहले भी रहा हूं जहां लगातार खेलते हुए खुद को और बुरी परिस्थिति में पाया है . मेरे हिसाब से यह उचित समय है कि मैं ब्रेक लूं। साथ ही खुद को मानसिक तथा शारीरिक रूप से आराम दूं। आगे चलकर टूर्नामेंट के दौरान यदि मेरी ज़रूरत पड़ती है तो शायद मैं अच्छे से टीम में योगदान दे पाऊंगा। मैक्सवेल ने आईपीएल 2024 में शानदार फॉर्म के साथ प्रवेश किया था। उन्होंने टूर्नामेंट से पहले दो टी-20 शतक लगाए थे, एक भारत के खिलाफ गुवाहाटी में और दूसरा वेस्टइंडीज के



खिलाफ एडिलेड में जड़ा था। यह प्रदर्शन वनडे विश्व कप में उनके बेहतरीन प्रदर्शन के तुरंत बाद आया, जहां उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए दोहरा शतक बनाया। हालांकि, आईपीएल में आरसीबी के लिए उनका बल्ला खामोश नजर आ रहा है। सोमवार को हुए मैच से पहले मैक्सवेल ने आरसीबी के लिए 6 पारियों में केवल 5.33 की औसत से मात्र 32 रन बनाए थे। आशंका थी कि वह अंगूठे की चोट के कारण बाहर बैठ सकते हैं, लेकिन जो हुआ वह इसके विपरीत था।

## हैदराबाद से हार के बाद भी बेंगलुरु के पास है प्लेऑफ में पहुंचने मौका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा. फाफ डु प्लेसी की अगुवाई वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को सनराइजर्स हैदराबाद ने 25 रनों से हराया. दरअसल, अब तक 7 मैचों में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को 6 शिकस्त का सामना करना पड़ा है, जबकि यह टीम महज पंजाब किंग्स के खिलाफ जीतने में कामयाब रही. रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर 7 मैचों में 2 प्वॉइंट्स के साथ सबसे निचले यानी दसवें पायदान पर काबिज है. लेकिन क्या अब रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर प्लेऑफ के लिए क्वॉलीफाई कर सकती है? क्या रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की प्लेऑफ खेलने की उम्मीदें जिंदा हैं?

**अब तक ऐसा रहा है रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का सफर...** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने पंजाब किंग्स को जरूर हराया, लेकिन इसके चेन्नई सुपर किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, लखनऊ सुपर जाएंट्स, राजस्थान रॉयल्स, मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार का सामना करना



### अब कैसे प्लेऑफ में पहुंच सकती है बैंगलोर?

- दरअसल, यहां से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर प्लेऑफ के लिए क्वॉलीफाई कर सकती है, लेकिन यह बेहद मुश्किल होने वाला है. इस टीम के पहले 7 मैचों में महज 2 प्वॉइंट्स हैं. अब आरसीबी के 7 मुकाबले बचे हैं, अगर फाफ डु प्लेसी की अगुवाई वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर अपने आगामी सभी 7 मुकाबले जीतने में कामयाब रहती है तो कुल 16 प्वॉइंट्स हो जाएंगे, लेकिन इतने से आरसीबी का काम नहीं बनेगा. इसके अलावा रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को बाकी टीमों के परिणाम पर निर्भर रहना होगा, यानी अब हालात आरसीबी के कंट्रोल में नहीं है, लिहाजा इस टीम के लिए प्लेऑफ में पहुंचना बेहद चुनौतीपूर्ण है.

पड़ा है. अब रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर अपना आगामी मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेलेगी.

## मोहन बागान ने पहली बार ISL लीग शील्ड जीती

### लीग के आखिरी मैच में मुंबई सिटी स्त्रष्ट को 2-1 से हराया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मोहन बागान ने सुपर जायंट इंडियन सुपर लीग 2023-24 को अपने नाम कर लिया है। सोमवार को घरेलू मैदान साल्ट लेक स्टेडियम में खेले गए मैच में मोहन बागान ने मुंबई सिटी स्त्रष्ट को 2-1 से हराया। इसके साथ ही मोहन बागान पॉइंट टेबल पर पहुंच गया।

मोहन बागान पहली बार लीग खिताब जीता है। मोहन बागान से लिस्टन कोलाको और जेसन कमिंग्स ने गोल किए। वहीं दोनों गोल में असिस्ट करने के लिए दिमित्रियोस पेट्राटोस को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं मुंबई सिटी की ओर से एक गोल विंगर लालियानजुआला छांगटे ने किया।



**मोहन बागान 15 जीत के साथ 48 पॉइंट लेकर पॉइंट टेबल में टॉप पर-** मोहन बागान सुपर जायंट ने 22 मैचों में 15 जीत, तीन ड्रा और चार हार से 48 अंक लेकर पॉइंट टेबल में तीसरे स्थान से सीधे टॉप पर पहुंच कर लीग दौर समाप्त किया। वहीं मुम्बई सिटी स्त्रष्ट 22 मैचों में 14 जीत, पांच ड्रा और तीन हार से 47 अंक लेकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई। मैच से पहले दोनों टीमों के कप्तान और मैच रेफरी।

- **हाफ टाइम में मोहन बागान ने 1-0 से आगे-** मैच का पहला गोल 28वें मिनट में आया, जब विंगर लिस्टन कोलाको ने मोहन बागान सुपर जायंट को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर दिमित्रियोस पेट्राटोस ने अटैकिंग थर्ड से बॉक्स के ठीक बाहर बाईं तरफ लिस्टन को बॉल पास की और लिस्टन ने इसे गोल में तब्दील कर दिया।
- **दूसरे हाफ में दोनों टीमें ने एक- एक गोल किया-** दूसरे हाफ में दोनों टीमों की ओर से एक-एक गोल हुआ। मैच के 80वें मिनट में ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर जेसन कमिंग्स ने गोल करके मोहन बागान की बढ़त को मजबूत करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। फिर 89वें मिनट में लालियानजुआला छांगटे ने सीजन का अपना सातवां गोल करके मुम्बई सिटी स्त्रष्ट को कुछ राहत पहुंचाते हुए अंतर 1-2 कर दिया। मैच के दौरान दोनों टीमें बॉल को अपने पास रखने के लिए जूझते हुए।

## हार्दिक पंड्या के लिए टी20 वर्ल्ड कप में जगह बनाना हुआ

**मुश्किल नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से पहले जब मुंबई इंडियंस मैनेजमेंट ने हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाया था, तो उन्होंने भी नहीं सोचा होगा कि आईपीएल 2024 के दौरान उन्हें इतनी ज्यादा आलोचनाओं का सामना करना पड़ेगा। रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस के कप्तान बने, लेकिन टीम के साथ-साथ खुद हार्दिक पांड्या का प्रदर्शन काफी ज्यादा औसत दर्जे का रहा है। मुंबई इंडियंस ने कुल छह मैच खेले हैं और इस दौरान टीम को महज दो मैचों में ही जीत नसीब हुई है। इस दौरान हार्दिक पांड्या का प्रदर्शन ना बैटिंग में और ना ही बॉलिंग में कुछ कमाल कर पाए हैं। इस बीच एक और खबर आ रही है कि हार्दिक पांड्या के लिए इस साल होने वाले आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय स्क्वॉड में जगह बनाना आसान नहीं होने वाला है।

खबर के मुताबिक मुंबई हेड क्वार्टर में हुई मीटिंग में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा, चीफ सिलेक्टर अजीत अगारकर और हेड कोच राहुल द्रविड़ के बीच मीटिंग हुई थी, जिसमें रोहित शर्मा ने कहा था कि उनका फोकस अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए एक पेसर ऑलराउंडर पर है। आईपीएल 2024 की बात करें तो हार्दिक पांड्या ने ज्यादा गेंदबाजी की नहीं है और जब की भी है, तो बिल्कुल भी असरदार नजर नहीं आए हैं। हाल में मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच मैच खेला गया था, जिसमें हार्दिक पांड्या ने मुंबई इंडियंस की ओर से आखिरी ओवर किया था, जिसमें एमएस धोनी ने उनकी लगातार तीन गेंदों पर तीन छक्के लगाए थे।

## 108 मीटर का छक्का, रियल थाला...

### दिनेश कार्तिक पर कही रोहित शर्मा की भविष्यवाणी कहीं सच ना हो जाए, टी20 वर्ल्ड कप के बने दावेदार

आईपीएल 2024 में रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच मैच 11 अप्रैल को खेला जा रहा था. दिनेश कार्तिक बल्लेबाजी कर रहे थे, ईशान किशन के बगल में स्लीप पर खड़े रोहित शर्मा ने उनको मैच के दौरान कहा शाबाश डीके, वर्ल्ड कप खेलना है अभी...

यह सुनकर कार्तिक मुस्कुराए और बल्लेबाजी करने लगे. कार्तिक ने उस मैच में 23 गेंदों पर 53 रन की पारी खेली, वहीं सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जिस तरह तरह की मनचाही बल्लेबाजी की, उससे , ऋषभ पंत, संजू सैमसन, केएल राहुल, ईशान किशन और जितेश शर्मा जैसे कीपर्स के लिए खतरे की घंटी बन गए हैं, खासकर टी20 वर्ल्ड कप से पहले.



दिनेश को जो बदला हुआ रूप इस बार फिर से आईपीएल में दिख रहा है कि उससे एक बात तो तय है कि वो दूसरे विकेटकीपर्स के लिए चुनौती बन गए हैं. उनकी 38 साल की उम्र को एकबारगी को साइड में कर दिजिए, फिश्र सोचिए..अब तक फिलहाल जिस तरह वह आईपीएल में खेल रहे हैं, उससे एक बात तो साबित हो गई है कि उनके अंदर अब भी इस फॉर्मेट में खेलने का दम बाकी है. ऐसे में बड़ा सवाल है कि रोहित शर्मा ने भले ही मजाक में दिनेश कार्तिक से यह बात कही हो, लेकिन अब कार्तिक टी20 वर्ल्ड कप 2024 में खेलने के लिए उतरने वाले विकेटकीपर्स की रेस में तो आ गए हैं. कार्तिक ने इस दौरान टी20 में 6000 रन भी पूरे किए.



## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की छोटी बेटी ने बतौर सांसद ली शपथ



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) नेता आसिफा भुट्टो जरदारी ने नेशनल असेंबली में नवनिर्वाचित सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की। उन्हें स्पीकर सरदार अयाज सादिक ने सांसद के रूप में शपथ दिलाई। इसका वीडियो भी सामने आया है। आसिफा भुट्टो जरदारी पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की छोटी बेटी हैं। पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की सबसे छोटी बेटी आसिफा जरदारी सिंध प्रांत के शहीद बेनजीराबाद क्षेत्र से नेशनल असेंबली सीट एनए-207 से निर्विरोध संसद सदस्य के रूप में चुनी गई थीं। यह सीट उनके पिता आसिफ अली जरदारी के राष्ट्रपति बनने के बाद खाली हुई थी। हाल ही में आसिफ अली जरदारी ने पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली है। आसिफा भुट्टो जरदारी की बात करें तो उन्होंने राजनीति और समाजशास्त्र में स्नातक की डिग्री ली है। इसके अलावा उन्होंने वैश्विक स्वास्थ्य और विकास में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की है। आसिफा भुट्टो जरदारी साल 2012 में पोलियो उन्मूलन के लिए सद्भावना राजदूत के रूप में कार्य कर चुकी हैं। इसके चलते उनका चेहरा लोगों के बीच काफी पॉपुलर हुआ।

### कंटेनर जहाज को शिपिंग नियमों का उल्लंघन करने पर किया गया जब्त : ईरान

**पेरिस, एजेंसी।** ईरानी विदेश मंत्रालय ने एमएससी एरीज़ कंटेनर जहाज की हिरासत को इस आधार पर उचित ठहराया है कि उसने शिपिंग नियमों का उल्लंघन किया था और ईरानी अधिकारियों को उचित प्रतिक्रिया प्रदान करने में विफल रहा । सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए की एक रिपोर्ट के अनुसार, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात से भारत जा रहे जहाज ने अंतर्राष्ट्रीय नियमों की अनदेखी की थी। इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) द्वारा इज़रायल पर मिसाइल और ड्रोन हमला शुरू करने से कुछ घंटे पहले शनिवार को एरीज़ को आईआरजीसी की नौसेना ने हिरासत में लिया था। आईआरजीसी जहाज को इज़रायल से जुड़ा हुआ मान रहा है। कच्चे तेल के शिपमेंट पर नज़र रखने वाली एक ऑनलाइन सेवा टैंकरट्रैकर्स ने एक्स पर बताया कि कंटेनर जहाज वर्तमान में केशम और होर्मुज द्वीपों के बीच ईरानी समुद्री सीमा में है और पिछले साल ईरान द्वारा जब्त किए गए तीन टैंकरों से बहुत दूर नहीं है।



### मॉल हमले के बाद अब ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में बिशप पर सामूहिक प्रार्थना के दौरान चाकू से हमला

**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में फिर से एक बार एक घटना ने सनसनी फैला दी है। यहां एक सामूहिक प्रार्थना के दौरान असीरियन पादरी को कैमरे पर चाकू मार दिया गया। इस घटना का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अभी हाल ही में सिडनी के बॉन्डी जंक्शन के एक मॉल में एक चाकूबाज द्वारा छह लोगों की हत्या करने का मामला सामने आया था। इसके बाद यह घटना घटी है। बता दें कि मीडिया से जो खबरें मिल रही है उसकी मानें तो सिडनी में एक प्रार्थना सभा के दौरान बिशप मार मारी इमैनुएल पर एक संदिग्ध ने हमला किया और उन पर चाकू से लगातार कई बार वार कर दिया। घटना सोमवार रात करीब 7 बजे वेकले के क्राइस्ट द गुड शेफर्ड चर्च में एक लाइव स्ट्रीम के दौरान हुआ। घटना का जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें बिशप इमैनुएल को लोगों से बात करते देखा जा सकता है, इसी बीच एक आदमी उनके पास आता है और उन पर कई बार चाकू से वार करता है।



### पाकिस्तान के पंजाब में सड़क दुर्घटना में दो की मौत, 50 से अधिक घायल

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत के चकवाल जिले में एक सड़क दुर्घटना में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक घायल हो गए। हाईवे पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस ने बताया कि रविवार देर रात जिले के कल्लार कहार क्षेत्र के पास सर कलां इलाके में एक बस गहरी खाई में गिर गई। पुलिस और बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे और मृतकों तथा घायलों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। चकवाल के डिप्टी कमिश्नर कुरतुलैन मलिक ने मीडिया को बताया कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि घायलों में से पांच की हालत गंभीर है। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना तेज गति के कारण तब हुई जब चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन सड़क के किनारे गहरी खाई में जा गिरा।

# पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप पर चुनाव से पहले मंडरा रहे संकट के बादल



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रंप का ऐतिहासिक मुकदमा सोमवार को शुरू हो गया, जिससे वह अमेरिकी इतिहास में आपराधिक मामले का सामना करने वाले पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए, जिससे नवंबर में होने वाले चुनाव में उनकी उम्मीदवारी को लेकर कई सवाल खड़े हो गए।

दुनियाभर में रुचि के साथ देखे गए एक मुकदमे में ट्रंप को एक पोर्न अभिनेत्री को यौन संबंध बनाने के आरोपों के बारे में चुप कराने के लिए अपनी कंपनी के व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी कर उसे पैसे देने के आरोप में आपराधिक सजा और जेल की सजा का सामना करना पड़ सकता है। रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रंप की डेमोक्रेट राष्ट्रपति जो बाइडेन पर मामूली बढ़त है। चुनाव से सात महीने पहले उन्हें मैनहट्टन कोर्ट रूम में सप्ताह में चार दिन पेश होना पड़ेगा। इस मुकदमे में भले ही उन्हें दोषी ठहराया जाए, मगर उन्हें राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने और चुने जाने से अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि संविधान आपराधिक सजा वाले उम्मीदवार पर मौन है।

मैनहट्टन मामला संभवतः चुनाव से पहले सुनवाई के लिए आने वाला एकमात्र आपराधिक मामला होगा, क्योंकि जॉर्जिया में चुनाव में हस्तक्षेप के आरोप वाला दूसरा मामला जो तेजी से आगे बढ़ रहा था, आरोपों के कारण अटक गया है। अभियोजक ने ट्रंप के खिलाफ हितों का टकराव पैदा करने के मामले में मुकदमा चलाने में मदद के लिए एक ब्यॉयफ्रेंड को करदाताओं को 650,000 डॉलर देने की कीमत पर काम पर रखा था।ट्रंप के खिलाफ 6 जनवरी, 2021 के दंगों के कारण चुनाव में हस्तक्षेप के आरोप वाला संघीय आपराधिक मामला भी लंबित है। यह मामला उस समय का है, जब कांग्रेस को बाइडेन के चुने जाने की पुष्टि करने से रोकने के लिए उनके समर्थकों ने कैपिटल में तोड़-फोड़ की थी। सुप्रीम कोर्ट को अब राष्ट्रपति पद के उनके दावों पर फैसला करना है।उनके खिलाफ एक और लंबित संघीय आपराधिक मामला वर्गीकृत दस्तावेजों को नष्ट करने को लेकर है।ट्रंप ने अदालत कक्ष में प्रवेश करने से पहले कहा - यह राजनीतिक उत्पीड़न है, यह ऐसा उत्पीड़न है जैसा पहले कभी नहीं हुआ, किसी ने भी ऐसा कभी नहीं देखा है। अभियोजकों ने कहा है कि अभियोजन केवल यह दर्शाता है कि लोकतंत्र में कोई भी कानून से ऊपर नहीं है।वह जब निजी गुप्त सेवा गार्डों के साथ एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन में पहुंचे, तो बाहर उनका समर्थन करने वाले और उनका विरोध करने वाले लोग चिल्लाते हुए वहां जमा हो गए।अदालत कक्ष के अंदर ट्रंप अपने वकीलों के साथ एक मेज पर बैठे। उन्होंने अंतिम समय में न्यायाधीश जुआन मर्चन पर पक्षपाती होने का आरोप लगाते हुए उन्हें खुद को सुनवाई से अलग करने के लिए कहा।मर्चन के साथ ट्रंप की कई झड़पें हुई हैं, उन्होंने मांग ठुकरा दी और मुकदमे को आगे बढ़ाया।मैनहट्टन के उप लोक अभियोजक जोशुआ स्टीनग्लास ने ट्रंप के खिलाफ मामलों की दोबारा गिनती शुरू की।

उन्होंने कहा कि कुल 34 आरोप हैं। उन्होंने बचाव पक्ष के वकीलों के साथ बातचीत की कि विवादों पर मर्चन के सामने कौन से सबूत पेश किए जा सकते हैं।राज्य प्रक्रियाओं के तहत मुकदमे का शुरुआती चरण 12 जूरी सदस्यों का चयन है, जो शुरू होने वाला है। अभियोजक और बचाव पक्ष के वकील उन संभावित जूरी सदस्यों की बारीकी से जांच करेंगे जो उन पूर्वाग्रहों की तलाश कर रहे हैं जो उनके मामले को नुकसान पहुंचा सकते हैं और उन लोगों को जूरी में बैठने से रोकने की कोशिश करेंगे, जिन्हें वे पक्षपाती मानते हैं।मैनहट्टन के लोक अभियोजक एल्विन ब्रैग, जो इस पद के लिए निर्वाचित डेमोक्रेट हैं, उनके द्वारा लाया गया मामला 130,000 डॉलर पर केंद्रित है, जो 2016 के चुनाव अभियान के दौरान पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को चुप कराने के साथ एक और सेक्स स्कैंडल से बचने के लिए उन्हें उनके पूर्व वकील माइकल कोहेन के जरिए भुगतान किया गया था।अभियोजन पक्ष का आरोप है कि भुगतान को कॉर्पोरेट कानूनी खर्चों के रूप में छिपाया गया था, जो राज्य कानून का उल्लंघन है। ट्रंप कई सिविल मामलों में भी फंसे हुए हैं।एक संघीय अदालत में चल रहे एक अन्य सिविल मामले में ट्रंप को एक महिला को बदनाम करने के कारण 83 मिलियन डॉलर का हर्जाना देने का आदेश दिया गया था। महिला ने उन पर उसके बयानों को बार-बार नकारने और उसके साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था।

## हमले के बाद चीख रहे थे इजरायली, फेक वीडियो पर खुल गई ईरान की पोल, अब उड़ रही खिल्ली

**येरुशलम, एजेंसी।** इजरायल पर हवाई हमलों के बाद ईरान दुनिया के निशाने पर है। अब फेक वीडियो चलाने को लेकर उसकी अपने ही देश में आलोचना और खिल्ली उड़ रही है। दरअसल, बीते दिनों ईरान ने इजरायल पर 300 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलें और ड्रोन दागे थे। जिनमें से 99 फीसदी हमलों को इजरायल ने अमेरिका, ब्रिटेन और अन्य देशों की सैन्य मदद के साथ नाकाम कर दिया था। 300 में से सिर्फ 7 ही ड्रोन हमले जमीन तक पहुंच पाए। ईरान फेक वीडियो के जरिए ऐसा दावा कर रहा है कि उसने इजरायल को बड़ी चोट पहुंचाई है और हमले के बाद इजरायलियों में चीख-पुकार मच गई थी। उधर, इजरायल ने आधिकारिक रूप से जानकारी दी कि हमले में उसे जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है लेकिन, उसकी मातृभूमि पर बुरी नजर रखने वाले को किसी भी सूरत में नहीं छोड़ेगा। इजरायल की ताबड़तोड़ वॉर कैबिनेट मीटिंग से तीसरे विश्व युद्ध की आशंका बढ़ गई है।

ऐसी रिपोर्ट सामने आई है कि ईरानी स्टेट मीडिया ने इजरायल पर हवाई हमलों के फुटेज जारी किए हैं। जिसमें उसने दावा किया गया कि जब इजरायल पर हवाई हमलों की बौछार की गई तो इजरायली घबरा गए और उनके चीख-पुकार मच गई। वे मारे डर के इधर-उधर भाग रहे थे। इस वीडियो की सत्यता से पता चला है कि यह वीडियो ब्रिटिश गीतकार लुई टॉमलिंसन के प्रशंसकों का है, जो उसे देखकर अपना आपा खो देते हैं और कलाकार की एक झलक पाने के लिए उसकी ओर भाग रहे हैं।

बीबीसी मॉनिटरिंग टीम ने इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान न्यूज़ नेटवर्क (आईआरआईएनएन) के साझा किए वीडियो को फेक बताया है। बताया कि ईरानी मीडिया द्वारा शेयर किया वीडियो पिछले सप्ताह का है, तब का है, जब ईरान ने इजरायल पर हमला किया ही नहीं था। ईरान के सरकारी मीडिया द्वारा शेयर वीडियो को कई लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किया गया था। अब ईरान में ही लोग अपने सरकारी मीडिया द्वारा डाले गए इस प्रोपेगेंडा वीडियो की जमकर आलोचना कर रहे हैं।

## भूस्खलन के बाद इंडोनेशिया में कई लोग और घर मिट्टी में दबे, 33 की मौत; अफ्रीकी देशों में भी हालात खराब

**किन्शासा/तारा तोराजा, एजेंसी।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान से लेकर कजाखस्तान व रूस तक जारी बारिश-बाढ़ के चलते लाखों को जहां सुरक्षित जगहों पर शरण लेनी पड़ी, वहीं कई जगह भूस्खलन भी हुआ। इसमें कुल 33 लोगों की मौत हुई है। दक्षिण-पश्चिम कांगो में 15 लोग मारे गए व 60 लापता हैं। वहीं, इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर भूस्खलन के बाद बचाव दल ने 18 शव निकाले हैं। दो अब भी लापता हैं। कांगो के इडियोफा शहर के निकट बंदरगाह से कुछ दूरी पर भूस्खलन के बाद सात लोग जीवित मिले हैं। यहां बंदरगाह से आगे एक पहाड़ी की मिट्टी बारिश के कारण खिसकने से हालात बिगड़ गए। लापताओं की सटीक संख्या अफसरों के लिए फिलहाल बता पाना मुश्किल है, क्योंकि यहां लगने वाले बाजार में कई लोग बाहर से भी आए थे। उधर, इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर हुए भूस्खलन में 18 मौतों की पुष्टि हो चुकी है। बचावकर्मियों ने मकाले गांव से 14 शवों को मलबे से निकाला, जबकि दक्षिण मकाले में चार शव मलबे से बाहर निकाले गए। पिछले दो सप्ताह से तंजानिया में बाढ़ से 58 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि पूर्वी अफ्रीकी देश में भारी बारिश जारी है। तटीय क्षेत्र सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं, जहां 1,26,831 लोग प्रभावित। पड़ोसी केन्या में बाढ़ से अब तक कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई है।

# अमेरिका ने ड्रैगन पर लगाया बड़ा आरोप, कहा- छिपकर यूक्रेनी लोगों के खिलाफ रूस की मदद कर रहा चीन



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच दो साल से अधिक समय से युद्ध जारी है। इस जंग के थमने का आसार दूर-दूर तक नहीं दिख रहा है। इस बीच अमेरिका ने चीन पर आरोप लगाया है कि वह अपने शब्दों के उलट जाकर रूस की मदद कर रहा है। चीन हमेशा ही दावा करता है कि यूक्रेन-रूस युद्ध पर वह हमेशा निष्पक्ष रहा है। हालांकि, इन सबके बावजूद बीजिंग यूक्रेनी लोगों के खिलाफ मॉस्को की मदद कर रहा है।

**सबूतों के सामने चीन के दावे हास्यास्पद :** चीन जितनी तेजी से रूस की मदद कर रहा है, उतने ही तत्परता से बयानबाजी भी कर रहा। चीनी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने पिछले साल दावा किया था कि सेना से जुड़ी चीजों के निर्यात के लिए, चीन ने हमेशा एक विवेकपूर्ण और जिम्मेदार रवैया अपनाया है। हालांकि, इस तरह के बयान सबूतों के सामने हास्यास्पद हैं, जो कुछ और ही बयां करते हैं। मध्य पूर्व में संकट बढ़ता दिख रहा है। ईरान ने इस्राइल पर हमला कर दिया, जिससे दो कट्टर दुश्मन देशों के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के संकेतों के बीच कुछ सलाह दे रहे हैं कि चीन को वहां भी मध्यस्थता करने में मदद करनी चाहिए।

**दुनिया इस भ्रम में रहना कब बंद करेगी :** वाशिंगटन डीसी स्थित इंटरनेशनल रिपब्लिकन इंस्टीट्यूट में काउंटरिंग फॉरेन ऑथोरिटेरियन इन्फ्लुएंस के वरिष्ठ सलाहकार जे माइकल कोल ने टिप्पणी की। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से चीन ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के साथ काम नहीं किया है। यहां तक कि उसने उत्तर कोरिया का साथ भी नहीं दिया। दुनिया इस भ्रम में रहना कब बंद करेगी कि बीजिंग शांति के लिए भागीदार होगा

**चीन गुप्त रूप से धीरे-धीरे समर्थन बढ़ा रहा :** वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों ने खुफिया जानकारी का खुलासा करते हुए दावा किया कि चीन रूस की सेना को फिर से खड़े होने में मदद कर रहा है। व्लादिमीर पुतिन द्वारा कीव पर हमले किए जाने के बाद चीन गुप्त रूप से धीरे-धीरे समर्थन बढ़ा रहा है। यह रूस के रक्षा औद्योगिक आधार के पुनर्निर्माण से कमियों को दूर करने में मदद कर रहा है। दरअसल, इस बात की चिंता है कि शीत युद्ध की समाप्ति के बाद से रूस अब अपने सबसे बड़े सैन्य-औद्योगिक विस्तार को प्राप्त कर रहा है। उदाहरण के लिए, अमेरिकी यूरोपीय कमान के कमांडर जनरल क्रिस कैवोली ने हाल ही में गवाही दी थी कि रूस अपनी सेना को आसानी से फिर खड़ा करने में काफी हद तक सफल रहा। राष्ट्रपति जो बाइडन ने दो अप्रैल को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ फोन पर बात की थी और इस मुद्दे को उठाया था। इस दौरान बाइडन ने रूस के रक्षा औद्योगिक आधार के लिए पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के समर्थन पर चिंता जताई थी।

## भारतीय कैदी सरबजीत सिंह की हत्या करने वाला तांबा अभी 'जिंदा है: पंजाब पुलिस के अधिकारी का दावा





**लाहौर, एजेंसी।** मौत की सजा पाए भारतीय कैदी सरबजीत सिंह की 2013 में यहां एक जेल के अंदर हत्या के आरोपी अमीर सरफराज तांबा की अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा हत्या किए जाने के एक दिन बाद पंजाब पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने घटना को नाटकीय मोड़ देते हुए सोमवार को दावा किया कि वह 'अब भी जीवित है। लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के संस्थापक हाफिज सईद के करीबी सहयोगी तांबा पर यहां सनंत नगर स्थित उसके आवास पर मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने हमला किया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया था जहां उसने दम तोड़ दिया। लाहौर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) 'ऑपरेशंस सैयद अली रजा ने 'डॉन अखबार को बताया कि तांबा अब भी जीवित है, लेकिन गंभीर रूप से घायल है। हालांकि, जब मीडिया ने सोमवार को एसएसपी के बयान के बारे में लाहौर पुलिस के प्रवक्ता फरहान शाह से बात की तो उन्होंने इस मामले को 'संवेदनशील बताते हुए टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। दिलचस्प बात यह है कि एसएसपी रजा ने यह नहीं बताया कि अगर तांबा जीवित है तो उसे 'चिकित्सा उपचार के लिए कहां स्थानांतरित किया गया है। इस बीच, पाकिस्तान के आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी ने सोमवार को तांबा की हत्या में भारत का हाथ होने से इनकार नहीं किया है। मंत्री होने के साथ पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष नकवी ने सोमवार को यहां पत्रकारों से कहा, अतीत में यहां कुछ हत्या की घटनाओं में भारत सीधे तौर पर शामिल था। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और इस स्तर पर इस (तांबा) मामले में भारत की संलिप्तता के बारे में कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन उन्हें भारत की संलिप्तता का संदेह है। यहां पैटर्न के लिहाज से एक समारूपता है। पुराना लाहौर के घनी आबादी वाले इलाके सनंत नगर में रविवार दोपहर को दो बंदूकधारियों ने तांबा की उसके आवास पर गोली मारकर हत्या कर दी। तांबा के खून से लथपथ शव की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

## ईरान-इस्राइल संकट को देखते हुए फिलहाल भारत नहीं आएंगे अमेरिकी एनएसए सुलिवन



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन अगले सप्ताह अब भारत नहीं आएंगे। उन्होंने ईरान-इस्राइल संकट को देखते हुए अपनी यात्रा स्थगित कर दी है।

**बहुआयामी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध :** अमेरिका दूतावास के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि एनएसए सुलिवन आईसीईटी वार्षिक समीक्षा जल्द से जल्द आयोजित करने के लिए तत्पर हैं। इसके अलावा, वह भारत के साथ गहरी परिणामी और बहुआयामी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत रूप से प्रतिबद्ध हैं।

**भारतीय-अमेरिकी लोगों के हित में काम करना रहेगा जारी :** प्रवक्ता ने आगे कहा कि इसी तरह राष्ट्रपति बाइडन भी क्वाड नेताओं की अगली बैठक का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय-अमेरिकी लोगों के हित में काम करने के लिए भारत के साथ हमारे प्रयास जारी रहेंगे। साथ ही एक स्वतंत्र, खुले और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए काम करना जारी रखेंगे।

**पहले भी स्थगित कर चुके हैं यात्रा :** इससे पहले बताया जा रहा था जैक सुलिवन 17 अप्रैल को दिल्ली पहुंचेंगे और 18 अप्रैल को उनकी बैठक होगी। हालांकि अब उनकी यात्रा स्थगित कर दी गई है। ऐसा नहीं है कि यह पहली बार है। सुलिवन पहले इस साल फरवरी में भारत आने वाले थे, लेकिन यक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में उभरे संकट की वजह से वह दौरा स्थगित हो गया था। मई 2022 में पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच आईसीईटी समझौता हुआ था, जिसके तहत दोनों देश उभरती हुई प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग करेंगे।

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी से पूछा गया था कि अमेरिका पूर्वी एशिया में संधि सहयोगियों के साथ मजबूत होती सैन्य, रक्षा और सुरक्षा साझेदारी के संदर्भ में भारत के बारे में क्या सोच रहा है और क्या अमेरिका भारत को इस नेटवर्क के हिस्से के रूप में देखता है। इस पर अधिकारी ने कहा था, मेरा मानना है कि यदि आप राष्ट्रपति से पूछें, तो एक चीज जिस पर उन्हें सबसे अधिक गर्व है, वह है अमेरिका और भारत के बीच मजबूत संबंध बनाने के उनके प्रयास। मेरा मानना है कि हिंद-प्रशांत एवं हिंद महासागर तथा प्रौद्योगिकी जैसे अहम मुद्दों पर अमेरिका और भारत पहले से कहीं अधिक एकसाथ मिलकर काम कर रहे हैं।

## रुश्दी ने खुद पर हुए जानलेवा हमले की घटना को लेकर किया खुलासा, कहा- एक दिन पहले देखा था सपना

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** ब्रिटिश-अमेरिकी लेखक सलमान रुश्दी ने अपनी नई किताब नाइक में कई खुलासे किए हैं। यह किताब उनके जीवन पर आधारित है। इसमें उस खौफनाक दिन का भी जिक्र किया गया है, जब उनके छुरा घोंपा गया था। इस घटना में उनकी एक आंख की रोशनी चली गई थी। वहीं इलाज के बारे में भी बताया गया है। नई किताब नाइफ आज से स्टोर में उपलब्ध होगी। सलमान रुश्दी भारतीय मूल के अमेरिकी लेखक हैं, वह न्यूयॉर्क शहर में रहते हैं।

**अगस्त में हुआ हमला :** 75 वर्षीय सलमान रुश्दी पर न्यूयॉर्क में साल 2022 की अगस्त में तब हमला किया गया था, तब वो एक प्रोग्राम में हिस्सा ले रहे थे। 24 साल के हादी मातर ने एक लाइव प्रोग्राम के दौरान रुश्दी के गले पर चाकू से कई बार हमला किया था। रुश्दी को एयर लिफ्ट करके एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। मातर एक शिया कट्टरपंथी ग्रुप से ताल्लुक रखता था। रुश्दी की गर्दन और पेट पर कई घाव थे। इस घटना में रुश्दी ने अपनी दाहिनी आंख खो दी।



**कई देशों में बैन है द सैटेनिक वर्सेज :** आपको बता दें कि सलमान रुश्दी ने 1988 में द सैटेनिक वर्सेज नाम की एक किताब लिखी थी, जिसे मुस्लिम ईशनिंदा के रूप में देखते हैं। भारत सहित दुनिया के कई देशों में यह उपन्यास बैन है। इस किताब को लेकर ईरान के तत्कालीन सर्वोच्च नेता अयातुल्ला रुहोल्लाह खुमैनी ने रुश्दी के खिलाफ एक फतवा जारी किया था। न सिर्फ सलमान रुश्दी बल्कि उनकी किताब 'द सैटेनिक वर्सेस के अनुवादकों पर भी हमले होते रहे हैं। द सैटेनिक वर्सेस उपन्यास जापानी ट्रांसलेटर हितोशी इगाराशी की हत्या कर दी गई। जबकि इटैलियन ट्रांसलेटर और नॉर्वे के पब्लिशर पर भी हमले हुए। रुश्दी ने अपनी किताब में घटना के बारे में कहा, आखिर मैंने लड़ाई क्यों नहीं की मैं भागा क्यों नहीं मैं बस पिनाटा की तरह वहां खड़ा रहा और उसे मुझे मारने दिया। यह बिल्कुल भी नाटकीय या डरावना नहीं लगा। सच्चाई यह है कि सिर्फ संभावित लगा।

**हत्यारे ने की थी दोषी नहीं होने की अपील :** तेहरान ने रुश्दी पर हमला करने वाले शख्स के साथ किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया था। उसका कहना था कि इस घटना के लिए सिर्फ रुश्दी दोषी हैं। उस समय 24 साल के संदिग्ध हमलावर ने हत्या की कोशिश के लिए खुद के दोषी नहीं होने की अपील की थी। न्यूयॉर्क पोस्ट के साथ एक इंटरव्यू में कथित हमलावर, जिसके माता-पिता लेबनान से संयुक्त राज्य अमेरिका आए थे, ने कहा था कि उसने द सैटेनिक वर्सेज के सिर्फ दो पेज पढ़े हैं, लेकिन उसका मानना है कि रुश्दी ने इस्लाम पर हमला किया था।

**रुश्दी तक हत्यारा कैसे पहुंचा इसे जानने के लिए उत्सुक :** अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की वकालत करने वाले ग्रुप पेन अमेरिका की मुख्य कार्यकारी सुजैन नोसेल ने कहा कि उस भयानक दिन के बाद से... हम इस कहानी का इंतजार कर रहे हैं कि आखिरकार सलमान रुश्दी तक हत्यारा कैसे पहुंचा। उन्होंने कहा कि रुश्दी ने अब तक इस कहानी को अपने तक रखा, जिससे हमें उनके साहस पर आश्चर्य होता है। किताब के बाजार में उपलब्ध होने से पहले एक इंटरव्यू में रुश्दी ने बताया कि उन्होंने हमले से दो दिन पहले एक एम्फीथिएटर में चाकू मारे जाने का सपना देखा था और इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होने के बारे में भी सोचा था। फिर उनको लगा पागलपन करने की जरूरत नहीं है, यह सिर्फ एक सपना है। सलमान रुश्दी ने किताब में यह भी लिखा कि उन्हें इस कार्यक्रम के लिए अच्छे खासे रुपये मिलने वाले थे। इससे वह अपने घर की मरम्मत करवाना चाहते थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सिर्फ आंबेडकर की वजह से जज बन पाया : जस्टिस बीआर गवई



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस गवई जल्द ही इतिहास रचने जा रहे हैं। साल 2025 में वह भारत के मुख्य न्यायाधीश यानी सीजेआई बनेंगे। अब खास बात है कि दलित समुदाय से आने वाले वह दूसरे व्यक्ति होंगे, जो इस पद पर बैठेंगे। वह अपने जज बनने का श्रेय भारत रत्न डॉक्टर भीम राव आंबेडकर को देते हैं। उनका कहना है कि आंबेडकर की वजह से ही वह यहां तक पहुंच सके हैं। सोमवार को आंबेडकर मेमोरियल लेक्चर के दौरान जस्टिस गवई ने कहा, भारतीय संविधान का श्रेय डॉक्टर बीआर आंबेडकर को जाता है। सिर्फ डॉक्टर बीआर आंबेडकर की वजह से मेरे जैसा व्यक्ति इस पद तक पहुंच सका, जिसने अर्ध झुग्गी बस्ती के क्षेत्र में म्यूनिसिपल स्कूल में पढ़ाई है। कार्यक्रम में उनके साथ जस्टिस एएस ओक भी मौजूद थे। जस्टिस ओक ने खासतौर से आर्टिकल 32 का जिक्र किया। उन्होंने कहा, कुछ लोग कहेंगे कि सुप्रीम कोर्ट को अनुच्छेद 32 की सभी याचिकाओं को हाईकोर्ट भेजे बगैर सुनना चाहिए, लेकिन हम एक आदर्श दुनिया में नहीं रहते हैं और अगर मामले लंबित नहीं होते तो तस्वीर कुछ और होती। सुप्रीम कोर्ट में 80 हजार मामले पेंडिंग हैं। उन्होंने कहा, हम सिर्फ संवैधानिक अदालत नहीं, बल्कि अपील कोर्ट भी हैं। जब हमारे पास काम बढ़ रहा है, तो हमें प्राथमिकताएं तय करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ऐसे कैदी हैं, जिन्हें स्थाई छूट से इनकार कर दिया गया है। ऐसे आरोपियों की तरफ से अपीलें हैं, जिन्हें लंबे समय से अंदर रखा गया है। लेकिन कारोबारी भी हैं, जो वकीलों की बड़ी टीम लेकर आते हैं और कोर्ट का समय लेते हैं और तर्क देते हैं कि 19(1)(इ) का उल्लंघन हुआ है। तब हम आम अपराधी और कारोबारी में समानता कैसे ला पाएंगे। अनुच्छेद 32 के तहत अगर संविधान में दिए गए अधिकारी से किसी को वंचित रखा जाता है, तो वह नागरिक सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सकता है।

### 22 अप्रैल को दिए जाएंगे पद्म पुरस्कार, क्या यह चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पद्म पुरस्कारों के वितरण को लेकर राष्ट्रपति भवन में 22 अप्रैल को समारोह आयोजित होने वाला है। रिपोर्ट के मुताबिक, आदर्श आचार संहिता लागू होने की वजह से देश के चुनाव आयोग को इसकी सूचना दे दी गई है। मालूम हो कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होना है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दूसरे कैबिनेट सदस्य दिन भर चलने वाले इस कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। इन पुरस्कारों की घोषणा इस साल की गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की गई थी। अधिकारियों ने बताया कि पुरस्कार विजेताओं को अगले सप्ताह आयोजित होने वाले समारोह के बारे में सूचना दी जा रही है। आदर्श आचार संहिता को लेकर अधिकारियों ने कहा कि पुरस्कार पहले ही घोषित हो चुके हैं, इसलिए किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं होता है। बीते दिनों, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूर्व प्रधानमंत्रियों पीवी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, भाजपा के सीनियर नेता लालकृष्ण आडवाणी, कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किया। यह देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। ये पुरस्कार 16 मार्च 2024 को लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद दिए गए। 2023 में राष्ट्रपति ने दो समारोहों में पद्म पुरस्कार दिए थे। पहला कार्यक्रम 23 मार्च को और दूसरा 5 अप्रैल को आयोजित किया गया था। हालांकि, इस बार आम चुनावों के कारण कार्यक्रम में देरी हुई। इस साल पद्म पुरस्कार विजेताओं में कुल 132 जानी-मानी हस्तियां शामिल हैं।



### कश्मीर में मस्जिद बनाने के लिए बुजुर्ग गरीब ने दान किया अंडा, 2 लाख से अधिक में हुआ नीलाम

**कश्मीर, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर के एक गांव में मस्जिद निर्माण के लिए बुजुर्ग गरीब का दान किया एक अंडा दो लाख से अधिक कीमत में नीलाम हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गांव में मस्जिद बनाने के लिए कई लोग सामने आए हैं। इनमें एक गरीब शख्स का दान किया अंडा भी था। यह घटना अब पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। रिपोर्टों में कहा गया है कि सोपोर के सेब शहर में ग्रामीणों द्वारा मालपोरा गांव में मस्जिद के लिए दान जुटाना शुरू करने के बाद एक गरीब बुजुर्ग ने मस्जिद के लिए एक अंडा दान किया। मस्जिद समिति ने अंडे को स्वीकार कर लिया और अन्य दान की तरह, इसे भी नीलामी के लिए रख दिया। शख्स द्वारा मस्जिद के लिए दान किया अंडा आकर्षण का केंद्र बन गया था। मस्जिद समिति के सदस्यों ने बताया कि अंडे की कई बार नीलामी की गई। प्रत्येक नीलामी के बाद खरीददान धन जुटाने के लिए इस अंडे को दूसरी नीलामी के लिए वापस मस्जिद समिति को दे दिया कर देते थे। स्थानीय लोगों के मुताबिक, अंडे के आखिरी खरीददार ने 70,000रुपये में इसे खरीदा। इस तरह बार-बार अंडे की नीलामी से जुटाई गई कुल राशि लगभग 2.2 लाख हो गई है। मस्जिद समिति के एक सदस्य ने कहा, हमने इस अंडे की नीलामी पूरी कर ली है और इससे 2.26 लाख रुपये जुटाए गए हैं।

# पूर्व गवर्नर का दावा- चिदंबरम और प्रणब के वित्तमंत्री रहते आरबीआई पर था अच्छी तस्वीर पेश करने का दबाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने अपने संस्मरण में कहा है कि प्रणब मुखर्जी और पी चिदंबरम के वित्त मंत्री रहते समय वित्त मंत्रालय आरबीआई पर ब्याज दरें नरम करने और आर्थिक वृद्धि की खुशनुमा तस्वीर पेश करने के लिए दबाव रहता था। सुब्बाराव ने हाल में प्रकाशित अपनी किताब जस्ट ए मर्सिनरी?: नोट्स फ्रॉम माई लाइफ एंड करियर में यह भी लिखा है कि केंद्रीय बैंक की स्वायत्तता के महत्व पर सरकार में थोड़ी समझ और संवेदनशीलता ही है।

उन्होंने किताब में कहा, सरकार और आरबीआई दोनों में रहने के बाद मैं तनिक अधिकार से कह सकता हूं कि केंद्रीय बैंक की स्वायत्तता के महत्व पर सरकार के भीतर थोड़ी समझ और संवेदनशीलता ही है। सितंबर, 2008 में लेहमैन ब्रदर्स संकट शुरू होने के पहले आरबीआई के गवर्नर का पदभार संभालने से पहले सुब्बाराव वित्त सचिव थे। लेहमैन ब्रदर्स के दिवालिया हो जाने से दुनियाभर में गहरा वित्तीय संकट पैदा हो गया था। सुब्बाराव ने सरकार का जय-जयकार करने वाला रिजर्व बैंक? शीर्षक अध्याय में कहा है कि सरकार का दबाव नीतिगत ब्याज दर पर रिजर्व बैंक के रुख तक ही सीमित नहीं था। उस समय सरकार ने



आरबीआई पर वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन से इतर वृद्धि और मुद्रास्फीति के बारे में बेहतर अनुमान पेश करने के लिए दबाव डाला था। उन्होंने कहा, मुझे प्रणब मुखर्जी के वित्त मंत्री रहते समय का ऐसा वाकया याद है। वित्त सचिव अरविंद मायाराम और मुख्य आर्थिक सलाहकार कौशिक बसु ने हमारे अनुमानों को अपनी धारणाओं और अनुमानों से चुनौती दी थी। सुब्बाराव को यह बात नागवार गुजरी थी कि चर्चा वस्तुनिष्ठ तर्कों से हटकर व्यक्तिपरक धारणाओं की ओर बढ़ गई। इसके अलावा रिजर्व बैंक को सरकार के साथ जिम्मेदारी साझा करने के लिए उच्च वृद्धि दर और कम मुद्रास्फीति दर का अनुमान पेश करने का सुझाव दिया गया। उन्होंने उस प्रकरण का जिक्र करते हुए कहा, मायाराम ने एक बैठक में यहां तक कह दिया था कि जहां दुनिया में हर जगह सरकारें और केंद्रीय बैंक सहयोग कर रहे हैं, वहीं भारत में रिजर्व बैंक बहुत अड़ियल रुख अपना रहा है। सुब्बाराव ने कहा कि वह इस मांग से हमेशा असहज और नाखुश थे कि आरबीआई को सरकार के लिए चीयरलीडर बनना चाहिए। उन्होंने लिखा, मुझे इस बात से भी निराशा हुई कि वित्त मंत्रालय इन दोनों मांगों के बीच स्पष्ट असंगति पर ध्यान दिए बगैर ब्याज दर पर नरम रुख के लिए बहस करते हुए वृद्धि के लिए उच्च अनुमान की मांग करेगा। आरबीआई के पूर्व गवर्नर के मुताबिक, उनकी स्पष्ट राय थी कि रिजर्व बैंक सिर्फ जनता की भावनाओं के लिए अपने सर्वोत्तम पेशेवर निर्णय से पीछे नहीं हट सकता। उन्होंने कहा, हमारे अनुमान हमारे नीतिगत रुख के अनुरूप होने चाहिए। वृद्धि एवं मुद्रास्फीति के अनुमानों के साथ छेड़छाड़ से रिजर्व बैंक की विश्वसनीयता कम हो जाएगी। इसके साथ ही सुब्बाराव ने कहा कि सरकार और केंद्रीय बैंक के बीच ये तनाव केवल भारत या अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं में ही नहीं बल्कि समृद्ध देशों में भी सामने आते हैं। उन्होंने आरबीआई के नीतिगत रुख को लेकर चिदंबरम और मुखर्जी दोनों से अनबन होने की बात मानी है। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने हमेशा नरम दरों के लिए आरबीआई पर दबाव डाला लेकिन उनकी शैली अलग थी। सुब्बाराव ने लिखा, चिदंबरम ने आमतौर पर वकील की तरह अपने मामले की पैरवी की जबकि मुखर्जी एक बेहतरीन राजनेता थे। मुखर्जी ने अपने विचार रखे और इसपर चर्चा का काम अपने अधिकारियों पर छोड़ दिया। इसका नतीजा असहज संबंध के रूप में निकला। उन्होंने उस समय का भी जिक्र किया है जब मुखर्जी की जगह अक्टूबर, 2012 में चिदंबरम दोबारा वित्त मंत्री बने थे। सुब्बाराव ने लिखा, चिदंबरम नरम मौद्रिक व्यवस्था चाहते थे और उन्होंने आरबीआई पर ब्याज दर कम करने के लिए भारी दबाव डाला। लेकिन मैं अपने वस्तुनिष्ठ विचारों के चलते उनकी बात नहीं रख पाया। इससे नाखुश चिदंबरम ने सार्वजनिक रूप से रिजर्व बैंक के रुख पर अपनी कड़ी असहमति जता दी थी। सुब्बाराव ने कहा, चिदंबरम ने मीडिया से बातचीत में कहा था कि वृद्धि भी मुद्रास्फीति जितनी ही चिंता का विषय है। अगर सरकार को वृद्धि की चुनौती का अकेले ही सामना करना है तो हम अकेले ही करेंगे। पूर्व आरबीआई गवर्नर ने इस संस्मरण के जरिये अपने सफर, उम्मीदें एवं निराशा, अपनी कामयाबी एवं नाकामियों और इस दौरान सीखे गए सबक को खुलकर और ईमानदारी के साथ दर्ज किया है।

## टेक्निप एनर्जीज़ ने स्कॉलरशिप प्रोग्राम 2023-24 के विजेताओं की घोषणा की

नई दिल्ली, 15 अप्रैल 2024ः एनर्जी ट्रांजिशन में अग्रणी इंजिनीयरिंग और प्रौद्योगिकी कंपनी, टेक्निप एनर्जीज़ ने टेक्निप एनर्जीज़ इंडिया स्कॉलरशिप प्रोग्राम 2023-24 के विजेताओं की घोषणा की है। गरीब परिवारों की छात्राओं को स्टेम यानी विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजिनीयरिंग और गणित में पढाई करने में मदद करने के लिए इस स्कॉलरशिप प्रोग्राम को डिज़ाइन किया गया है।

इस स्कॉलरशिप के लिए 100 असाधारण बुद्धिमानी छात्राओं को चुनकर, उनमें से हर एक को 30,000 रुपयों की एक ही बार में दी जाने वाली स्कॉलरशिप ग्रांट दी जाती है। इन पैसों का उपयोग छात्राएं अपनी शिक्षा से जुड़े कामों के लिए, ट्यूशन फी, होस्टल फी, खाना, यात्रा, किताबें, स्टेशनरी आदि के लिए कर सकती हैं।

देवेन्द्र कुमार, सीनियर वाईस प्रेसिडेंट, डेप्युटी, वन टी.ईएन डिलीवरी और मैनेजिंग डायरेक्टर इंडिया ने कहा, ÷टेक्निप एनर्जीज़ में हमारा मानना है कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजिनीयरिंग और गणित इन क्षेत्रों में नवाचार और उन्नति के लिए उनमें महिलाओं की सहभागिता बहुत ज़रूरी है। इन क्षेत्रों में पढाई और करीयर करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने से वह स्वयं सक्षम बनेंगी, इतनाही नहीं, इन क्षेत्रों को भी कई अलग-अलग दृष्टिकोण और प्रतिभाओं के लाभ प्राप्त होंगे, अधिक उज्वल भविष्य के लिए नवाचार और पेचीदा चुनौतियों के निवारण को प्रेरणा मिलेगी।

स्कॉलरशिप प्रोग्राम का दूसरा साल है। इस साल भारत भर से, खास कर बिहार, असम, राजस्थान, तमिलनाडु, गुजरात, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरयाणा और महाराष्ट्र से 3000 से ज़्यादा छात्राओं ने स्कॉलरशिप के लिए आवेदन भरे थे। स्कॉलरशिप चुनाव प्रक्रिया के ज़रिए गरीब परिवारों की प्रतिभाशाली छात्राओं को चुना गया।

उन्नति करने के लिए लोगों को सक्षम बनाने की टेक्निप एनर्जीज़ की ईएसजी रणनीति के एक हिस्से के रूप में टेक्निप एनर्जीज़ इंडिया स्कॉलरशिप प्रोग्राम ने अब तक 250 प्रतिभाशाली महिला इंजिनीयरों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजिनीयरिंग और गणित में करीयर करने और अधिक समावेशी भविष्य को बढ़ावा देने के लिए सशक्त बनाया है।

## रियलमी ने पी1 प्रो 5जी और रियलमी पी1 5जी लॉन्च किए हैं

**नई दिल्ली, 16 अप्रैल, 2024** – स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने अपनी लेटेस्ट रियलमी पी सीरीज़ में 5जी स्मार्टफोन - रियलमी पी1 प्रो 5जी और रियलमी पी1 5जी लॉन्च किए हैं। ये दोनों डिवाइस अपनी शानदार परफ़ॉर्मेंस और असाधारण यूज़र अनुभव के साथ मिड-रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट में हलचल मचा देंगी। ये भारतीय ग्राहकों को फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होंगी। नई पी सीरीज़ के साथ रियलमी अपना रियलमी पैड 2, वाई-फाई वैरिएंट और रियलमी टी110 बड्स भी लॉन्च करेगा। लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, ÷हमें रियलमी पी सीरीज़ 5जी पेश करने की खुशी है। यह स्मार्टफोन उद्योग में परफ़ॉर्मेंस के नए मानक स्थापित कर देगा। रियलमी पी सीरीज़ 5जी के साथ हमने अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और आधुनिक फीचर्स पेश किए हैं, जो मिड-रेंज सेगमेंट की परिभाषा बदल देंगे। साथ ही हमने नई पी सीरीज़ के साथ रियलमी पैड 2, वाई-फाई वैरिएंट और रियलमी टी110 बड्स भी लॉन्च किए हैं। हमारा मानना है कि ये स्मार्टफोन और एआईओटी उत्पाद इनोवेटिव और ट्रेंडसेटिंग स्मार्टफोन पेश करने वाले ब्रांड के रूप में हमारी प्रतिष्ठा को बढ़ाएंगे।

# नेपाल की बेटियों को बहू तो बनाया लेकिन वोटर नहीं, लोकसभा चुनाव 2024 में अब कैसे करेंगी मतदान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान को लेकर देशभर में युवाओं से लेकर महिलाओं-पुरुषों, और बुजुर्गों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। देशभर में बीजेपी, कांग्रेस समेत कई राजनीतिक पार्टियां वोटरों को लुभाने की पूरी कोशिश करने में जुटी हुई हैं। लेकिन, चुनाव के इस महापर्व में एक वर्ग ऐसा भी है जो अपने वोटिंग से वंचित हो जाएगा। जी हां, ऐसा इसलिए संभव होगा क्योंकि वह वोटर नहीं है। नेपाल से शादी कर आई बहुत सी बेटियों को भारत ने बहू के रूप में तो स्वीकार कर लिया, लेकिन अभी मतदाता नहीं बनाया। एक अनुमान के मुताबिक,उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में ही धारचूला से लेकर झूलाघाट तक नेपाल मूल की ऐसी भारतीय बहुओं की संख्या 300 से अधिक है। नागरिकता के लिए आधार कार्ड की अनिवार्यता के कारण ये महिलाएं वोटर नहीं बन पा रही हैं, इसलिए मतदान से महरूम



हैं। जबकि पहले राशन कार्ड में ही नाम जुड़वाकर नेपाल से आई बहू भारतीय परिवार का हिस्सा बन जाती थीं। भारत और नेपाल के बीच रोटी-बेटी के संबंध सदियों से रहे हैं। दोनों देशों के बीच प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में लोग विवाह बंधन में बंधते हैं। नेपाल की बेटियां सामाजिक तौर पर तो भारतीय बन जाती हैं, लेकिन सरकारी दस्तावेजों में इनके नाम जुड़वाने के लिए गम्भीरता नहीं दिखाई जा रही। इसके पीछे जानकारी का अभाव भी बड़ी वजह है। दरअसल महिलाओं और उनके परिजनों को जानकारी ही नहीं है कि नागरिकता के लिए कहां, कैसे आवेदन करना है। प्रशासन भी ऐसे लोगों के लिए कोई प्रयास नहीं करता। यही वजह है कि इनके पास विवाह के दो से आठ वर्ष बाद भी भारतीय नागरिकता नहीं है। इस कारण इनका नाम अब तक मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जा सका है। पहले राशन कार्ड के सहारे बन जाते थे मतदाता नेपाल मूल की महिलाएं पूर्व तक पति के राशन कार्ड के सहारे भारतीय नागरिक बन जाती थीं। दरअसल वर्ष 2014 से पूर्व राशनकार्ड ऑफलाइन हुआ करते थे। तब विवाह के बाद राशन कार्ड में महिला का नाम जोड़ दिया जाता था। इस तरह राशन कार्ड से परिवार रजिस्ट्रर और फिर मतदाता सूची में भी नाम जुड़ जाता था। लेकिन अब बगैर आधार कार्ड के राशन कार्ड में नाम नहीं जोड़ा जा सकता है। अब भारतीय नागरिकता लेने के लिए स्थानीय स्तर पर आवेदन करना होता है। फिर फाइल गृह मंत्रालय को भेजी जाती है। उसके बाद जरूरी प्रकिया पूरी होने पर नागरिकता देने का प्राविधान है। नेपाल मूल के लोगों को बगैर भारतीय नागरिकता के मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जा सकता है। भारतीय नागरिक होने की दशा में ही ऐसे लोगों को मतदाता सूची में शामिल करना संभव होगा।

# लोकसभा चुनाव से पहले मायावती को बड़ा झटका, राजस्थान में बचे दो विधायकों ने भी छोड़ दी पार्टी

**जयपुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले बसपा सुप्रीमो मायावती को बड़ा झटका लगा है। राजस्थान के दो बसपा विधायकों ने पार्टी छोड़ दी है। दोनों विधायक शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल हो गए हैं। बसपा के सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली और धौलपुर के बाड़ी से विधायक जसवंत गुर्जर ने हाथी का साथ छोड़ दिया है। दरअसल, राजस्थान में मायावती की पार्टी के केवल दो विधायक ही बचे थे। अब यह दोनों शिवसेना (शिंदे गुट) में चले गए हैं। एकनाथ शिंदे ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। बसपा से शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल हुए विधायकों का स्वागत करते हुए एकनाथ शिंदे ने मराठी में एक्स पर लिखा, राजस्थान वीर महाराणा प्रताप की भूमि है तो महाराष्ट्र छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमि है। दोनों राज्यों का एक दूसरे के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध है। इस धरती से दो शिलेदारों (योद्धा) के शिवसेना में शामिल होने से राजस्थान में शिवसेना और मजबूत हो गई है। दरअसल, इससे पहले बसपा के छह विधायक कांग्रेस में शामिल हो गए थे। तब अशोक गहलोत की सरकार थी। एक साथ छह विधायकों के पार्टी छोड़ने से राज्य में बसपा की स्थिति काफी कमजोर हो



गई थी। कल (17 अप्रैल) को अलवर में मायावती की सभा होने वाली है। ऐसे में उन्हें एक और झटका लगा है। दो विधायक पार्टी छोड़ शिवसेना (शिंदे कैंप) में शामिल हो गए हैं। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह बाबा ने इसकी निंदा की है। उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। बता दें कि जसवंत सिंह गुर्जर ने बाड़ी विधानसभा सीट पर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को भारी मतों से हराया है। उन्होंने भाजपा के गिर्राज सिंह मलिंगा को 27424 मतों से हराया। गिर्राज सिंह मलिंगा कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए थे। बसपा प्रत्याशी जसवंत सिंह गुर्जर को 106060 वोट मिले। वहीं सादुलपुर सीट पर मनोज न्यांगली ने 2574 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की।

### कांग्रेस की जीत से मंत्री पद नहीं जाएगा, सचिन पायलट का किरोड़ी लाल मीणा को जवाब

**बांदीकुई, एजेंसी।** राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने किरोड़ी लाल मीणा पर निशाना साधा है। बांदीकुई में मीडिया से बात करते हुए पायलट ने किरोड़ी लाल का नाम लिए बिना कहा- भाजपा के कुछ नेता गांव गांव कसम दिलवा रहे हैं। मैं आपसे फिर कहता हूं मुरारी लाल के सांसद बनने से और कांग्रेस की जीत से किसी का मंत्री पद जाने वाला नही है। कुछ लोग मंत्री पद छोड़ने के बात कर रहे है। मैं उन से कहता हूं की बड़ी मुश्किल से यह पद मिला है। इसे छोड़ना मत। इस लिए आपको कांग्रेस के पक्ष में मतदान करके मुरारी लाल जी को जिताकर भेजे हमारे हाथ मजबूत करें। चिन पायलट जी ने अपने संबोधन में कहा कि मैं कांग्रेस का नेता होने के कारण बांदीकुई में भाषण नही दे रहा। यहां मेरा हक आपके ऊपर और आपका हक मेरे ऊपर है। इसलिए हक से इसी रिश्ते से मै आपके बीच मुरारी लाल मीणा जी के लिए वोट मागने आया हूं। यह चुनाव देश का चुनाव है आप सब जानते है की 10 साल से 25 की 25 सीट भाजपा के पास है।

## भीमराव आंबेडकर के पोते की भविष्यवाणी- पीएम नरेंद्र मोदी को हराने का इंडिया अलायंस में दम नहीं

**मुंबई, एजेंसी।** संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के पोते और वंचित बहुजन अघाड़ी के चीफ प्रकाश आंबेडकर ने कहा है कि अगर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा-आरएसएस फिर से सत्ता में आए तो निश्चित रूप से संविधान को बदल देंगे क्योंकि लोकतंत्र से उनलोगों को वैचारिक परेशानी है। हिंदुस्तान टाइम्स को दिए एक साक्षात्कार में प्रकाश आंबेडकर ने दृढ़ता से विपक्षी इंडिया अलायंस की क्षमता पर भी संदेह जताते हुए कहा कि लोकसभा चुनावों में इस गठबंधन में अब दम नहीं कि वो भाजपा और मोदी को हरा सके।

वंचित बहुजन अघाड़ी के नेता ने कहा कि मजबूत विपक्ष की गैर मौजूदगी में अब आम जनता ही विपक्ष है और लोगों ने अब मोदी को हराने का फैसला कर लिया है। आंबेडकर ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव अब मोदी बनाम जनता की लड़ाई बन चुकी है।

प्रकाश आंबेडकर महाराष्ट्र की अकोला संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। अपने निर्वाचन क्षेत्र में अपने चुनाव प्रचार के बीच में आंबेडकर ने कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनावों में 400 सीटें जीतने के लक्ष्य के पीछे भाजपा का एकमात्र मकसद संविधान में बदलाव करना है। उन्होंने कहा कि बीजेपी और पीएम मोदी द्वारा तय किए गए 400 प्लस लक्ष्य के पीछे का मकसद भारत के संविधान को बदलना ही है। आंबेडकर ने कहा, सबसे पहले, हमें यह समझने की जरूरत है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ-साथ भाजपा और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को भी लोकतंत्र के साथ वैचारिक समस्याएं




हैं। लोकतंत्र उन लोगों की मानसिकता और कार्यशैली के अनुकूल नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि संघ और संघ से जुड़े लोग जातीय वर्चस्व में भरोसा करते हैं जबकि भारत का संविधान उनकी विचारधारा को लागू करने में बाधक है। आंबेडकर ने कहा, चूंकि आरएसएस और बीजेपी 2029 में जीत को लेकर आश्वस्त नहीं हैं, इसलिए 2024 में सत्ता में आने पर वे भारत के संविधान को बदल देंगे और चीन की तरह एकल पार्टी शासन की संस्कृति लाएंगे ताकि 2029 में उनकी हार का कोई खतरा न रह सके। जब उनसे पूछा गया कि आपने इंडिया अलायंस क्यों नहीं ज्वाइन किया और आप बीजेपी की बी टीम के रूप में काम कर रहे हैं तो उन्होंने उन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि ये सभी आरोप बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा, मैं इंडिया अलायंस वाले एमवीए गठबंधन से दोस्ती को तैयार था लेकिन एमवीए ने मुझे केवल दो सीटों की पेशकश की थी। मैं इसे कैसे स्वीकार कर सकता था।

# आईएनडीआईए अलायंस को टेंशन दे रही मायावती की मुस्लिम 11 टीम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव अब धीरे-धीरे जोर पकड़ रहा है और इसके साथ ही ज्यादातर पार्टियों ने अपने उम्मीदवार भी लगभग घोषित कर दिए हैं। उत्तर प्रदेश की बात करें तो भले ही सीधा मुकाबला भाजपा और आईएनडीआईए अलायंस में शामिल सपा और कांग्रेस के बीच है। लेकिन पश्चिम उत्तर प्रदेश समेत राज्य की तमाम सीटों पर बसपा भी एक फैक्टर बन रही है और इसका नुकसान सीधे तौर पर विपक्षी अलायंस को हो सकता है। अब तक बसपा ने 4 सूचियां जारी की हैं, जिनमें 46 कैंडिडेट्स घोषित कर दिए हैं। इनका विश्लेषण करें तो कुछ सीटों पर भाजपा की चिंता बढ़ती है, जैसे मुजफ्फरनगर में दारा सिंह प्रजापति मजबूती से चुनाव लड़ रहे हैं और संजीव बालियान का खेल बिगाड़ सकते हैं। यहां सपा ने हरेंद्र मलिक को उतारा है, जो मजबूती से जाट वोटों पर दावेदारी कर रहे हैं। इसके अलावा ठाकुरों की नाराजगी के चलते सरधना में चीजें उतना पक्ष में नहीं दिखतीं। इन सबके बीच दारा सिंह प्रजापति ओबीसी समाज के एक बड़े हिस्से को काट पाएं तो संजीव बालियान की स्थिति कमजोर हो सकती है। इसके अलावा बसपा ने जौनपुर में धनंजय सिंह की पत्नी को टिकट दिया है और सारे समीकरण बिगाड़ दिए हैं। इसका नुकसान भाजपा को हो सकता है। हालांकि इसके अलावा सहारनपुर, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, अमरोहा, आंवला, पीलीभीत





समेत कन्नौज और लखनऊ तक की सीटों पर बसपा का असर आईएनडीआईए अलायंस पर ही विपरीत पड़ रहा है। ऐसी 11 सीटों पर बसपा ने मुस्लिम उम्मीदवार उतारे हैं। यह इसलिए अहम है क्योंकि इन सीटों पर मुस्लिम आबादी काफी है और यदि बसपा कैंडिडेट कुछ वोट भी अपने समाज का ले गए तो चीजें बदल सकती हैं। बसपा की ओर से 11 कैंडिडेट उतारना इसलिए अहम है क्योंकि सपा ने उसके मुकाबले कम ही मुस्लिमों को मौका दिया है। यहां तक कि मुरादाबाद जैसी सीट से एसटी हसन का टिकट काटकर रुचिवीरा को मौका मिला है। मुसलमानों के अलावा बसपा ने बड़ी संख्या में ब्राह्मण भी उतारे हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि किस पार्टी को इससे नुकसान होता है और कौन बाजी मार ले जाएगा। जैसे बांदा की सीट से बसपा ने मयंक द्विवेदी को मौका दिया है। मुस्लिम वोटर किसके संग? सपा, बसपा, कांग्रेस के साथ भाजपा की भी नजर इसके अलावा अकबरपुर से राकेश द्विवेदी, मिर्जापुर से मनीष त्रिपाठी, उन्नाव से अशोक पांडे, फैजाबाद से सच्चिदानंद पांडे और बस्ती से दयाशंकर मिश्रा को टिकट मिला है। ये सभी सीटें ब्राह्मण बहुल हैं और यदि समुदाय का वोट मिला तो भाजपा को ही नुकसान पहुंचेगा। टिकट बंटवारे के अलावा बसपा जिस तरह भाजपा पर सीधे हमला बोल रही है, मायावती के भतीजे आकाश आनंद ने पिछले दिनों कहा था कि बसपा नई बाबरी मस्जिद के निर्माण के समर्थन में है। इस तरह के बयान और मुस्लिम उम्मीदवारों को उतारकर बसपा पोलराइजेशन करने की स्थिति में है और इसका सीधा फायदा भाजपा को ही मिलेगा। इसके अलावा मुरादाबाद, पीलीभीत, नगीना और बिजनौर जैसी सीटों पर खुद मायावती की रैलियां होनी हैं। इससे भी असर दिखेगा।

सात्विक प्रो0 प्रा0 लि0 कोलकता, पं0 बंगाल के लिए प्रकाशक और मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा स्वप्नोनीर अपार्टमेंट, राजरहाट, कोलकता तथा दलादिली सिमलिया से मुद्रित। संपादक - निभा रंजन सुमन 7033777771 स्थानीय संपादक पवन कुमार सिन्हा 7091094434 सभी तरह के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय में होगा।